✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 50 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 16 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



समस्तीपुर में निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### नीतीश कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने फैसला किया है कि आने वाले 5 सालों (2025 से 2030 तक) में एक करोड़ नई नौकरियां और रोजगार के मौके बनाए जाएंगे। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई जाएगी जिसकी अध्यक्षता विकास आयुक्त करेंगे। यह समिति देखेगी कि रोजगार बढ़ाने के लिए और क्या-क्या किया जा सकता है और सरकार को सलाह देगी। इससे राज्य के युवाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग बढ़ने से राज्य में निवेश के नए अवसर भी आएंगे। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट की मीटिंग में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक में 30 एजेंडों को मंजूरी दी गई जिसमें बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन में लगे बीएलओ-सुपरवाइजर को सालाना मानदेय के अलावे 6000 रुपए देने के फैसले को मंजूरी मिली है।



### बीएलओ को छह हजार अतिरिक्त मिलेंगे

कैबिनेट मीटिंग में भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन में लगे बिहार के 77,895 बीएलओ और 8,245 बीएलओ सुपरवाइजर को उनके सालाना मानदेय के अलावा 6,000 रुपए देने का फैसला लिया है। इसके लिए सरकार ने 51 करोड़ 68 लाख 40 हजार खर्च करने की मंजूरी दी है।

### दिल्ली मेट्रो करेगी पटना मेट्रो का संचालन

सरकार ने पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के प्रियोरिटी कॉरिडोर (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) के रख-रखाव का जिम्मा दिल्ली मेट्रो को सौंपा है। इसके लिए करीब 179.37 करोड़ रुपए खर्च होंगे। साथ ही मेट्रो चलाने के लिए 3-कार वाली एक ट्रेन को 3 साल के लिए किराए पर लिया जाएगा, इस पर लगभग 21.15 करोड़ खर्च होंगे। इन दोनों कामों की जिम्मेदारी दिल्ली मेट्रो को ही दी गई है। इसके अलावा कैबिनेट ने पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के रख-रखाव के लिए करीब 179.37 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति दी है। साथ ही मेट्रो चलाने के लिए 3-कार वाली एक ट्रेन को 3 साल के लिए किराए पर लिया जाएगा, इस पर लगभग 21.15 करोड़ खर्च होंगे। इन दोनों कामों की जिम्मेदारी दिल्ली मेट्रो को ही दी गई है। कैबिनेट ने बिहार ईख सेवा नियमावली 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की, जिसका उद्देश्य राज्य में गन्ना उद्योग को सुव्यवस्थित करना है। वहीं पूर्णिया जिले के रानीपतरा-पूर्णिया रेलवे स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग के बदले आरओबी के निर्माण के लिए 4485.56 लाख रुपए के अनुमानित लागत को प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने सरकारी सेवा में लापरवाही बरतने पर चार डॉक्टरों को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। वहीं बम निरोधक दस्ते के कर्मचारियों को हर महीने उनकी बेसिक सैलरी का 30% जोखिम भत्ता (अधिकतम 25,000 रुपए प्रति माह, जिस पर महंगाई भत्ता नहीं मिलेगा) देने की मंजूरी दी गई है।

### सियोल में भारत के राजदूत से मगध विश्वविद्यालय के कुलपति की मुलाकात

# शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग पर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर एसपी शाही ने सियोल में भारत के राजदूत अमित कुमार से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ की संगोष्ठी के दौरान हुई जिसमें प्रो. शाही ने भाग लिया था। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग पर विस्तार से बातचीत हुई। कुलपति ने मगध विश्वविद्यालय की हाल की शैक्षणिक उपलब्धियों और शोध गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने अपने शोध पत्र 'बिहार में अनुसूचित जातियों का राजनीतिक सशक्तिकरण' की प्रमुख बातों को भी साझा किया। चर्चा के दौरान बिहार के शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों पक्षों ने भारत और दक्षिण कोरिया के ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। विशेष रूप से बौद्ध धर्म के जरिए दोनों देशों के बीच मौजूद साझा विरासत को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। कुलपति ने राजदूत को मगध विश्वविद्यालय आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर अमित कुमार ने भारतीय उच्च शिक्षा की वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने में प्रो. शाही की भूमिका की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे संवाद से भारत और दक्षिण कोरिया के बीच शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने किया सरेंडर

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने मंगलवार को एक मामले में कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 10 हजार के मुचलके पर जमानत दिया है। दरअसल, एक पुराने मामले में भोजपुरी गायिका और अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जिले के न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश की अदालत में उन्होंने जमानत याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 10 हजार रुपये के मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी है।

### ट्रक से कुचलकर पशु चिकित्सक की मौत

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर बाजार में तेज रफ्तार ट्रक ने एक मवेशी चिकित्सक को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक की पहचान सरजम गांव निवासी अशोक पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अशोक पासवान आज किसी मवेशी पालक के कॉल पर घर से निकले थे उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

### स्कूल में ठोकर लगने से छात्र की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र स्थित मारवाड़ी मध्य स्कूल में मंगलवार को 13 साल के छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा कि स्कूल में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के दौरान छठी क्लास के छात्र साहिल कुमार को ठोकर लगी थी। ठोकर लगने से वह गिरकर बेहोश हो गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत उसे पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहां के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन इलाज के दौरान साहिल की मौत हो गई।

### बैंक मैनेजर का शव बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के कंकड़बाग इलाके से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। आईसीआईसीआई लोंबार्ड के मैनेजर अभिषेक वरुण का शव दो दिनों की तलाशी के बाद मंगलवार को एक सूखे कुएं से उनकी स्कूटी सहित बरामद किया गया है। यह कुंआ बेऊर थाना क्षेत्र के बीयौरा गांव में स्थित है। अभिषेक वरुण पटना के मलाही पकड़ी निवासी थे और पिछले रविवार की रात से लापता थे। इसकी शिकायत उनकी पत्नी ने कंकड़बाग थाने में दर्ज कराई थी।

### छात्रा की हत्या

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर स्थित वार्ड संख्या 29 में ग्यारहवीं में पढ़ रही छात्रा की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। मृतका की पहचान अलौली थाना क्षेत्र के बुधौरा गांव निवासी स्नेहा कुमारी के रूप में की गयी है।

# ग्रामीणों की दिलेरी से बैंक लूट की कोशिश नाकाम, कैश के साथ बदमाश को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के पांडेय परसावां स्थित मगध ग्रामीण बैंक में मंगलवार को दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी कोशिश पुलिस और ग्रामीणों की सतर्कता से नाकाम हो गई। तीन हथियारबंद अपराधियों ने बैंक में धावा बोलकर करीब छह लाख रुपये लूटने की कोशिश की लेकिन एक लुटेरे को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दो अन्य फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों अपराधी एक अपाचे बाइक पर सवार होकर बैंक पहुंचे और अंदर घुसते ही बैंक कर्मियों और ग्राहकों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। उन्होंने कैश काउंटर से करीब छह लाख रुपये समेट लिए थे लेकिन उसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही मगध मेडिकल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से लुटेरों का पीछा किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने साहसिक भूमिका निभाते हुए एक अपराधी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान परैया थाना क्षेत्र के बंशराज बिगहा निवासी यमित दास के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई राशि भी बरामद कर ली है। घटना के बाद बैंक परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग सहमे हुए नजर आए। घटना की जानकारी मिलते ही गया के एसएसपी आनंद कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फरार दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डूबने से तीन बच्चियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनिया प्रखंड अंतर्गत सकरौली गांव में मंगलवार की दोपहर तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पांच बच्चियां घर से बकरी चराने निकली थीं। बारिश की हल्की फुहार में भीगने के बाद वे गांव से पूर्व स्थित तालाब में नहाने चली गईं। नहाते समय तीन बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। किनारे पर नहा रही दो बच्चियों ने मदद के लिए गांव में जाकर शोर मचाया। ग्रामीणों के पहुंचने तक तीनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चियों की पहचान जीतन राम की बेटी उषा कुमारी(11), भोरिक राम की बेटी महिमा कुमारी(10) और सुरेंद्र पासी की बेटी सुनीता कुमारी(10) के रूप में हुई है। स्थानीय दिनेश कुमार और कमलेश चौहान ने बताया कि तीनों बकरी चराने के लिए निकली थी। तीन बच्ची नहाने के दौरान डूब गई जिससे उनकी मौत हो गई है। घटना के बाद मोहनिया पुलिस घटनास्थल पर आई थी। पोस्टमॉर्टम करने के लिए शव को भभुआ भेज दिया है। मोहनिया थाना प्रभारी प्रियेश प्रियदर्शी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तीनों बच्चियों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



### दो किशोर की मौत

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** रिविलगंज थाना क्षेत्र में सरयू नदी में नहाने के दौरान डूब रहे एक छोटे बच्चे को बचाने में दो किशोरों की जान चली गई। मृतकों की पहचान छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के गुजरी मोहल्ला निवासी बबलू अली (16) और मरचैया टोला निवासी रियाज अहमद (17) के रूप में हुई है।

### सीएम नीतीश ने किया श्रावण महोत्सव का शुभारंभ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर श्रावण महोत्सव का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। महोत्सव के साथ नाग पंचमी अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी, मंगल पांडेय समेत कई मंत्री और गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विजय कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि सावन सनातन धर्म, संस्कृति और प्रकृति सेजुड़ी एक गहन परंपरा का महीना है। यह विरासत के साथ विकास की भावना को भी जगाता है। वहीं, नागपंचमी तो श्रद्धा, शांति और रक्षा का पावन पर्व है। सावन माह और विशेष रूप से नाग पंचमी का अवसर समाज को भय और भ्रम सेमुक्त होकर सुख, शांति और समृद्धि की राह पर लेजानेकी कामना का पर्व है।

# सीएम नीतीश ने समस्तीपुर को दी 522 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखंड में 522.77 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सरायरंजन प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मणिका स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय से 200.67 करोड़ रुपए की लागत वाली तीन योजनाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इनमें 62.25 करोड़ रुपए की लागत से शिवाजीनगर प्रखंड में करेह नदी के शंकरपुर घाट पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य, 42.308 करोड़ की लागत से मणिका (एसएच-88) से विक्रमपुर (एनएच-322) तक बाईपास पथ का निर्माण कार्य एवं 96.11 करोड़ की लागत से रोसड़ा-शिवाजीनगर-बरियाही घाट-बहेड़ी पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत मुसापुर ग्राम पंचायत स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से बलान एवं जमुआरी नदी के गाद उड़ाही कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इसकी कुल लागत राशि 322.10 करोड़ है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आज शिलान्यास किए गए विकास योजनाओं का काम निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ठीक ढंग से पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। हमलोग प्रारम्भ से ही हर क्षेत्र में विकास का काम कराते रहे हैं। सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल से लेकर हर आवश्यक बुनियादी सुविाएं बेहतर ढंग से लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हमलोग निरंतर लगे रहते हैं। बलान और जमुआरी नदी के गाद की उड़ाही हो जाने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, जल संसाधनमंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद शांभवी चौधरी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधान पार्षद डा. तरूण कुमार, पूर्व मंत्री वैद्यनाथ सहनी, पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी, पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद आदि उपस्थित थे।

# राज्य के 8463 पैक्सों में एक साथ हुई वार्षिक आमसभा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सभी 8463 पैक्सों में मंगलवार को एक साथ वार्षिक आमसभा हुई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही वर्तमान वर्ष के लिए पैक्स की कार्ययोजना एवं अनुमानित आय-व्यय बजट का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसे सभा ने पारित किया। मौके पर सभी पैक्स सदस्यों को उनके अधिकार, कर्तव्य और पैक्सों की नियमावली से अवगत कराया गया।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# पीएम मोदी 18 जुलाई को बिहार को ट्रेनों और रेल परियोजनाओं की देंगे सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रेलवे ने बिहार में चुनाव की घोषणा से पहले ही कई नई ट्रेनों की सौगात बिहारवासियों को दी है। अब रेलवे राजधानी दिल्ली से पटना के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। रेलवे वंदे भारत जैसी रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली अमृत भारत एक्सप्रेस अब राजधानी पटना से भी शुरू करने जा रहा है। जानकारी के अनुसार, इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को ऑनलाइन करेंगे। 20 जुलाई से इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन न सिर्फ तेज रफ्तार से दौड़ेगी बल्कि इसमें आधुनिक सुविधाएं भी होंगी। यह ट्रेन करीब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। पटना से दिल्ली के बीच का लगभग 1000 किलोमीटर का सफर मात्र 10 घंटे में पूरा करेगी। इससे यात्रियों को आरामदायक सफर तो मिलेगा ही साथ ही समय की भी बचत होगी। इस ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच होंगे। एसी कोच नहीं होंगे। इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को सुविधाएं वंदे भारत ट्रेन जैसे मिलेगी। जानकारी के मुताबिक स्लीपर का किराया करीब 1065 रुपये हो सकता है। हालांकि किराया, रूट और टाइमिंग को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही रेलवे की ओर से इसकी जानकारी जारी की जाएगी। पटना से दिल्ली के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव करीब 12 प्रमुख स्टेशनों पर होगा। इसमें आरा, बक्सर, डीडीयू, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, इटावा सहित कुल 12 स्टेशन शामिल हैं। 16 जुलाई तक 22 कोच की रैक दानापुर रेल मंडल और दिल्ली को सौंप दिया जाएगा। इन कोच का रंग नारंगी और ग्रे होगा। इस ट्रेन में यात्रियों को हर सीट पर चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा साफ-सुथरे और हाईटेक शौचालय की व्यवस्था रहेगी। यात्रियों को अहम जानकारी देने के लिए कोच में डिजिटल बोर्ड होंगे और बेहतर रोशनी की व्यवस्था भी होगी। यह ट्रेन पूरी तरह से नई तकनीक से बनाई गई है और भारत की हाईटेक ट्रेनों में शामिल मानी जा रही है। इस ट्रेन में जनरल यानी बैठने वाली एक लोअर सीट पर चार लोग बैठ सकते हैं जबकि स्लीपर में तीन लोगों के बैठने की जगह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार दौरे पर राज्य को ट्रेनों और रेल परियोजनाओं की भी सौगात देंगे। इनमें दो नई ट्रेनों का परिचालन आरंभ, दोहरीकरण परियोजना का शिलान्यास और अवसंरचनात्मक विकास से जुड़ी अन्य परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोतिहारी से वर्चुअल माध्यम से पटना से नई दिल्ली और दरभंगा-लखनऊ अमृत भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री इस दिन पाटलिपुत्र कोचिंग कॉम्प्लेक्स में 283 करोड़ की वंदे भारत के रखरखाव स्थल का शिलान्यास भी करेंगे। यहां वंदे भारत ट्रेनों के रोजाना रखरखाव के लिए अलग-अलग प्रकार की पांच लाइनें बनाई जाएंगी। इसके निर्माण का टेंडर हो चुका है। प्रधानमंत्री इसी दिन 4079 करोड़ की लागत से दरभंगा-नरकटियागंज दोहरीकरण परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस मार्ग पर पटरियों के दोहरीकरण से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी साथ ही नई ट्रेनों के परिचालन में भी सुविधा होगी। प्रधानमंत्री द्वारा इसी दिन समस्तीपुर-बछवारा के बीच 580 किमी स्वचालित सिग्नलिंग सिस्टम को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। भटनी से छपरा के बीच भी 153 करोड़ की ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की शुरुआत करेंगे।

# बिहार में अब तक 86.32 प्रतिशत गणना प्रपत्र एकत्र किए गए, अभी भी 10 दिन शेष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सभी पात्र मतदाताओं को प्रारूप मतदाता सूची में शामिल करने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शेष मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्र (ईएफ) एकत्र करने के लिए लगभग 1 लाख बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण का तीसरा दौर जल्द ही शुरू होगा। बीएलओ फिर से उन घरों का दौरा करेंगे जहां पिछले दौरों में मतदाता अस्थायी रूप से अनुपस्थित थे। बिहार में चल रहे एसआईआर में भरे हुए गणना प्रपत्र (ईएफ) जमा करने की अंतिम तिथि में 10 दिन शेष हैं। बिहार में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,81,67,861 या 86.32% इएफ एकत्र किए जा चुके हैं। मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर नामांकित व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के इएफ संग्रह चरण में बिहार में लगभग 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 90.84% को कवर किया है। केवल 9.16% मतदाताओं को 25 जुलाई की समय सीमा से पहले अपने भरे हुए ईएफ जमा करने हैं। बिहार के सभी 261 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सभी 5,683 वार्डों में विशेष शिविर स्थापित किए गए हैं और समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शेष मतदाता समय पर अपने इएफ भरें और उनके नाम भी 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हों। ऐसे मतदाताओं को बीएलओ द्वारा अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके इसीआइनेट ऐप पर ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से अपने फॉर्म ऑनलाइन भरने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसीआइनेट के माध्यम से, मतदाता अपने इएफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं और जहां भी लागू हो, 2003 ईआर में अपने नाम भी खोज सकते हैं। मतदाता इसीआइनेट ऐप का उपयोग करके अपने बीएलओ सहित अपने चुनाव अधिकारियों से भी जुड़ सकते हैं। इसीआइनेट पर फॉर्म अपलोड करने में और तेजी आई है, आज शाम 6.00 बजे तक प्लेटफॉर्म पर 6.20 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र अपलोड किए गए हैं। उनके इएफ जमा करने की स्थिति की जांच करने के लिए एक नया मॉड्यूल आज रात पर लाइव हो जाएगा। बीएलओ को सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए द्वारा उनके प्रयासों में सहायता दी जा रही है जिनमें से प्रत्येक प्रतिदिन 50 इएफ तक प्रमाणित और जमा कर सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र शहरी मतदाता इआर से न छूटे, बिहार के सभी 261 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सभी 5,683 वार्डों में विशेष शिविर भी स्थापित किए जा रहे हैं।

# कांग्रेस का भाजपा पर चुनाव चुराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव चुराने का आरोप लगाया है। पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने मंगलवार को कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के जरिए बिहार में चुनाव चोरी करने की कोशिश कर रही है। कृष्णा अल्लावरु ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता के असल मुद्दों को छोड़कर चुनाव चोरी करने में लगी है। उन्होंने कहा कि अपराधों को छिपाने और अपने गुनाहों को ढंकने के लिए भी ये चुनाव चोरी करने का काम कर रहे हैं। अल्लावारु ने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन इन मुद्दों पर सड़क पर जनता की आवाज बनकर संघर्ष करेगा। वहीं राहुल गांधी के द्वारा बिहार को 'क्राइम कैपिटल' बताए जाने के सवाल पर अल्लावारु ने सहमति जताते हुए कहा कि बिहार में गुंडाराज चल रहा है। ये भारत का क्राइम कैपिटल बन गया है। यह तब से हुआ जब से नीतीश जी अस्वस्थ हुए हैं और बिहार की सरकार दिल्ली से बीजेपी चला रही है। वहीं, मतदाता सूची से 35 लाख नाम काटे जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर अल्लावारु ने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग जनता का चुनाव आयोग नहीं रहा, भाजपा का चुनाव आयोग रह गया है। उन्होंने चुनाव आयोग को खुली चुनौती देते हुए कहा कि जितने वो वोटर एनरोलमेंट की बात कर रहे हैं, रसीद दिखा दें।

# झोला युग को समाप्त कर लैपटॉप युग की शुरुआत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में डिजिटल भू-अभिलेख प्रबंधन को एक नई दिशा देते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने मंगलवार को एकीकृत भू-अभिलेख प्रबंधन प्रणाली स्थानिक दाखिल खारिज पोर्टल की शुरुआत की। इसका उद्घाटन पटना के सर्वे भवन (शास्त्री नगर) में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन विभाग का महत्वपूर्ण कार्य है। झोला युग को समाप्त कर लैपटॉप युग की शुरुआत हो गई है। विशेष सर्वेक्षण का कार्य पूरा होते ही स्थानिक दाखिल खारिज का लाभ सभी को मिलने लगेगा। त्वरित न्याय और त्वरित काम मुख्य उद्देश्य है। इस उच्च तकनीक प्रणाली से काम करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। आम लोगों को इस एकीकृत प्रणाली का बहुत लाभ मिलेगा और विवाद का समापन होगा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रणाली को उन सभी गांवों में लांच करने का प्लान है जहां विशेष सर्वेक्षण के तहत अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित हो गया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि ये टीम की लंबी मेहनत का परिणाम है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है जबकि सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग का आईआईटी, रुड़की से समन्वय राजस्व के कार्यों को नई प्रगति दे रहा है। इस प्रणाली से एक भाई अगर अपना हिस्सा बेचता है तो उसका नक्शा भी स्वतः उसके साथ लग जाएगा। जॉइंट प्रॉपर्टी में किसने अपना कहां का हिस्सा बेचा यह जानकारी आसानी से पता चल पायेगी। वर्तमान में तीन जिलों के 80 से अधिक गांवों से इसकी शुरुआत हो रही है। इसके बाद फीडबैक के आधार पर क्रमवार इसमें सुधार किया जाएगा। आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर कमल जैन ने कहा कि एकीकृत भू अभिलेख प्रबंधन प्रणाली के तहत स्थानिक दाखिल खारिज की शुरुआत करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। आई आई टी, रुड़की द्वारा विकसित और इसमें प्रयोग किया गया जीआईएस सॉल्यूशन मेक इन इंडिया के तहत किया गया है। इससे पहले उपरोक्त सॉल्यूशन पर होने वाले सारे कार्य विदेशी तकनीक पर आधारित थे और उसका हमेशा लागत देना पड़ता है। इसमें ऐसा नहीं है। हमारे सॉल्यूशन में एक बार जो लागत आई वही खर्च हुआ।

# बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कौशल विकास केंद्र में मेहंदी प्रशिक्षण शुरू

### 120 महिलाओं, लड़कियों को मिलेगा 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 दिनों तक चलेगा जिसमें चार अलग-अलग बैचों में 30-30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रकार कुल 120 लड़कियों/महिलाओं को इस प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने बताया कि प्रशिक्षण देने का कार्य प्रसिद्ध मेहंदी विशेषज्ञ मिली श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है जो वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं और अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बना चुकी हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन एक गरिमामय समारोह में किया गया जिसमें चैम्बर के स्किल डेवलपमेंट के चेयरमैन मुकेश जैन, डॉ. गीता जैन, इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतु गांधी एवं एडिटर रेखा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# राहुल गांधी के 'क्राइम कैपिटल' वाले बयान पर नित्यानंद राय ने किया पलटवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार को 'क्राइम कैपिटल' कहने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को वो दिन याद करना चाहिए जब बिहार की हालत बद से बदतर हो गई थी। उन्होंने कहा कि आज राज्य में विकास हो रहा है, किसानों और छात्रों के लिए काम हो रहा है। लोगों की आय बढ़ी है और हर तरफ खुशहाली है। कम से कम राहुल गांधी को इन बदलावों से प्रसन्नता होनी चाहिए। अगर छिटपुट अपराध की घटनाएं हो रही हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी हो रही है। अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है जो पहले नहीं होता था। नित्यानंद राय मंगलवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के शासनकाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनके जमाने में मुख्यमंत्री आवास में अपराधियों का जमावड़ा होता था। वहां गेस्ट रूम भी उनके लिए बनाए जाते थे। मंत्रियों के यहां अपराधी आवभगत पाते थे। आज वो समय नहीं है। अब अपराध हो रहा है तो कानून भी काम कर रहा है। उन्होंने लालू राज को 'जंगल राज' कहे जाने को सही ठहराते हुए कहा कि उस समय अपराधियों को संरक्षण मिलता था, लेकिन अब स्थिति अलग है। वहीं बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर महागठबंधन द्वारा उठाई गई आपत्तियों को लेकर नित्यानंद राय ने कहा कि चुनाव आयोग हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का निरीक्षण करवाता है। अगर महागठबंधन को आपत्ति है तो उन्हें बताना चाहिए कि डर किस बात का है। डर उन्हीं को लगता है जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा लेते हैं। सही व्यक्ति को डरने की कोई जरूरत नहीं है। नित्यानंद राय ने कहा कि किसी भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा। विपक्ष लोगों के बीच बेवजह भ्रम फैलाने का काम कर रहा है।


# नौकरी देने के लिए पैसे आएंगे कहां से : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी पर प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कटाक्ष किया है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा है कि इसके लिए पैसे कहां से आएंगे? तेजस्वी यादव ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने आजतक अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को कुछ भी कहना है तो कहने दीजिए, ये तो नकलची सरकार है। नीतीश कुमार के मुंह से आजतक किसी ने सुना है यह बात, सामने आकर उनको कहना चाहिए। चुनाव आने वाला है और ये लोग जाने वाले हैं, विदाई तय है तो जो बोलना है बोल लें। तेजस्वी यादव ने मीडिया कर्मियों को कहा कि आप लोग तो पूछेंगे नहीं कि एक करोड़ नौकरी के लिए पैसा कहां से आएगा? वहीं, राहुल गांधी के बिहार देश का क्राइम कैपिटल बन गया है वाले बयान का समर्थन करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने एकदम सही कहा है। राज्य में हर दिन लोगों की हत्या हो रही है। हर दिन अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है। सभी लोग अचेत अवस्था में चले गए हैं।

# बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त वितरण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत आज अधिवेशन भवन, पटना में प्रथम किस्त वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह उन नवाचारियों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है जिन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। अब उनके सपनों को बिहार सरकार का संबल और योजनाओं का सशक्त साथ मिलेगा। बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरुआत वर्ष 2024 में बिहार सरकार द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य जाति आधारित गणना में चिन्हित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत चयनित लाभुकों को उनके व्यवसाय को स्थापित करने के लिए 2 लाख रुपये की अनुदान राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। यह योजना बिहार के उन स्थायी निवासियों के लिए है जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है और जिनकी मासिक पारिवारिक आय 6,000 रुपये या वार्षिक आय 72,000 रुपये से कम है। आवेदकों को योजना के अंतर्गत चिन्हित 61 परियोजनाओं में से किसी एक का चयन करना होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत अंतिम रूप से चयनित 40,099 लाभुकों को प्रथम और द्वितीय किस्त के रूप में 411.58 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उद्यमी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 2,32,900 आवेदनों में से कंप्यूटरीकृत रैंडमाइजेशन प्रणाली के जरिए 59,901 आवेदकों (एससी-14,838, एस टी -1,342, बीसी-15,755, इबीसी -20,761, जेनरल-7,205) का औपबंधिक चयन किया गया जिसमें पिछले वर्ष की रिक्तियां (9,901) भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 11,980 आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। औपबंधिक रूप से चयनित आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद 56,248 आवेदकों (एससी-13,890, एस टी-1,072, बीसी-15,177, इबीसी-19,775, जेनरल-6,334) का अंतिम चयन किया गया है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# डिजिटल और रोजगारोन्मुखी कौशल से लैस हों बिहार के युवा : मंत्री संतोष कुमार सिंह

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल जैसे नवाचारी विषयों में दक्ष बनें बिहार के युवा : दीपक आनन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह और विभाग के सचिव-सह-सीईओ, बिहार कौशल विकास मिशन दीपक आनन्द के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्रम संसाधन विभाग के विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त-सह-एसीईओ बिहार कौशल विकास मिशन राजेश भारती, निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशक सुनील कुमार यादव और बिहार कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक मनीष शंकर सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण के इस युग में विश्व युवा कौशल दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि यह हमारे युवाओं के कौशल, आत्मनिर्भरता और पहचान का प्रतीक बन चुका है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बिहार और देश के युवाओं की संभावनाओं को रेखांकित करने का एक सशक्त मंच है।

# आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स शिवा प्रोटेक्शन फोर्स प्रा. लि. के तहत डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति साकेत कुमार जो दरभंगा में चपरासी के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता माता- संगीता देवी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। साकेत कुमार की मृत्यु 24-04-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 140 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (4200/-) आश्रितों को मिलेगा।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने किया वृक्षारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से उनके मार्गदर्शन में लिट्ल एंगल किन्डर गार्टेन एंड प्ले स्कूल, कोनहाराघाट के प्रागंण में 15 जुलाई 2025 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि हमारे आस-पास हरियाली रहे तथा साथ ही साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी गयी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता लाने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि पेड़-पौधे कार्बन डाइआक्साइड एवं अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित कर हमें ऑक्सीयजन प्रदान करते हैं जिससे हमें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होता है जो हमारे जीवन के लिए बहुत लाभदायक हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं तथा गर्मी के असर को कम कर देते हैं जिसके कारण हमें गर्मी के दिनों में कम गर्मी का अहसास होता है। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों से भी वृक्षारोपण कराया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों के साथ-साथ सिलाई केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिलाओं को उपहार स्वरुप गमले सहित एक-एक पौधा दिया गया तथा घर में इसकी देखभाल करते रहने के बारे में भी बताया गया।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए और महागठबंधन में पोस्टर वार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासी दलों के बीच डिजिटल वार के साथ-साथ पोस्टर वार शुरू हो गया है। इसी कड़ी में राजधानी पटना की सड़कों पर 'बिहार में गुंडाराज' के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में राजधानी में हाल-फिलहाल में हुए आठ हत्याकांडों का जिक्र किया गया है। ये पोस्टर पटना के जेपी गोलंबर, इनकम टैक्स चौराहा, वीरचंद पटेल रोड, बोरिंग रोड चौराहा सहित अन्य स्थानों पर लगाए गए हैं। हालांकि पोस्टर किसने लगाए गए हैं, इसका जिक्र इन पोस्टर में नहीं किया गया है। पोस्टर के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की तस्वीर है और लिखा गया है। 'बिहार में गुंडाराज', कारोबारियों पर कहर। पोस्टर के चारों तरफ बिहार में हाल ही में हुए आठ हत्याकांडों का तारीख के साथ जिक्र किया गया है जिसमें मृतकों की तस्वीर भी लगाई गई है। पोस्टर में सबसे पहले मशहूर उद्योगपति गोपाल खेमका की तस्वीर के साथ उनकी हत्या की तारीख लिखी हुई है। इसी तरह व्यवसायी दीपक शाह, मार्ट के मालिक विक्रम झा, शिक्षक संतोष राय और बालू कारोबारी रमाकांत यादव की हत्या का भी पोस्टर में जिक्र किया गया है। इसके अलावा पोस्टर में कारोबारी पुट्टू खान और वकील जितेंद्र मेहता की हत्या का भी जिक्र किया गया है जिनकी 13 जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर एनडीए के घटक दलों में वाकयुद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए के घटक दलों के बीच घमासान की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोजपा(रा) प्रमुख एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ-साथ उनके जीजा अरूण भारती के द्वारा बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जाने पर जदयू भड़क गई है। ऐसे में जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने मंगलवार को बिना चिराग का नाम लिए उन्हें एक तल्ख नसीहत दे दी। नीरज कुमार ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि अभिमन्यु बनना आसान है, अर्जुन बनना पड़ता है सीखने के लिए। भूलना नहीं चाहिए, अभिमन्यु सिर्फ प्रवेश करता है, वीरगति भी पाता है। उन्होंने आगे लिखा है कि इतिहास में नाम जिद से नहीं, कार्य से लिखा जाता है जो हर बार द्वार तक पहुंचते हैं, वे योद्धा नहीं, द्वारपाल बन जाते हैं। नीरज ने इशारों में चिराग को जिद्दी बताते हुए सुझाव दिया है कि ऐसे लोग द्वारपाल बनकर सिमट जाते हैं। बता दें कि हाल के दिनों में बिहार में हुई कुछ आपराधिक वारदातों पर चिराग पासवान ने नीतीश सरकार पर बड़ा सवाल उठाया था। चिराग ने कहा था 'बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे? समझ से परे है कि बिहार पुलिस की जिम्मेदारी क्या है?' इतना ही नहीं बिहार के विकास के मापदंड पर पिछड़ा होने को लेकर भी बिना मुख्यमंत्री नीतीश का नाम लिए चिराग ने कहा था हमारा बिहार राजनीतिक कारणों से धीरे-धीरे पिछड़ता गया। हम लोग नालंदा यूनिवर्सिटी पर तब गर्व करते थे जब शिक्षा के महत्व को विश्व नहीं पहचानता था, लेकिन आज मुझे बहुत दुख होता है कि शिक्षा के लिए हमारे बच्चों को बिहार से बाहर जाना पड़ता है जबकि वहां शिक्षा से जुड़े सारे काम बिहारी ही कर रहे होते हैं। हम बिहार के जिलों को एजुकेशनल हब क्यों नहीं बना सकते? पर्यटन में भी हमारे पास बहुत अवसर है। गयाजी में विश्व भर के पर्यटक आते हैं। उसे हम वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित कर सकते हैं। मैं चाहता हूं कि अयोध्या से सीतामढ़ी तक एक ऐसे कॉरिडोर का निर्माण हो कि प्रभु राम का दर्शन करने आया हर इंसान माता सीता का भी दर्शन करने आए। वहीं, बिहार में कानून व्यवस्था पर चिराग पासवान के द्वारा सवाल उठाए जाने पर उनके जीजा अरुण भारती ने एक दिन पहले अपने सोशल मीडिया पर लिखा था कि महाभारत के 4 प्रमुख पात्र जिन्होंने समय का मान नहीं रखा पितामह भीष्म, महाराज धृतराष्ट्र, महारानी गांधारी, महाराज शकुनि (नहीं, सभी का सम्मान है।

# पीपीयू में स्वतंत्र स्नातकोत्तर विभाग सशक्त करने पर मंथन

### नवनियुक्त कुलपति ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने अपनी-अपनी बातें कुलपति के समक्ष रखीं। इसमें शिक्षकों की कमी, संसाधनों की कमी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों को साधन संपन्न करने पर विचार-विमर्श किया गया।

वर्तमान में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग विभिन्न कॉलेजों में संचालित किए जा रहे हैं। कॉलेजों के संसाधनों से ही स्नातकोत्तर विभाग संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से स्नातकोत्तर विभागों को कुछ विशेष सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। यहां तक कि कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर भी उपलब्ध नहीं हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कॉलेजों में संचालित स्नातकोत्तर विभागों में शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर हैं। सीधे तौर पर शिक्षकों का पदस्थापन स्नातकोत्तर विभागों में नहीं है। कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों की बातें एक-एक कर सुनीं।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर अकोढी गोला स्थित जन अधिकार फाउंडेशन के तत्वावधान में कौशल के माध्यम से युवाओं का सुधार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी दीनेश तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह व जन अधिकार फाउंडेशन के सचिव सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने उपस्थित युवाओं को मार्गदर्शन करते हुए आह्वान किया कि सभी मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं ने अपना स्किल्स बढ़ाने के लिए कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़कर प्रशिक्षण का लाभ अवश्य उठायें। वन टु वन सभी छात्रों का कैरियर काउंसिलिंग भी किया। लक्ष्य निर्धारण में स्किल्स का सहारा कैसे लें, महत्वपूर्ण जानकारियां दी। संस्था के तरफ से स्किल्स बढ़ाने के लिए पेंटिंग, सिंगिंग, भाषण, ई टेस्ट जैसे गतिविधियों का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्रों को ई टेस्ट प्रमाण पत्र, कलम कापी एवं स्कूली बैग देकर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के सचिव सुजीत कुमार द्वारा उपस्थित अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक श्वेता कुमारी, यंग प्रोफेशनल विकास कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रामचंद्र जी, बीस सूत्री सदस्य रामजी गुप्ता, रीतिका राज सहित कई छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना विचार रखा।

# जदयू का बी.एल. ए. -2 गठन अभियान के तहत बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम के विश्वकर्मा मोड़ बाजार समिति तकिया स्थित रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में बी.एल. ए. -2 गठन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वरीय नेता तथा राज्य नागरिक परिषद के सदस्य अनिल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक प्रजापति, संजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह तथा हृदया नारायण खरवार उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता रोहतास के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने की। बैठक में प्रदेश के वरीय नेता अनिल सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बी एल ए 2 का अतिशीघ्र गठन होना चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने मतदान केंद्र पर वहां के स्थानीय निवासियों से मेलजोल बढ़ाकर उन्हें पार्टी के और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सिद्धांतों आदर्श एवं विचारों से प्रभावित करके पार्टी के हित में कार्य करने के लिए तैयार करना है। आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और हमें किसी भी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार पर प्रश्नचिह्न खड़ा नहीं करना है बल्कि पार्टी द्वारा प्रेषित प्रत्याशी को जिताना है। आज की युवा पीढ़ी पुरानी सरकारों के काले कारनामों से परिचित नहीं है उन्हें वह पुराना दबा पिछड़ा और शोषित बिहार याद नहीं है। इसलिए चौक-चौराहे पर चर्चा के माध्यम से नई पीढ़ी को पुराने दिनों के बारे में बताना है और उन्हें यह भी समझाना है कि हमें अपने पुराने दिनों की पुनरावृत्ति नहीं चाहिए बल्कि हमें नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चाहिए जो सफलता के नित नए आयाम तय करें और एक विकसित आत्मनिर्भर और सक्षम बिहार की स्थापना करें। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत अध्यक्षों को बी.एल.ए -2 के गठन का फॉर्म दिया तथा उसको भरने के संबंध में समझाया और इसे अतिशीघ्र भरकर वापस जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में सिकंजय सिंह, विनोद कुशवाहा, सुरेंद्र राम, अलख निरंजन, रामप्रवेश राम, उषा पटेल, धनंजय पटेल, असलम अंसारी, संगीता सिंह, नीलम पटेल, राजेश सोनकर, निखिल जय सिंह, रेणु कुशवाहा, राज सोनी, प्रमोद पटेल, संतोष शुक्ला, प्रमोद कुमार, अजय महतो, संतोष कुशवाहा, पप्पू सोनी, गुड्डू पटेल, उषा कुशवाहा, कलावती देवी, विनोद पाल, दीपु कुशवाहा, राजेश कुशवाहा मुन्ना कुशवाहा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# बरांव कला पंचायत भवन में पैरवी द्वारा आयोजित सामुदायिक सभा संपन्न

## विधिक सहायता और बाल अधिकारों पर रहा जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के बरांव कला ग्राम पंचायत भवन में मानव अधिकार संगठन 'पैरवी' द्वारा एक महत्वपूर्ण सामुदायिक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने की। सभा का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को न्याय तक सुलभ पहुंच दिलाना, जेल में बंद वंचित तबकों के व्यक्तियों की निःशुल्क जमानत प्रक्रिया तथा बालकों के विधिक संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना था। सभा में यह बताया गया कि हाल ही में पैरवी द्वारा दस से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सदस्यों की निःशुल्क जमानत कराई गई है। इसके साथ ही एक ऐसे बालक की भी जमानत कराई गई जो विधिक जोखिम में फंस गया था और जिसके पास कोई कानूनी सहारा नहीं था। सभा में आसपास के गांवों -मौड़ीहान, गनुआ, अहिरवान, शिवपुर आदि से सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत स्तर की बाल संरक्षण समिति को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने पर भी व्यापक चर्चा हुई। ताकि जमीनी स्तर पर बालकों के अधिकारों की सुरक्षा हो सके। सभा की शुरुआत में पैक्स अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और पैरवी के प्रयासों की सराहना करते हुए हाल के महत्वपूर्ण कानूनी हस्तक्षेपों की जानकारी दी। सभा में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य लोगों में अजय यादव, बीरेंद्र यादव, गिरिजा शंकर दुबे, सरपंच रामब्रित कुशवाहा, अर्जुन पासवान, सत्येंद्र नारायण सिंह, विजय सिंह आदि शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि ग्रामीण समाज के सबसे कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे और पंचायत स्तर पर विधिक जागरूकता व सहायता शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र की अध्यक्षता में बैंकों के पदाधिकारियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रोहतास की अध्यक्षता में सभी बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें पीएमइजीपी, पीएममएमइ एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम महाप्रबंधक द्वारा सभी बैंको को सपष्ट निर्देश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएमइजीपी योजनान्तर्गत कुल 249 लाभुकों का ऋण स्वीकृत हुआ है। किन्तु भुगतान की संख्या 183 है। लगभग 66 लाभुको को ऋण भुगतान हेतु लंबित है। इसी प्रकार पीएमएफएमइ में 2024-25 में 322 लाभुकों को ऋण स्वीकृत हुआ जिनमें कुल 183 लाभुकों का भुगतान हुआ। शेष 139 स्वीकृत आवेदन भुगतान हेतु लंबित है। ज्ञातव्य हो कि 18/07/25 को प्रधानमंत्री मोतिहारी तथा माह जुलाई में पूर्णिया का दौरा है। पूर्णिया आगमन के क्रम में प्रधानमंत्री द्वारा उद्योग के क्षेत्र में ही विशेष समीक्षा किया जाना है। महाप्रबंधक द्वारा सभी बैंको को निर्देश दिया गया है कि वे 02 दिनों के अंदर लंबित आवेदनों को भुगतान करना सुनिश्चित करे। बैठक में सभी बैंक को-आर्डिनेटर को जानकारी दी गयी कि 21 जुलाई 25 को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला के सभी मीलरो के साथ बैठक रखी गई है जिसमें सरकार द्वारा मीलरों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक लाभ दिया जाना है जिससे जिला के लगभग 500 मीलरो का समुचित विकास हो और अधिकाधिक संख्या में रोजगार का सृजन हो सके।

# बाणसागर ने एक लाख दस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से इंद्रपुरी बराज पर मंगलवार शाम को ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 81 हजार 436 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है जिसमें से 67 हजार 673 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। बाणसागर ने आज एक लाख दस हजार 773 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार इंद्रपुरी बराज के 19 गेट खोलकर 667 हजार 673 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। उत्तरप्रदेश के रिंहद जलाशय से आज 8265 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मध्य प्रदेश के बाणसागर से एक लाख दस हजार 773 क्यूसेक पानी आज भी छोड़ा गया है जिसे इंद्रपुरी बराज पर पहुंचने में एक सप्ताह का समय लगेगा। बराज से पश्चिमी संयोजक नहर में 9512 व पूर्वी संयोजक नहर में 4251 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर पानी का आज भी जलस्तर घटने बढ़ने का सिलसिला जारी है। बाणसागर ने दो दिनों के दौरान लगभग ढाई लाख क्यूसेक पानी आज छोड़ा गया है जो इंद्रपुरी बराज पर आगामी रविवार से पहुंचने लगेगा। उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से पानी की मांग नहीं की गयी है। उसका जल विद्युत चलने के कारण सोन नदी में नियमित सात से आठ हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सोन नहरों के कैचमेंट इलाके में भारी बारिश के कारण कई नहरों में पानी की मात्रा कम किया गया है।

# डिफॉल्टर समिति होने के बाद भी अमानत पर किसानों का धान हमेशा खरीदते रहे : रवि शंकर दुबे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के निर्देश पर राजपुर प्रखंड के मांगरवालिया पंचायत में आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पैक्स अध्यक्ष रवि शंकर दुबे के द्वारा पैक्स के सदस्यों को पैक्स में मिल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई और किसान हित में जो भी योजनाएं हैं उस पर चर्चा किया गया। पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि मेरा समिति पूर्व से ही डिफॉल्टर है। सरकार द्वारा कोई राशि नहीं मिलती है, लेकिन हम जब से निर्वाचित हुए हैं तब से किसानों को हमेशा सम्मान दिया और अमानत की राशि से धान की खरीदारी करते हैं। किसानों को जो भी लाभ होगा वह भविष्य में भी दिया जाएगा। मौके पर पैक्स प्रबंधक ओमकार दुबे, सदस्य कलमूदिन अंसारी, ओसी अंसारी, चन्दन यादव, वार्ड सदस्य धनजी चौधरी, राम अयोध्या दुबे, जितेंद्र कुमार, उर्मिला देवी, संध्या देवी, गीता देवी, शिवम दुबे, असगर अंसारी एवं अन्य मौजूद रहे।

# शटर काट लाखों के आभूषण ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज में सोमवार की रात शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके सासाराम रोड सब्जी मंडी के सामने शिवम मार्केट में स्थित मनोज आभूषण कारीगरी दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर काटकर भीतर घुसते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए और मौके से फरार हो गए। दुकानदार पीड़ित राजू कुमार ने बताया कि मंगलवार की अहले सुबह करीब 4:45 बजे के आसपास मकान मालिक घटना की सूचना दूरभाष से दी। सूचना मिलते ही जब दुकान पर पहुंचा तो टूटा हुआ शटर देख होश उड़ गए। अंदर पहुंचने पर पाया कि पूरा गहनों का स्टॉक गायब है जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

# नव संकल्प महासभा में भारी संख्या में लोग होंगे शामिल : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** लोक जनशक्ति पार्टी 'रा' द्वारा पोलों ग्राउंड मुंगेर में 19 जुलाई को आयोजित नव संकल्प महासभा में भारी संख्या में लोजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त बातें लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान के आह्वान पर मुंगेर में नव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया है। यह महासभा बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट और बिहार को विकसित बनाने का एक संकल्प है। इसमें भाग लेने को लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है। डिहरी विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी रोहतासवासी फर्स्ट के विजन और पार्टी के सुप्रीमों चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन के साथ चल रहे हैं। उन्होंने सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि मुंगेर में नव संकल्प महासभा में भारी संख्या में पहुंचे और पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनाने का काम करें।

# सोन नदी में डूबी किशोरियों का शव अलग-अलग स्थानों से बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के बराज के निकट सोन नदी में डूबे दोनों किशोरियों का शव अलग-अलग स्थानों से सोन नहर में मंगलवार को मिला है। शव खोज के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार प्रयासरत रही। दोनों किशोरियां अमझोर थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी चंद्रदीप यादव के पुत्र मुन्ना यादव के पुत्री श्वेता कुमारी 13 वर्ष एवं सुरुचि कुमारी 11 वर्ष हैं। परिजन और ग्रामीणों के अनुसार मां दोनों को घर पर छोड़कर तिलौथू बाजार में कुछ सामग्री क्रय करने गई थी। अन्य परिजन खेत पर काम करने गए थे। इसी क्रम में दोनों बहने अपने-अपने सहेली से पुस्तक लेने भीसड़ा गांव चली गई जहां से सहेली के साथ सोन नदी के बराज पर घूमने के उद्देश्य पहुंची जहां किनारे पर पैर फिसल जाने के कारण सुरुचि नदी में डूबने लगी जिसे बचाने के क्रम में उसकी बहन श्वेता भी नदी में कूद गई तथा दोनों बहन पानी में डूब गई। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी के अनुसार बड़ी बहन का शव इंद्रपुरी थाना के पटनवा खुर्द गांव के निकट सोन नहर में झाड़ी में फंसा मिला। वही दूसरी बहन का शव नगर थाना के हाइडल के निकट मिला। दोनों शव अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया। शव का अंत्यपरीक्षण के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है।

## खोया-पाया

निवेदनपूर्वक कहना है कि मैं एनामुल हक अंसारी घर- रघुनाथपुर पोस्ट- पीरू थाना- हसपुरा, जिला-औरंगाबाद का स्थायी निवासी हूं तथा मैं आजादनगर वार्ड नं. 14 में किराए पर रहता हूं तथा M.G. रोड औरंगाबाद में टेलर का दुकान चलाता हूं। मौजा-साहपुर औरंगाबाद में खाता संख्या-196 प्लॉट नं. 232 अराजी 2 डिसमिल जिसका केवाला नं. 14147 दिनांक 7-12-2005 का मूल प्रति घर से दुकान जाने के क्रम में दिनांक -10-7-2025 को समय लगभग 3.30 बजे गिर कर कहीं खो गया है। मुझे काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला।

**एनामुल हक अंसारी**
**मो. 9801191786**

# पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता की हत्या पर शोक सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जिला अधिवक्ता संघ भभुआ के सभागार में पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 50 वर्षीय जितेंद्र मेहता की हत्या पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे एवं संचालन महासचिव मंटू पाण्डेय ने किया। जिलाअधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के अधिवक्ता गण काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्य किए। जितेंद्र मेहता पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता की हत्या 13 जुलाई 2025 को 11 दिन में पटना शहर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ रोड के पास महिंद्रा ट्रेनिंग कंपनी के पास अपराधियों ने गोली मारकर कर दिया था। शोक सभा में महासचिव मंटू पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि आए दिन बिहार और देश में अधिवक्ताओं की हत्या हो रही है अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं राज्य सरकार और केंद्र सरकार दर्शक बनी हुई है। बिहार स्टेट बार काउंसिल, पटना बार काउंसिल आफ इंडिया दिल्ली के अध्यक्ष से हम संघ के माध्यम से मांग करते हैं कि अधिवक्ताओं को सुरक्षा अधिनियम कानून लागू किया जाए। अधिवक्ताओं का इंश्योरेंस राज सरकार केंद्र सरकार कराए। मृतक अधिवक्ता जितेंद्र मेहता के हत्या में शामिल अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। मृतक अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा की जाए और मृतक अधिवक्ता के आश्रित को एक सरकारी नौकरी दिया जाए। साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ रूपया बिहार सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर दें यही मांग है जो अधिवक्ता अपने सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस लेना चाहते हैं तो बिहार सरकार और जिले के जिला पदाधिकारी के स्तर पर शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत किया जाय। शोक सभा में मृतक अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मान रखा गया। मौके पर उपाध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व महासचिव ओम प्रकाश, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, प्रेमनाथ, मिथिलेश कुमार सिंह, शशि कुमार, अमित कुमार, मंटू कुमार, राधा कृष्ण प्रसाद, ऋषभ कुमार मौर्य, रंग बहादुर पाण्डेय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

# कट्टा व कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के चंदनपुरा मोड़ के करीब 50 मीटर दूरी पर सदोखर जाने वाली सड़क के दक्षिणी किनारे पेड़ के पास मंगलवार को जमीन विवाद में सूचना पर पहुंची पुलिस को वहां से एक देसी कट्टा, 8 पीस 315 बोर के कारतूस और 12 बोर के 13 पीस कारतूस मिले। कट्टा और कारतूस शशिकांत तिवारी ग्राम रामपुर के पास से मिले। उसने थाने में आवेदन देकर कहा कि कुछ लोगों ने हमें रोका, मारपीट की और जबरन हमारे जेब में कट्टा और कारतूस डाल दिए, फिर पुलिस को बुलाकर फंसा दिए। ग्रामीणों ने डर के कारण पुलिस को सूचना दी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक........... दिनांक..................

**प्रेष विज्ञप्ति**

**PR NO.-356091**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या– 13RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 26.06.2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 357314 Rural Development (25-26)_D


# दो सगे भाई सहित चार शराबी धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट व आयरकोठा थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो सगे भाई सहित चार शराबी को पकड़ कर मंगलवार को न्यायालय हिरासत भेज दिया। इसी संबंध में आयरकोठा थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान पड़ुंहार गांव निवासी लक्ष्मुण राम और दुर्गा राम गांव के सड़क पर शराब पीकर हल्ला-गुल्ला कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर सूचना मिली कि ढ़ेलाबाग गांव निवासी शंकर भुइयां नहर के समीप पुल पर शराब के नशे में हो हंगामा कर रहा है। वहीं पुलिस उक्त दोनों स्थलों से तीन शराबी को पकड़ कर न्यायालय को सौंप दिया। वही दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट से एक शराबी को रात में पुलिस ने पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि दरिहट गांव निवासी चन्द्रमा पाल का पुत्र राजा पाल जो शराब के नशे में धुत होकर गांव के सड़क पर हल्ला कर रहा था।

# रास्ता रोकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में सोमवार को रास्ता रोकने को लेकर दो पड़ोसी आपस में भीड़ पड़े और दोनों तरफ से लाठी डंडा चलने लगी। लाठी डंडे की चपेट में आने से एक पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गए। परिजन ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सीएचसी ले गए और पुलिस को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई। पुलिस ने उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष राजेश प्रसाद ने बताया कि नावाडीह निवासी उमा राम खानदानी जमीन से निकली रास्ता को बन्द करते देख आपत्ति जताई तो पड़ोसी शंकर पासवान, दिलिप पासवान, मुटुर पासवान व धन्नजी पासवान लाठी डंडे से लैश होकर उमा राम से उलझ पड़े और लाठी डंडा चलाने लगे जिसे उमा राम बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि जख्मी के आवेदन पर सभी आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 16–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 14.07.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल–झाझा –सीतारामपुर शाखा में ओएफसी के माध्यम से बीपीएसी मीडिया रिडंडेंसी का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,04,27,171.21, **बयाना राशि:** रु. 3,02,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 07.08.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-123/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## कार्यालय अभियंता का कार्यालय



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)

**शुद्धि–पत्र**


एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–10.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**01/2025–26** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 357087 (Road) 25-26 (D)** है। निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक संख्या–1 का परिमाण विपत्र की **राशि–5000.00 के स्थान पर राशि–2500.00 तथा** क्रमांक संख्या–**2,3,4 एवं 5 का राशि–2500.00 के स्थान पर राशि–1250.00 पढ़ा जाए।** शेष शर्त्ते यथावत रहेगा।

**कार्यपालक अभियंता,**
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 357309 (Road) 25-26 (D)

# द्वितीय अपील के तहत डीएम ने शिकायतों का किया निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। यह अपील द्वारिका प्रसाद, पिता स्व. विदेशी विश्वकर्मा द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की गई थी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा जांचोपरांत प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार की उपस्थिति में मामले की विस्तार से सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत शिकायत का समाधान कर दिया गया और मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि अधिनियम के तहत प्राप्त किसी भी शिकायत का निपटारा अधिकतम दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड एवं पंचायत से संबंधित विवादों की अपील अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में की जा सकती है, जबकि जिला स्तरीय शिकायतों के समाधान हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य द्वार के दाहिनी ओर लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।

शिकायत निवारण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और निःशुल्क है। दोनों पक्षों को सुनवाई में उपस्थित कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाता है। यदि कोई नागरिक निर्णय से असंतुष्ट हो तो वह भी निःशुल्क द्वितीय अपील कर सकता है।

अब शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और अधिक सहज हो गई है – नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायत या अपील दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए यह एक प्रभावी और सुलभ मंच उपलब्ध कराया गया है।

# मंत्री ने की बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट अर्पण कर सुख, समृद्धि की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा नालंदा द्वारा संत शिरोमणी बाबा मणिराम के समाधि स्थल पर लंगोट अर्पण एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि की कामना की गई। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा कि बाबा मणिराम अखाड़ा बिहारशरीफ ही नहीं नालंदा जिला का प्रमुख धार्मिक स्थल है जहां देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आकर बाबा मणिराम जी को लंगोट अर्पण कर मनोकामना मांगते हैं। हमारा सौभाग्य है कि बिहारशरीफ विधानसभा का विधायक बनने के बाद से ही आज तक इस धार्मिक स्थल का विकास कार्य में योगदान करने का सुअवसर मुझे प्राप्त है। बाबा के आशीर्वाद से आगे भी इस पुनीत कार्य में अपना भरपूर योगदान करता रहूंगा। पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि 2005 के पहले बिहार में सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों का आतंक था, मुख्यमंत्री आवास से रंगदारी और फिरौती मांगे जाते थे, अपराध पर बोलने का अधिकार तेजस्वी यादव या किसी भी राजद नेता को नहीं है, जंगलराज की यादें आज भी बिहार की जनता भूली नहीं है। लालू राज में राज्य के अंदर कोई भी बिहार वासी सुरक्षित महसूस नहीं करते थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद 2005 से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एनडीए सरकार ने बिहार की बदतर स्थिति को संभालते हुए आज बिहार को काफी अच्छी स्थिति में पहुंचाया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, डा अशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, अमरकांत भारती, अमित शान सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# हथियार के बल पर दो लाख नकद व आभूषण लूटे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के कल्याण बीघा स्टेशन रोड में स्थित सद्भावना नगर मोहल्ले में रोड किनारे एक मकान में हथियार के बल पर भीषण डकैती करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने हथियार के बल पर परिवार को बंधक बनाकर घर में लाखों रुपए की डकैती की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित श्याम किशोर प्रसाद और उनकी पत्नी शैली देवी ने मंगलवार की सुबह बताया कि सोमवार की देर रात्रि के समय करीब 5 से 6 की संख्या में बदमाश हथियार के बल पर इस घटना को अंजाम दिया और दो लाख रुपए नकद और जेवरात लेकर फरार हो गए। सबसे पहले बदमाशों ने मुख्य दरवाजे के ग्रिल का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। प्रवेश करते हैं सीसीटीवी फुटेज कैमरा भी उखाड़ लिया। उसके बाद सोए हुए अवस्था में पूरे परिवार को बंधक बनाकर पिस्तौल तानकर गोदरेज एवं पेटी का चाबी लेकर करीब डेढ़ घंटे तक लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि गोदरेज में रखें दो लाख रुपए नकद, सोने का चैन, तीन जोड़ा कान के बाली, सोने का लॉकेट लूट ली। सुबह में घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और लोग पुलिस गश्ती पर सवाल उठने लगे। पीड़ित परिवार के पुत्र टिंकू प्रसाद ने बताया कि हरनौत थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती ठीक से नहीं होती है जिसके चलते थाना के कुछ ही दूरी पर इतनी बड़ी डकैती हुई और पुलिस प्रशासन को भनक तक भी नहीं लगी। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल, सर्किल इंस्पेक्टर रामानंद, हरनौत थाना प्रभारी अमरदीप कुमार ने अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच प्रक्रिया करने में जुट गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया है। घटनास्थल पर एफएसएल के टीम को बुलाया जा रहा है। आसपास के जगह पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है।

# 567 लाभुकों को मिली प्रथम किश्त की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को स्वरोजगार हेतु प्रथम किस्त की राशि का वितरण मंगलवार को समाहरणालय सभागार, नवादा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योग विभाग, बिहार, पटना के तत्वावधान में जिला उद्योग केंद्र, नवादा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अमित विक्रम भारद्वाज ने की। उन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उद्यमिता की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने लाभुकों से आग्रह किया कि वे प्रदत्त राशि का सदुपयोग करते हुए सफल स्वरोजगार की स्थापना करें। इस अवसर पर कुल 567 लाभुकों को उनके स्वीकृत प्रोजेक्ट के तहत प्रथम किस्त की राशि दी गई। सभी लाभुक पूर्व में इस योजना के अंतर्गत आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान लाभुकों ने सरकार और उद्योग विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मजबूत आधार मिला है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उद्योग केंद्र की टीम, प्रशिक्षकों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज के समीप दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गया। इस घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी में दाखिल कराया गया। घटना के पीछे पुरानी विवाद की बात कही जा रही है। घटना मंगलवार की सुबह तकरीबन आठ बजे की है। घटना होते देख किसी ने 112 पर डायल कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के आने के बाद स्थिति पर काबू पाया गया और जख्मी लोगों को उपचार के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने कहा इस घटना में दोनों तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ है। पहले पक्ष के स्व जुंगी सिंह के पुत्र नीतीश कुमार ने मामला दर्ज कराया है। जिसका कांड संख्या 263/25 है। वही दूसरे पक्ष के अनुग्रह सिंह के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज हुआ है। जिसका कांड संख्या 264/25 दर्ज हुआ है। घटना के बाद दोनों पक्ष के दो - दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के पीछे पुराने विवाद सामने आ रही है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एवं आरक्षी उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के तहत कृष्णापुरी मुहल्ला एवं नई पोखर के पास से अलग-अलग कंपनी का 561 लीटर विदेशी शराब, एक टोटो एवं दो मोटरसाइकिल जब्त किया गया है साथ ही इस अवैध धंधा में सम्मलित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरक्षी उपाधीक्षक ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब के बारे में गुप्त सूचना मिली और पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया साथ ही साथ गुप्त सूचना के आधार पर चिन्हित स्थल पर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत शराब के अवैध धंधा करने वाले दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तारी में सौरभ कुमार पिता किशोरी राजवंशी एवं चंदन कुमार पिता सत्येन्द्र राजवंशी शामिल है। गिरफ्तारी लोगों के पास से बरामद विदेशी शराब कई ब्रांडों के कुल 561 लीटर है, इसके अलावा दो बाइक एवं एक टोटो जब्त किया गया है। इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, पुनि सह थानाध्यक्ष रमन कुमार, पुअनि पप्पु कुमार सिंह, पुअनि देवकांत कुमार, परिपुअनि भानु प्रताप सिंह, सअनि जमदार राम सहित अन्य अधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# नवविवाहिता ने की खुदकुशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नवविवाहिता ने फांसी लगा सोमवार को खुदकुशी कर ली। मामला सरमेरा थाना क्षेत्र के सदहा गांव का है। मृतका सदहा गांव की रहने वाली धर्मराज कुमार की (19) वर्षीया पत्नी अनिशा कुमारी है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचे। अनिशा कुमारी के पिता मदन महतो ने बताया कि दामाद ने फोन कर उन्हें सूचना दी की अनीशा ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। वह ससुराल में साड़ी का फंदा बनाकर अपने कमरे में हुक के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। हालांकि परिजन अनिशा के आत्महत्या करने की वजह के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता रहे हैं। मायके वालों ने बताया कि दिनचर्या के अनुसार अनिशा सुबह उठी और फिर घर का कामकाज किया। सभी को खाना देने के बाद वह भी खाना खाकर अपने कमरे में चली गई। जिसके बाद उसने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के मंदिलपुर गांव में मंगलवार को अहले सुबह करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मंदिलपुर गांव निवासी अमरजीत शर्मा के 31 वर्षीया पत्नी बबीता देवी के रूप में की गई है। इस संबंध में मृतका के पति अमरजीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जब सुबह उठे तो देखा कि पत्नी घर के पास स्थित खाली पड़े स्थान में अचेत अवस्था गिरी हुई थी। जहां बिजली तार टूटकर गिरा हुआ था इसी क्रम में वह तार के संपर्क में आ गई। आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र रहुई में लाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को स्थिति को देखते हुए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# फोटोकॉपी की दुकान, साइबर कैफे एवं इंटरनेट की दुकानें रहेंगी बंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना द्वारा सिपाही के पदों पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा जिले के 23 केन्द्रों पर दिनांक 16 जुलाई .2025 (बुधवार) को एक पाली में सम्पन्न होगी। परीक्षा अवधि दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक निर्धारित है।

संयुक्त आदेश के आलोक में अमित अनुराग, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर द्वारा सिपाही भर्ती परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला मुख्यालय, नवादा में स्थित फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफ़े एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को 16 जुलाई 2025 को प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। अंचल पदाधिकारी, नवादा सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर तथा थानाध्यक्ष, नगर थाना नवादा/मुफस्सिल/बुन्देलखंड को निर्देशित किया गया है कि जिला मुख्यालय, नवादा में 23 परीक्षा केन्द्रों वाले नगर क्षेत्रों में स्थित फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफ़े एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को दिनांक 16 जुलाई 2025 को प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक बंद कराना सुनिश्चित करें तथा भ्रमणशील रहकर इसकी सतत निगरानी करें।

# प्रखण्ड के सभी पैक्सों में आमसभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सभी पैक्सों में मंगलवार को सम्बंधित पैक्स अध्यक्ष के अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी कुन्दन बर्णवाल एवं अजित कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देश पर सभी पैक्सों में वार्षिक आमसभा का आयोजन कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। दरावां पैक्स में अध्यक्ष रजनीश कुमार, मंझिला में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,कौआकोल में सुनील साव, पाली में रामाश्रय सिंह, पाण्डेयगंगौट में अध्यक्ष राहुल रत्नेश आदि की देखरेख में आयोजित आमसभा में पूरे वित्तीय वर्ष के क्रियाकलापों, धान अधिप्राप्ति, खाद लाइसेंस बनाने आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना द्वारा सिपाही पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा 16 जुलाई 2025 (बुधवार) को एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक सम्पन्न होगी।

परीक्षा के शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी अमित अनुराग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नवादा सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में 16 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

**निषेधाज्ञा के तहत जारी निर्देश इस प्रकार हैं:**

परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में कोई भी व्यक्ति हथियार, लाठी, चाकू, छुरा, विस्फोटक या किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं घूमेगा। इस क्षेत्र में मटरगश्ती करना, परीक्षा से संबंधित कागजात या सामग्री वितरित करना, प्रचार-प्रसार करना अथवा ऐसा कोई कार्य करना जिससे परीक्षा की गोपनीयता या शांति प्रभावित हो सकती है, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर आदि) के प्रयोग पर रोक रहेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश पत्र, पेन के अलावा कोई भी अन्य सामग्री जैसे नोटबुक, पुस्तक, मोबाइल फोन या चिट-पुर्जा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा में व्यवधान या शांति भंग करने की कोशिश पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सरकारी ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा धारित आग्नेयास्त्र इस आदेश से मुक्त रहेंगे। यह आदेश परीक्षा दिवस यानी 16 जुलाई को सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

# समेकित जांच चौकी के पास एनएच 31 सड़क जर्जर, हादसों को दे रही न्यौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** रजौली स्थित समेकित जांच चौकी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 31 की हालत बेहद जर्जर हो गई है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है।नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की इस मामले पर चुप्पी सवालों के घेरे में है,और लोगों का कहना है कि यह लापरवाही कभी भी एक बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।समेकित जांच चौकी एनएच 31 पर ये वो जगह है जहां से गुजरने वाला हरेक वाहन चालक और स्थानीय निवासी हर पल एक अनहोनी का डर लिए रहता है। सड़क पर बने विकराल गड्ढे सिर्फ वाहन खराब नहीं कर रहे, बल्कि बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। ये केवल स्थानीय समस्या का हिस्सा नहीं, बल्कि स्थानीय लापरवाही और बेफिक्री का जीता-जागता उदाहरण है।

**समस्या की जड़ ढाबे संचालक की लापरवाही एवं प्रशासन की अनदेखी**

स्थानीय लोगों की मानें तो इस जर्जर सड़क के पीछे एक बहुत ही स्थानीय कारण छिपा है। जांच चौकी के बिल्कुल बगल में एक ढाबा है, जहां ट्रकों को धुलवाने का काम धड़ल्ले से चलता है। ट्रकों की धुलाई का सारा गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है और जमा हो जाता है। यह पानी, खासकर अलकतरा वाली सड़क को धीरे-धीरे गला रहा है, जिससे छोटे गड्ढे बड़े-बड़े खाईयों में बदल गए हैं। ये गड्ढे अब इतने गहरे हैं कि बारिश में पानी भरने पर उनका अंदाजा लगाना असंभव हो जाता है, जो सीधे दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। जिम्मेवार एनएचएआई के अधिकारियों की चुप्पी और इस ओर से आंखें मूंद लेना, स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा पैदा कर रहा है। उनकी जिम्मेदारी है कि वे न केवल सड़कें बनाएं, बल्कि उनका उचित रखरखाव भी करें। लेकिन रजौली में यह जिम्मेदारी पूरी तरह से नजरअंदाज की जा रही है।

**स्थानीय लोगों की मांग, तत्काल समाधान और कार्रवाई**

वाहन चालक और स्थानीय निवासी लगातार तत्काल मरम्मत कार्य की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस सड़क पर आवाजाही जान जोखिम में डालने जैसा है।

उनकी प्रमुख मांगें हैं कि सड़क की तत्काल और स्थायी मरम्मत नहीं बल्कि ऐसी मरम्मत हो जो भविष्य में टिकाऊ हो। सख्त कदम उठाकर ढाबे के मालिक के उपर दबाव बनाया जाए जिससे बाद में वह फिर ऐसी हरकत न करे, पानी की उचित निकासी की व्यवस्था करनी होनी चाहिए, ताकि वह सड़क पर जमा न हो।

**वाहन चालक बेबस, सफर बन रहा जहन्नुम**

बंगाल, यूपी, झारखंड समेत देश के कई राज्यों की ओर जाने वाले इस महत्वपूर्ण राजमार्ग पर हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। इनमें बड़े ट्रक, बसें और छोटे वाहन सभी शामिल हैं। लेकिन रजौली जांच चौकी के समीप आते ही सड़क की हालत इस कदर बदतर हो जाती है कि चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़े-बड़े गड्ढे और टूटी हुई सड़क के कारण वाहन चालक डर डर कर चलते हैं, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ वाहनों को भी भारी नुकसान हो रहा है। कई बार तो इन गड्ढों के कारण टायर फटने और गाड़ियों के अनियंत्रित होने एवं छोटी वाहनों को इसमें फंस जाने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। वाहन चालकों ने एकजुट होकर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि इस रूट पर यात्रा करना अब किसी जहन्नुम से कम नहीं है।

**क्या कहते हैं एनएचएआई पदाधिकारी**

इस बाबत एनएचएआई के साइट इंजीनियर सैमसुल हक ने बताया कि सड़क पर गड्ढे की जानकारी मिली है।रजौली से चितरकोली तक के सड़क पर बने गड्ढों की जांच कर जल्द ही मरम्मती कार्य किया जाएगा।

# जिले भर से 49 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 14 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 35 कुल 49 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 853 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-6000 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-23 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 500 वाहनों की जॉच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि एक लाख 81 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल, एक कार एवं एक मोबाइल बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।0

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_एलएलएच_09_2025-26, दिनांक 11.07.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** (i) ''लिलुआ - हेरिटेज म्यूजियम का नवीनीकरण एवं आईबीएच कॉम्प्लेक्स का उन्नयन'' नामित कार्य का विद्युतीकरण (अनुसूची-ए) और (ii)''लिलुआ-लिलुआ वर्कशॉप के मौजूदा जीर्णशीर्ण हेरिटेज भवनों/इंस्टीटच्यूट का नवीनीकरण/सुधार'' नामित कार्य का विद्युतीकरण (अनुसूची-ए-1)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,40,90,743.12, **बयाना राशि:** रु. 2,20,500/-, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2025 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-131/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

खुली ई-निविदा सूचना सं०-
टीआरडी-ओ०टी०-04-एएलसीएटी-जीएचडी-25-26

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **(1) कार्य का नाम और स्थान:** डाउन लाईन बीडी सेक्शन में सोननगर (एसईबी) से गढ़वा (जीएचडी) तक एल्युमिनियम कैटेनरी तार को कैडमियम कॉपर कैटेनरी से प्रतिस्थापित करने का कार्य **(2) अनुमानित रकम:** रु0,81,86,057.00 **(3) बयाना राशि:** रु0,163700.00 **(4) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 05/08/2025 को 15:00 बजे तक **(5) वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/0598/डीडीयू/टीआरडी/टी/25-26/24

# 'जो बीमार की सेवा करता है, वह ईश्वर की सेवा करता है' : राज्यपाल

## शेरघाटी में महाबोधि कॉलेज एंड हॉस्पिटल का उद्घाटन, कहा- ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय के पास गोपालपुर नहर के निकट महाबोधि नगर में मंगलवार को महाबोधि कॉलेज एंड हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है जो बीमार और असहाय की मदद करता है, वह वास्तव में परमात्मा की पूजा करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह अस्पताल सेवा के मंदिर के रूप में जाना जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, शिक्षा जगत के चर्चित शिक्षक खान सर और अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटा और दीप जलाकर अस्पताल की




शुरुआत की। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बड़े अस्पताल की स्थापना से न सिर्फ इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी बल्कि स्थानीय युवाओं को शिक्षा और सेवा का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के डॉक्टरों की विदेशों में भी पहचान है क्योंकि यहां के चिकित्सक जितने मरीजों का इलाज एक महीने में करते हैं, उतना विदेशों में डॉक्टर एक साल में भी नहीं कर पाते। उन्होंने सलाह दी कि सेवा भाव से काम करें, फल की इच्छा न रखें। उन्होंने प्रबंधन से अपील की कि कोई भी मरीज साधन के अभाव में अस्पताल से इलाज कराए बिना न लौटे। कहा कि यह अस्पताल अब ग्रामीण क्षेत्र के लिए उम्मीद की नई किरण बनेगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि महाबोधि अस्पताल आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है और इसके खुलने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के इलाज का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित खान सर ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि किताबों पर ध्यान दें, जीवन में आगे बढ़ना तय है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के दौरान लोग साथ नहीं होते, लेकिन सफलता के बाद वही लोग सलाम करने के लिए आगे आते हैं। उन्होंने खासतौर पर लड़कियों से कहा कि जो उंगली आपको पीछे खींचने के लिए उठी थी, वह एक दिन आपको सलाम करने के लिए उठे, इसके लिए मेहनत करें। खान सर ने अस्पताल प्रबंधन से आग्रह किया कि कम से कम 10 प्रतिशत गरीबों का इलाज मुफ्त में किया जाए। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने सभी का आभार प्रकट किया और बेहतर स्वास्थ्य सेवा का भरोसा दिलाया।

# बिहार के 8,463 पैक्सों में एक साथ हुई वार्षिक आमसभा

## डॉ प्रेम कुमार ने पारदर्शिता और जवाबदेही का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सहकारिता आंदोलन को नई गति देने के लिए मंगलवार को राज्य की सभी 8,463 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में एक साथ वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन सहकारिता अधिनियम 1935 की धारा 32(इ) के तहत अनिवार्य रूप से प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर किया जाता है। इस बार सरकार ने इसे एक साथ पूरे राज्य में आयोजित कर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागिता का संदेश दिया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पैक्स समितियां बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इन समितियों के कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए वार्षिक आमसभा जैसे आयोजन बेहद जरूरी हैं। सरकार की कोशिश है कि सहकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों और ग्रामीणों तक पहुंचे। प्रदेश के हर जिले और प्रखंड में स्थित पैक्स की आमसभा में समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक, सदस्य, आम ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और सहकारिता विभाग के जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। आमसभा में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया और उसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। साथ ही आगामी वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना और अनुमानित आय-व्यय बजट का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसे सभा ने पास किया। बैठक में सदस्यों को पैक्स की नियमावली, उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए कई सुझाव आए, जिन पर विचार किया गया। इस वार्षिक आमसभा में धान, गेहूं, दलहन, तिलहन अधिप्राप्ति योजना, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना, अन्न भंडारण हेतु गोदाम निर्माण योजना, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना सहित अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। सहकारिता विभाग ने पहले ही निर्देश जारी कर सभी अधिकारियों को प्रत्येक पैक्स समिति की आमसभा में अनिवार्य रूप से भाग लेने के लिए कहा था। विभाग के पदाधिकारी आमसभाओं में मौजूद रहे और सरकार की योजनाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराया जहां-जहां वर्ष 2023-24 का लेखा परीक्षण पूरा नहीं हो सका था, वहां विशेष परिस्थितियों में 2022-23 के अनुमोदित लेखा प्रतिवेदन के आधार पर प्रस्ताव पारित किए गए ताकि समितियों के लाभांश वितरण और अन्य वित्तीय प्रस्तावों पर समय से निर्णय लिया जा सके। संपूर्ण राज्य में एक ही दिन हुए इस आयोजन ने ग्रामीण अंचल में सहकारिता के प्रति विश्वास और जागरूकता को मजबूत किया है। सरकार का मानना है कि यह पहल सहकारिता आंदोलन को नया बल देने वाली साबित होगी।

# छात्रों ने सड़क पर लगाया जाम, डेढ़ घंटे बाद परीक्षा रद्द होने के बाद हटाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में बिजली विभाग में मैकेनिक पद के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा देने आए छात्रों ने सोमवार की शाम जमकर बवाल किया।छात्र हरिदास सेमिनरी स्कूल के सामने गया-डोभी रोड पर सड़क जाम कर बैठ गए। जाम की वजह से गांधी मैदान से सिकरिया मोड़ तक गाड़ियों की कतार लग गई। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। इस मौके पर छात्रों ने बिजली विभाग और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा और जाम चलता रहा। जाम की सूचना पर सिविल लाइन थाना की पुलिस पहुंची। छात्रों को समझाने की कोशिश हुई। लेकिन छात्र नहीं माने। उनका कहना था कि जब तक परीक्षा रद्द नहीं होगी, सड़क जाम खत्म नहीं करेंगे। परीक्षार्थियों का कहना था कि वे राज्य के अलग-अलग जिलों से परीक्षा देने आए थे। सुबह से ही सब पहुंच गए थे। उनकी परीक्षा तीसरी पाली में थी। रिपोर्टिंग का समय 2:30 से 3:30 बजे तक था। जैसे ही छात्र प्रवेश करने पहुंचे उन्हें रोक दिया गया।कहा गया कि टेक्निकल इश्यू है।इसलिए प्रवेश नहीं मिलेगा। 4 बजे तक के इंतजार के बाद भी प्रवेश नहीं मिला तो छात्र भड़क गए।एक एक कर सभी छात्र एकत्रित हुए और करीब 5 बजे सड़क जाम कर दिया। अभ्यर्थी मथिलेश कुमार ने बताया कि वह छपरा से यहां परीक्षा देने आए थे। लेकिन परीक्षा नहीं ली गई। परीक्षा नहीं लिए जाने का कारण टेक्निकल इश्यू बताया है पर यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि टेक्निकल इश्यू क्या है।

# जन्म एवं मृत्यु संबंधित प्रमाण पत्र बनवाने में तेजी लाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र वितरण के संबंध में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि नगर निगम/ नगर निकायों में 01 दिन से 21 दिन तक मामलों में पूर्व से नामित रजिस्टार द्वारा ही बनाया जाएगा। साथ ही पूरी तरह निशुल्क बनेगा। 21 दिन के बाद से 30 दिनों तक के मामलों में 20 रुपया विलंब शुल्क के साथ जमा करना होगा। 30 दिनों के ऊपर से 01 साल तक के मामलों में 50 रुपया विलंब शुल्क के साथ जमा करना होगा। साथ ही जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से लिखित आदेश भी प्राप्त करना होगा। 01 वर्ष से ऊपर वाले मामलों में 100 रुपया विलंब शुल्क के साथ अपने क्षेत्र के कार्यपालक दंडाधिकारी से लिखित आदेश भी प्राप्त करना होगा। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में प्रखंडों के प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी ही रजिस्टर नामित होते थे जिनके माध्यम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाते थे। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पूरे बिहार में पंचायती राज विभाग अधीनस्थ सभी पंचायतों के पंचायत सचिव को रजिस्टर के रूप में बनाया गया है अर्थात गया जिले में 320 पंचायत है उन सभी पंचायत सचिव को रजिस्टर बनाया गया है। इनका यूजर आईडी सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बनाकर उपलब्ध करा दिया गया है। विदित होगी डॉ0 अंबेडकर समग्र सेवा अभियान में गया जिला, पूरे बिहार में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित मामलों में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त किया है और सर्वाधिक आवेदनों का निपटारा भी किया है। 01 दिन से 21 दिन तक मामलों में अपने पंचायत के पंचायत सचिव जो रजिस्टार नामित हैं, उनके द्वारा ही बनाया जाएगा साथ ही पूरी तरह निशुल्क बनेगा। 21 दिन के बाद से 30 दिनों तक के मामलों में 20 रुपया विलंब शुल्क के साथ अपने पंचायत के पंचायत सचिव के पास जमा करना होगा। 30 दिनों के ऊपर से 01 साल तक के मामलों में 50 रुपया विलंब शुल्क के साथ अपने पंचायत के पंचायत सचिव के पास जमा करना होगा । साथ ही जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से लिखित आदेश भी प्राप्त करना होगा। 1 वर्ष से ऊपर वाले मामलों में 100 रुपया विलंब शुल्क के साथ अपने पंचायत के पंचायत सचिव के पास जमा करना होगा साथ ही अपने क्षेत्र के कार्यपालक दंडाधिकारी से लिखित आदेश भी प्राप्त करना होगा। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि विगत 1 जून 2025 से 14 जुलाई 2025 तक गया नगर निगम द्वारा 1001 जन्म प्रमाण पत्र तथा 232 मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में 15300 जन्म प्रमाण पत्र एवं 1451 मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने नगर आयुक्त गया नगर निगम एवं सभी एसडीओ को निर्देश दिया है कि जन्म एवं मृत्यु संबंधित प्रमाण पत्र बनवाने में तेजी लाए। नगर आयुक्त एवं सभी एसडीओ सुनिश्चित करें कि आज से प्रमाण पत्र बनने में कोई कोताही नही रहे।

# निशुल्क बीपीएससी कोचिंग के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए राहत भरी खबर। बिहार सरकार की एक और बीपीएससी की तैयारी करने वालों को बड़ी राहत दी है। निशुल्क कोचिंग के लिए 19 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के बिहार राज्य हज समिति, पटना की ओर से संचालित राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजना में बीपीएससी की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग का मौका दिया जा रहा है। दरसल इस योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों से 12 जुलाई, 2025 तक ऑफलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिले के अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख पर बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे थे। इस बीच कई छात्रों ने समय कम रहने की वजह से आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग की थी। इसे देखते हुए विभाग ने आवेदन लेने की तिथि में एक सप्ताह का विस्तार कर दिया है। अब अभ्यर्थी 19 जुलाई, 2025 तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इस बात की जानकारी गया जिले के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय स्तर से यह निर्णय लिया गया है।आवेदन तिथि बढ़ने के कारण 14 जुलाई, 2025 को होने वाली प्रवेश परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया है।

# प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति कोंच में वार्षिक आम सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति कोंच में वार्षिक आम सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान जमा वृद्धि व्यवसाय पर भी चर्चा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैक्स प्रबंधकारिणी द्वारा आहुत वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने किया। रिया कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि अब तक जन औषधि केंद्र के लिए कोंच पैक्स को अप्रूवल मिल गया है। गयाजी ड्रग ऑफिस से लाइसेंस मिलने के साथ ही यहां जन औषधि केंद्र की शुरुआत कर दी जाएगी। ग्राहक सेवा केंद्र की शुरुआत 15 अगस्त तक कर देने का लक्ष्य हम सभी लेकर चल रहे हैं। उर्वरक व्यवसाय की शुरुआत करने की कोशिश की जा रही है।



जन वितरण केंद्र पुनः शुरू करने का विचार किया जा रहा है। एक नए गोदाम बनाने की कोशिश की जा रही है जिसकी क्षमता 1000 एम टी की हो। धान अधिप्राप्ति में एक सप्ताह में धान का पेमेंट किसानों को देने का लक्ष्य है। इसलिए मगध सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक टिकारी में किसानों का बैंक खाता खोलने के लिए कोंच पैक्स में ही जल्द बैंक के द्वारा शिविर लगवाया जा रहा है। इसके अलावा कोंच पैक्स में पूर्व में संचालित जमा वृद्धि व्यवसाय के बारे में भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई जिसमें सदस्यों एवं ग्रामीणों के द्वारा एकमत होकर अध्यक्ष और प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि पैक्स के ऋण धारकों के पास नोटिस भेजने की प्रक्रिया भी शुरू किया जाय। ताकि जमा वृद्धि व्यवसाय में लोगों के पैसे मिलने की शुरुआत जल्द ही की जा सके। बता दें कि इस वार्षिक आम सभा का उद्देश्य समिति के कार्यों की समीक्षा करना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था। इससे समिति को अपने कार्यों में सुधार करने और सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# किशोरी लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत के एक गांव से एक किशोरी लापता हो गई है। इस मामले में किशोरी के परिवार ने गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कांड संख्या 374/25 दर्ज कर मंगलवार को जांच शुरू कर दी है।

# भूमि विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मंगलवार को जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के विनीता देवी पति बिनोद कुमार गुप्ता ने 4 लोगों को आरोपी बनाया जिसमें सुमित्रा देवी, सुबोध साव, सूरज कुमार एवं पप्पू कुमार को आरोपी बनाया है। वहीं, दूसरे पक्ष के सुमित्रा देवी पति सुबोध साव ने 5 लोगों को आरोपी बनाया और उसमें विवेक कुमार, विनीता देवी, विशाल कुमार, बिनोद कुमार गुप्ता एवं विक्की कुमार का नाम शामिल है। कोंच पुलिस ने उक्त मामले में कांड संख्या 372/25 और 373/25 दर्ज किया है। विदित हो कि भूमि विवाद के मामलों में मारपीट होना आम बात है, लेकिन पुलिस ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करती है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करती है।

# हर्निया का ऑपरेशन कराने आये मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में हर्निया का ऑपरेशन कराने आये मरीज की मौत ऑपरेशन के तुरंत बाद हो गई। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में जमकर हंगामा किया। एसडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ, एसएचओ के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार टिकारी थाना क्षेत्र के मखपा गांव के रामचन्द्र साव के 48 वर्षीय पुत्र संजय साव हर्निया का ऑपरेशन कराने मंगलवार को अनुमण्डल अस्पताल में भर्ती हुए थे। अस्पताल में पदस्थापित सर्जन डॉ सत्येन्द्र कुमार व अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विश्वमूर्ति मिश्रा के द्वारा ऑपरेशन किया गया जिसके बाद अचानक संजय की हालत बिगड़ गई व संजय ने दम तोड़ दिया। मरीज की मौत के बाद आनन-फानन में चिकित्सकों के द्वारा एएनएमसीएच गया रेफर कर दिया गया। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आक्रोशित परिजनों के द्वारा अस्पताल गेट बंद कर सड़क जाम कर दिया गया व कॉलेज मोड़ के समीप जाम कर दिया व चिकित्सक पर कार्रवाई करने व मुआवजा देने का मांग किया गया। जाम की सूचना पर एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल पुलिस बल के साथ पहुंचे व आक्रोशितों को समझा कर मामला शांत कराया। एसडीएम द्वारा दोषी पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया वहीं एसडीपीओ ने परिजनों से लिखित शिकायत देने की मांग की ताकि कार्रवाई की जा सके। लगभग तीन घण्टे की मशक्कत के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम के लिए गया भेजी। मृतक के आश्रितों को बीडीओ योगेंद्र पासवान ने पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। वहीं अन्य सरकारी लाभ पात्रता के अनुसार देने की बात कही गई।

# 18 जुलाई को लगेगा रोजगार शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** श्रम संसाधन विभाग, विश्व विद्यालय नियोजन सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, बोधगया की तरफ से संयुक्त श्रम भवन, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, केंदुई, गयाजी में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस रोजगार शिविर श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कॉम लिमिटेड गया के द्वारा 02 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। क्लर्क का पद 01 एवं सेल्स मैनेजर के 01 पद के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 180000 सालाना तक का वेतन का भुगतान किया जाएगा।उक्त रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की का उम्र 20 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास या ऊपर की होनी चाहिए।

# नगर आयुक्त ने काम में लापरवाही बरतने पर रजिस्ट्रार व सहायक का वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश पर नगर निगम के नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने मंगलवार को जन्म-मृत्यु निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में लापरवाही करने वाले पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की है। निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ने रजिस्ट्रार व संबंधित सहायक राकेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोकने का निर्देश दिया है।नगर आयुक्त कुमार अनुराग के द्वारा जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन फॉर्म की गहण समीक्षा की गई। बताया गया कि निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही थी कि कई दिनों से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित है एवं निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इस क्रम में डीएम के द्वारा संज्ञान लेते हुए सभी को निदेशित किया था। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा पूरे प्रक्रिया की जांच की गई। नगर आयुक्त ने बताया कि समीक्षा से पता चला कि निबंधन नियमावली में कुछ दिनों पहले बदलाव हुए थे जिस कारण से रजिस्ट्रार द्वारा विलंब किया जा रहा था। बदलाव यह था कि अब एक वर्ष से पुराने जन्म मृत्यु के आवेदन की स्वीकृति एसडीओ देंगे। पूर्व में यह सत्यापन हेतु प्रखंड कार्यालय भेजा जाता था। साथ ही विलंब की राशि 50 से बढ़ाकर 100 रुपए कर दी गई है। वर्तमान में नियम यह है कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु सरकार द्वारा नई नियमावली के आलोक में 30 दिनों के अंदर जन्म या मृत्यु का अगर प्रमाण पत्र बनवाना है तो निगम में प्रतिनियुक्त रजिस्ट्रार द्वारा जांच कर निर्गत किया जाता है। 30 दिनों से एक वर्ष के अंदर वाले प्रमाण पत्रों की सत्यापन सांख्यकी पदाधिकारी सह जिला रजिस्टर द्वारा किया जाता है एवं 1 वर्ष के ऊपर जन्म मृत्यु घटनाओं को सत्यापन उपरांत एसडीओ से अनुमति प्राप्त कर निर्गत किया जाना है। वहीं रजिस्ट्रार एवं जन्म मृत्यु शाखा के सहायक को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि 426 आवेदन (एक वर्ष से अधिक) लंबित हैं, एसडीओ को अग्रसारित करें एवं अनुमति प्राप्त कर निर्गत करें तथा शेष लंबित जन्म मृत्यु आवेदनों को दो दिनों के अंदर निष्पादित करें।

इस दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर पुनः लंबित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।निष्पादन नही होने की स्थिति में दंडात्मक करवाई की जाएगी। प्रत्येक दिन कम से कम सौ से ज्यादा आवेदनों की एंट्री पोर्टल पर करें।साथ ही, पंजी संधारण में सुधार की आवश्यकता है। पंजी के रख रखाव एवं संधारण में निगम आयुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए।सभी लंबित आवेदनों को निष्पादित करने का व इस से संबंधित माह वार समेकित प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# बेलागंज में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी (बंध्याकरण) के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है जबकि चिकित्सा प्रभारी डॉ. मृत्युंजय कुमार का कहना है कि ऑपरेशन के बाद हाई अटैक आया था जिसके चलते मौत हुई है। मृतका की पहचान वंशी बिगहा निवासी संजू मांझी की पत्नी सोनी देवी(28) के तौर पर हुई है। संजू मांझी ने कहा सोमवार दोपहर बाद ऑपरेशन हुआ था। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ गई। शाम होते-होते स्थिति ज्यादा खराब हो गई। डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।एंबुलेंस से 2 एएनएम के साथ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मौत के बाद दोनों नर्स गाड़ी से उतरकर भाग गई।इसके बाद इसके बाद शव लेकर वापस सीएचसी पहुंचे।ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने लापरवाही बरती है जिसके चलते पत्नी की जान चली गई। बेलागंज थाने में लिखित आवेदन देकर दोषी पर कार्रवाई और सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों ने आवेदन मिला है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जांच के बाद ही ऑपरेशन होता है, फिर हार्ट अटैक कैसे आ गया।

# कांग्रेस ने बैठक में की विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखण्ड में मंगलवार को कांग्रेस की समिक्षात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गया जिला के नव नियुक्त पार्टी के जिला पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने कहा कि अब चुनाव अब पूर्व के रणनीति के आधार पर नहीं होगी, क्योंकि सत्ता पक्ष ने कूटनीतिक चाल चलते हुए मात्र एक माह में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य करवा रही है।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**—: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:—**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2024—25 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 05/10 दुधारू गाय की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2025 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु अब तक कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनान्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में 10 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल नम्बर पर भी दी गई है एवं प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी समय—समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला से दुधारू गाय पसंद करते हुए क्रय की जाय।

चयनित लाभुकों द्वारा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र हो सके।

**05/10 दुधारू गाय की योजना में लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं—**

| क्र0 सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **05 दुधारू गाय की योजना** | | | | | | | |
| 1 | नंदकिशोर कुमार यादव | राजदेव यादव | गोरेयाथान | खैरा दोहर | नौडीहा बाजार | 8092191609 | 292187744615 |
| 2 | पुनम पाण्डेय | सुनील कुमार पाण्डेय | लालगढ़ | लालगढ़ | विश्रामपुर | 9117381675 | 386878006402 |
| 3 | शकुंतला देवी | बाबुलाल शर्मा | झरना खुर्द | डाला कला | पाण्डू | 6208336710 | 524047935730 |
| 4 | सुरज कुमार सिंह | बहादुर सिंह | कुण्डेलवा | झाबर | सदर मेदिनीनगर | 7301591498 | 408925239070 |
| 5 | नारेन्द्र कुमार सिंह | अर्जून सिंह | चुकरू | सुआ | सदर मेदिनीनगर | 6204251884 | 951263655920 |
| 6 | रोशन किशोर तिवारी | रविन्द्र तिवारी | ओड़नार | हरिनामाड़ | चैनपुर | 9770498872 | 652296356313 |
| 7 | शीला देवी | मनोज कुमार चौधरी | खुराकला | खुराकला | चैनपुर | 9470917270 | 689046736671 |
| 8 | रामचन्द्र सिंह | झुलन सिंह | बांसडीह खुर्द | बांसडीह खुर्द | रामगढ़ | 6207808910 | 551345011960 |
| 9 | चन्द्रशेखर पाण्डेय | मधेश्वर पाण्डेय | ठकुराई दिदरी | सांगबार | निलाम्बरपिताम्बरपुर | 9693597155 | 792489920414 |
| 10 | धिरेन्द्र कुमार यादव | दशरथ यादव | धावाडीह | धावाडीह | सतबरवा | 8541832765 | 453403757250 |
| 11 | मंजीत कुमार | राम नरेश साहु | तुम्बागाड़ा | रबदा | सतबरवा | 6201097261 | 980779523075 |
| 12 | सबीता देवी | निरजल यादव | सालमदीरी | रतनपुर | पांकी | 8434239759 | 716841237137 |
| 13 | संगीता देवी | रविन्द्र पासवान | पचम्बा | नौडीहा—2 | पांकी | 7209394441 | 555219346270 |
| 14 | संगीता देवी | अरूण कुमार सिह | नागद | डुमरी | मनातु | 7909069544 | 657863664814 |
| 15 | ललिता देवी | अशोक सिंह | नागद | डुमरी | मनातु | 8603694534 | 518312399296 |
| 16 | मंजू देवी | रामाधार यादव | भौरहा | सलैया | हरिहरगंज | 8252329170 | 378366305920 |
| 17 | बिरेन्द्र मेहता | स्व0 मंगर मेहता | कादलकुर्मी | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 6201295538 | 482505267410 |
| 18 | जय प्रकाश कुशवाहा | राम प्रसाद कुश्वाहा | लोहरपुरा | इमामनगर बरेवा | हैदरनगर | 9471120055 | 318258727467 |
| **10 दुधारू गाय की योजना** | | | | | | | |
| 1 | विरेन्द्र रजक | कपिलदेव रजक | शाहपुर | शाहपुर | नौडीहा बाजार | 7091116084 | 654824083462 |
| 2 | विजय कुमार सिंह | स्व0 शिव प्रसाद सिंह | पंजरी कला | गुरी | विश्रामपुर | 9006977086 | 812642748447 |
| 3 | इन्देश प्रसाद | स्व0 मुनसफ महतो | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7909082186 | 840070125992 |
| 4 | उदय कुमार पासवान | स्व0 किशुन पासवान | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 9934052711 | 365428838830 |
| 5 | कमला देवी | सतेन्द्र कुमार यादव | सिमरसोत | कुकही | हैदरनगर | 7782002814 | 641679258251 |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 357310 Animal Husbandry(25-26).D

संपादकीय

## बिहार- संविधान बनाम मनुस्मृति?

बिहार में चुनाव पूर्व मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण और विपक्ष की उनके समर्थक वोटों को हटाए जाने की आशंका के बीच संविधान को भी मुद्दा बनाने की कोशिशें नए सिरे से शुरू हो गई हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव में भी यह मुद्दा बना था कि अगर भाजपानीत एनडीए सत्ता में आई तो वह संविधान को खत्म कर देगी। बिहार में संविधान से मुख्य आशय आरक्षण से है और घोर जातिवाद से घिरे इस राज्य में आरक्षण अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है। उधर प्रधानमंत्री बार-बार यह दुहाई दे रहे हैं कि एनडीए की तरफ से संविधान पर कोई संकट नहीं है। हमारा एजेंडा विकास का एजेंडा है। चूंकि बिहार की राजनीति देश के अन्य राज्यों से अलग है, इसलिए यहां दो माह पूर्व तक जातिगणना बड़ा मुद्दा थी। देश में जातिगणना कराने की मांग को लेकर पूरा विपक्ष और महागठबंधन एक था। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी ने एक कास्ट स्ट्राइक करते हुए देश में जातिगणना कराने का ऐलान कर विपक्ष के हाथों से यह मुद्दा छीन लिया। ऐसे में हतप्रभ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह कहना शुरू किया कि जाति जनगणना होगी भी तो वह सच्ची नहीं होगी। सच्ची जाति जनगणना कराने के लिए महागठबंधन को सत्ता सौंपनी होगी। यह बात अलग है कि राहुल गांधी के हिसाब जाति जनगणना तभी हो सकती है, जब उनकी पार्टी केन्द्र में सत्ता में आए, जिसके आसार तो फिलहाल दूर तक नजर नहीं आ रहे। जब जाति जनगणना के मुद्दे की हवा निकल गई तो अब संविधान के मुद्दे को फिर हवा दी जा रही है। यह नरेटिव बनाया जा रहा है कि यह चुनाव संविधान बनाम मनुस्मृति है। खुद राहुल गांधी ने मनुस्मृति पढ़ी है या नहीं, पता नहीं लेकिन इस ग्रंथ के दो चार विवादित श्लोकों को आधार बनाकर माहौल बनाया जा रहा है कि राज्य में एनडीए फिर से सत्तासीन हुई तो गरीबों, अल्पसंख्यकों और कमजोरों का हक मारा जाएगा। उन्होंने तेलंगाना शैली की जाति जनगणना कराने की भी मांग की, जिसे मोदी सरकार ने ठुकरा दिया। जहां तक एनडीए और भाजपा की बात है तो वह विस चुनाव नीतीश के चेहरे पर ही लड़ेगी, लेकिन सत्ता में लौटने पर उसका जोर भाजपा का सीएम बनाने का होगा। सत्ता में वापसी के लिए कई शगूफे छोड़े जा रहे हैं, जिसमें सरकारी नौकरियो में महिला आरक्षण शामिल है। संभव है कि चुनाव घोषणा के ऐन पहले बिहार में भी लाडली बहना जैसी योजना की घोषणा हो जाए तो बाजी आसानी से जीती जा सकती है। हालांकि एनडीए और प्रतिद्वंद्वी इंडिया गठबंधन में भीतर कुछ भी ठीक नहीं है। एनडीए के घटक और रालोसपा के मुखिया चिराग पासवान इस बार भी कोई खेल करने जा रहे हैं। इसके पीछे भाजपा की शह मानी जा रही है। उन्होंने ऐलान कर दिया है कि वो सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इससे जेडीयू और रालोजपा में घमासान छिड़ गया है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में भी सब कुछ ठीक नहीं है। राजद नेता तेजस्वी यादव को लग रहा है कि वो सीएम पद की शपथ लेने ही वाले हैं, इसलिए सारे प्रतिद्वंद्वियों को किनारे लगा रहे हैं। वैसे दोनो गठबंधनों में सीटों का बंटवारा भी आसान नहीं है। विपक्ष चाहता है कि देश में आरक्षण का विस्तार हो, ताकि उसका वोट बैंक मजबूत हो। जबकि एनडीए ऑपरेशन सिंदूर और विकास के दावों पर खेल रही है। अगर चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण के बाद बड़ी संख्या में वोट काट दिए तो विपक्ष के लिए मुश्किल हो सकती है। ऐसे में संविधान का मुद्दा भी हल्का पड़ सकता है।

# नीति आयोग की मानव पूँजी से संबंधित क्रांति



राव इंद्रजीत सिंह

भारत जैसे विशाल और वैविध्यपूर्ण देश में प्रगति का वास्तविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है।

मानव पूँजी—हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता— केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछ्ले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक-नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत?वपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है।

एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है।

लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है।

यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है।

पिछ्ले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है।

इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है।

इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला- शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्?पना की गई है।

नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्?यायसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने –रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया।

इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया।

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है।

कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत?वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया—अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए।

इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को—मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं।

अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना।

अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्?वास्?थ्?य का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया।

कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया—जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था।

कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्?वास से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्?यायसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए।

महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया।

इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्?टम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट-अप आज फल-फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं।

लेकिन संभवत~इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य- आधारित नीति-निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है।

इसने विशाल आँकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढाँचों का लाभ उठाकर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और ज़मीनी हक़ीक़तों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है।

चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्?पादन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है।

विभिन्न मंत्रालयों और क्षेत्रों में संयोजन और समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक परामर्शदायी निकाय से कहीं अधिक बना दिया है—यह विकास के अंत~करण का रक्षक बन गया है।

इसने कार्य निष्?पादन -आधारित रैंकिंग के माध्यम से राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया, हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज़ बुलंद करने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम किया और सर्वोत्तम प्रथाओं को देश में लाने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ सहभागिता की।

वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का बढ़ता कद और संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से मिली प्रशंसा इस प्रयास के प्रति दुनिया के सम्?मान को दर्शाती है।

नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियाँ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता —स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में महिला-पुरुष समानता तक- हर पहल में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है।

ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है—यह जनता को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानने वाली नीतियों के जरिए संचालित एक प्रगतिशील कार्य बन चुका है। नीति आयोग ने विकास के इर्द-गिर्द के विमर्श को ऊपर उठाते हुए हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति गगनचुम्?बी इमारतों या सबसे बड़े कारखानों से नहीं, बल्कि जनता की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापी जाती है।

ऐसा करके, यह महज एक थिंक टैंक से कहीं बढ़कर बन गया है। यह युवा, महत्वाकांक्षी भारत—एक ऐसे भारत की धड़कन बन गया है जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कर्म करता है। और इस कहानी के केंद्र में वह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था का ही नहीं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र का भी निर्माण करते हैं।

**(लेखक सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना और संस्कृति राज्य मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## दूसरों की गलतियों को माफ करके आगे बढ़ेंगे तो जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी



एक दिन महावीर स्वामी किसी गांव के बाहर जंगल में ध्यान कर रहे थे। उस समय गांव के कुछ अशिक्षित लोग अपनी गायों को चराने के लिए जंगल में आए। उन्होंने एक व्यक्ति को ध्यान में बैठे हुए देखा। सभी अशिक्षित थे तो तप और ध्यान के बारे में जानते नहीं थे, वे महावीर स्वामी को भी नहीं पहचानते थे। चरवाहों ने महावीर जी को सामान्य इंसान समझा और उनके साथ मजाक-मस्ती करने लगे, उन्हें परेशान करने लगे। गांव के लोग स्वामी जी को परेशान कर रहे थे, लेकिन वे अपने ध्यान में मग्न थे। चरवाहों की वजह से भी उनका ध्यान नहीं टूटा। गांव के विद्वान लोगों ने चरवाहों की ये हरकत देखी तो वे तुरंत महावीर स्वामी के पास पहुंचे। गांव के विद्वान लोग स्वामी जी को पहचानते थे। विद्वानों ने महावीर स्वामी से अशिक्षित लोगों की गलतियों के लिए क्षमा मांगी। स्वामी जी ने आंखें खोलीं और सभी की बातें ध्यान से सुनीं।

गांव के लोगों ने माफी मांगते हुए कहा कि हम आपके लिए यहां एक कमरा बनवा देंगे, जिससे आप शांति से तपस्या कर पाएंगे। कोई भी आपकी साधना में बाधा नहीं बनेगा।

भगवान महावीर ने सभी की बातें सुनकर कहा कि ये सभी चरवाहे भी मेरे अपने ही हैं। बच्चे नादानी में अपने माता-पिता का मुंह नोचते हैं, मारते हैं, फिर भी माता-पिता बच्चों से नाराज नहीं होते हैं। मैं इन चरवाहों से नाराज नहीं हूं। आपको मेरे लिए कमरा बनवाने की जरूरत नहीं है। आप जो धन मेरे लिए कमरा बनाने में खर्च करना चाहते हैं, वह गरीबों के कल्याण में खर्च करेंगे तो मुझे अच्छा लगेगा।

**सीख**

इस किस्से में महावीर स्वामी ने संदेश दिया है कि हमें दूसरों की गलतियों पर गुस्सा नहीं करना चाहिए। शांति से सभी की बातें सुननी चाहिए और गलतियों को माफ करके आगे बढ़ना चाहिए, तभी जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

### पूर्वोत्तर भारत को मिली नई रफ्तार :

# बइरबी-सायरंग रेल लाइन से मिजोरम में बहेगी विकास की बयार









वर्ष 2025 मिजोरम के इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर दर्ज हुआ है। पहली बार इस पर्वतीय राज्य की राजधानी आइजोल को देश के ब्रॉड गेज रेलवे नेटवर्क से जोड़ा गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि बइरबीङ्कसायरंग ब्रॉड गेज रेल परियोजना के पूरा होने से संभव हो सकी है। यह न केवल मिजोरम, बल्कि समग्र पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के लिए भी एक क्रांतिकारी कदम है।

मिजोरम भारत का एक दूरस्थ, पहाड़ी और सीमावर्ती राज्य है, जिसकी सीमाएं उत्तर में असम और मणिपुर, पश्चिम में त्रिपुरा और बांग्लादेश तथा पूर्व व दक्षिण में म्यांमार से मिलती हैं। समुद्र से कटा होने और ऊबड़-खाबड़ भौगोलिक संरचना के कारण यह राज्य अब तक सड़क मार्ग पर ही निर्भर था। सीमित सड़क कनेक्टिविटी और अविकसित बुनियादी ढांचे के कारण यह क्षेत्र देश की मुख्यधारा से कटा-कटा महसूस करता था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 29 नवंबर 2014 को बइरबीङ्कसायरंग रेल परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण कार्य 2014ङ्क15 में पूर्ण किया गया और 2015ङ्क16 से निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए यह परियोजना 2025 में पूरी हुई और जून 2025 में रेलवे सुरक्षा आयुक्त (ष्टक्रस्) ने इसके संचालन की अनुमति प्रदान की।

परियोजना के अंतर्गत 51.38 किमी लंबी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का निर्माण किया गया है, जिस पर 100 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनों का परिचालन संभव है। इस रेल खंड पर बइरबी से सायरंग के बीच हॉर्तोकी, कवनपुई और मुआलखांग स्टेशन स्थित हैं। परियोजना में कुल 48 सुरंगें बनाई गई हैं, जिनकी कुल लंबाई 12.85 किमी है। इसके अलावा, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल, 5 रोड ओवरब्रिज तथा 9 रोड अंडरब्रिज भी बनाए गए हैं। इनमें से सबसे ऊंचा पुल 104 मीटर ऊंचा है, जो दिल्ली की कुतुबमीनार से भी ऊंचा है।

इस परियोजना की कुल लागत ?7,714 करोड़ आंकी गई है और इसके निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (हृस्नक्र) को दी गई थी।

यह परियोजना मिजोरम के आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सड़क मार्ग की सीमाओं से जूझते इन लोगों को अब तेज, सुरक्षित और सस्ता परिवहन विकल्प मिलेगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाएं और उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान होगी, बल्कि राज्य के युवाओं को रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी मिलेंगे। कृषि क्षेत्र में भी इसका प्रभाव दूरगामी होगा। स्थानीय किसान अब अपने कृषि उत्पादों को देश के विभिन्न बाजारों तक कम लागत और कम समय में पहुंचा सकेंगे, जिससे उनकी आमदनी में इज़ाफा होगा। इससे राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा। पर्यटन की दृष्टि से भी यह रेलवे लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिजोरम की मनोहारी प्राकृतिक छटा, सुरंगें, घाटियाँ और पुल इस रेल यात्रा को यादगार अनुभव में बदल देंगे। इससे न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका सामरिक महत्व है। म्यांमार सीमा के करीब होने के कारण यह रेलवे लाइन भारत की सामरिक रणनीति को भी मजबूती देती है। यह भविष्य में दक्षिण-पूर्व एशिया तक रेलवे संपर्क के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को गति देने वाला एक प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है।

अब मिजोरम की राजधानी आइज़ोल भी भारतीय रेल मानचित्र पर दर्ज हो चुकी है। इसके साथ ही पूर्वोत्तर की अन्य राज्य राजधानियाँ ङ्कगुवाहाटी (असम), इटानगर (अरुणाचल प्रदेश), अगरतला (त्रिपुरा), और शिलांग (मेघालय) (हालांकि शिलांग आंशिक रूप से) ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ चुकी हैं।

इस परियोजना के दौरान मौसम, भूगोल और संसाधनों की जो चुनौतियाँ सामने आईं, उन्होंने भारतीय रेल की इंजीनियरिंग क्षमता, प्रबंधन दक्षता और दूरदृष्टि को प्रमाणित किया। क्षेत्र में वर्षभर केवल 4ङ्क5 महीने ही निर्माण कार्य संभव था, शेष समय वर्षा और भूस्खलन के कारण कार्य अवरुद्ध रहता था। संकरी और तीव्र ढाल वाली सड़कों पर निर्माण सामग्री को बड़े ट्रकों से उतार कर छोटे वाहनों से ढोया गया। साथ ही, श्रमिकों की कमी, नेटवर्क की समस्याएं और भौगोलिक अलगाव जैसी बाधाओं के बावजूद परियोजना समयबद्ध रूप से पूरी की गई। बइरबीङ्कसायरंग रेलवे परियोजना मिजोरम के विकास की नई रेल बन चुकी है ङ्क जो कनेक्टिविटी से कहीं आगे, एक सामाजिक, आर्थिक और सामरिक बदलाव का वाहक बन चुकी है।

**आज का कार्टून**




## राशिफल

**मेष**

गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध भावनायें भड़का सकते हैं। मस्तिष्क में नयी योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जायेगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृषभ**

सम्पत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गयी कोई बात सत्य सिद्ध होगी।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियन्त्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क**

बिगड़ते रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सौहार्द बनाकर रखें।

**सिंह**

नये सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें। कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिये।

**कन्या**

आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। उधार के लेन-देन में लाभ मिलेगा। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे।

**तुला**

आज आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी।

**धनु**

घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। आज घर में टेलीविजन और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा।

**मकर**

आपके रुके हुये कार्य आज सम्पन्न होंगे। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**कुंभ**

आज आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य प्रारम्भ नहीं करना चाहिये। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे।

**मीन**

विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी।

# बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत पहली किस्त की राशि का वितरण

## 27 लाभुकों के बीच साढ़े तेरह लाख का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार लघु उद्यमी योजना 2025 के तहत चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि का वितरण समारोह का आयोजन पटना स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित किया गया। मौके पर उद्योग मंत्री बिहार नीतीश मिश्रा, अपर मुख्य सचिव उद्योग विभाग मिहिर कुमार सिंह, तकनीकी निदेशक शेखर आनंद समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बिहार के 20106 लाभुकों के बीच प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभुक पचास हजार रुपए, कुल सौ करोड़ 53 लाख वितरण हुआ। इस दौरान भोजपुर में भी जिला समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। महाप्रबंधक मधु कुमारी द्वारा उपस्थित 27 लाभुकों को 13,50,000 रुपए की राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भोजपुर के लाभार्थी और उद्योग विभाग के पदाधिकारी कार्यक्रम से जुड़े थे। वही कार्यक्रम में ही लाभुकों को पहली किस्त की राशि का मैसेज उनके मोबाइल पर आया तो ताली बजाकर उपस्थित लाभुकों ने अपनी खुशी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में वीसी से जुड़े जिले के लाभार्थियों ने अपने अनुभव को भी साझा किया। भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड अंतर्गत सुखरौली गांव निवासी चंदन कुमार का सैलून है। जिन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले आर्थिक रूप से मै कमजोर था, मैं अपना बिजनेस सही से नहीं कर पा रहा था, जब बिहार लघु उद्यमी योजना का मुझे लाभ मिला तो मैं खुद तो आत्मनिर्भर बना ही, दो लोगों को भी रोजगार दे रहा हूं। बताया कि मुझे जानकारी मिली कि सरकार बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत दो लाख की राशि उद्योग के लिए दे रही है, तो मैने जिला उद्योग केन्द्र से संपर्क किया, जहां से मुझे मदद मिली और मैने इस योजना के लिए आवेदन किया। जिसके बाद मेरा इस योजना में चयन हुआ और मुझे अलग अलग किस्तों में राशि मिली। आर्थिक सहायता मिलने के बाद मै अपने सपनों को साकार कर आज आत्मनिर्भर बना हूं। वही आरा के बेगमपुर निवासी अभिमन्यु कुमार सिंह ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए कहा कि पैसे के अभाव में मैं अपना उद्योग नहीं चला पा रहा था। मुझे जब बिहार लघु उद्यमी योजना का लाभ मिला तो मेरा सपना सच हुआ। सफल लाभुकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद करते हुए, जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर का आभार जताया। महाप्रबंधक मधु कुमारी ने कहा कि हाशिए पर खड़े लोगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्योग विभाग द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने चयनित लाभुकों से कहा कि इस योजना के तहत मिली राशि का सदुपयोग करें और अपने उद्योग को स्थापित करें। मौके पर मधु कुमारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर, उद्योग विस्तार पदाधिकारी हरेश कुमार, अरविंद कुमार, स्वेता कुमारी, मनोज कुमार, एमएसएमई मित्रा बंटी, नीरज समेत काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे। बतादे कि बिहार में जाति आधारित गणना में आर्थिक रूप से कमजोर पाए गए 94 लाख से अधिक विभिन्न वर्गों के गरीब परिवारों के आर्थिक उत्थान हेतु इन गरीब परिवारों में एक सदस्य को रोजगार का साधन उपलब्ध कराने एवं राज्य में बेरोजगारी दर में कमी लाए जाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा बिहार लघु उद्यमी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत लाभुकों को दो लाख की राशि तीन किस्तों में उद्योग स्थापित करने के लिए अनुदान के रूप में दी जा रही है।




## पैक्स सदस्यों की वार्षिक आमसभा आयोजित

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहकारिता विभाग के निर्देश पर मंगलवार को बलिया प्रखंड क्षेत्र के भगतपुर पैक्स सदस्यों की वार्षिक आमसभा का आयोजन पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आज के इस आमसभा मे सदस्यों को पैक्स के जमा पूंजी और लाभ हानि के बारे मे जानकारी के साथ ही सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं अधिप्राप्ति बिहार राज्य फसल सहायता योजना मुख्यमंत्री हरित कृषि सयंत्र पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पैक्स के सदस्यों ने कहा कि जानबूझ कर भगतपुर के किसानो को पिछले वर्ष फसल सहायता योजना से बाहर कर दिया गया। जब की हमारे पंचायत के 75 प्रतिशत जमीन गंगा से होने बाली बाढ़ और जल जमाव मे डूब जाती है। किसानो ने जल्द से जल्द प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बिहार मे शुरूकरने की मांग की। एवं पेक्स के अन्तर्गत वह सारी योजनाओं को देने की मांग की। जो किसानो के लिए पंचायत मे चलाई जाती है। पेक्स की जर्जर गुदाम को जल्द से मरम्मती करवाने की मांग की इसपर अध्यक्ष ने सदस्यों को आश्वासन दिया की विभाग के अधिकारी से आपके मांगो पर चर्चा कर इसका निराकरण करने की कोशिस करेंगे।

## आमसभा कर विभिन्न प्रस्ताव किये गए पारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के बिचला जंगल महाल पैक्स गोदाम प्रांगण में मंगलवार को वार्षिक आमसभा का आयोजन पैक्स अध्ययन दयाशंकर कुशवाहा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान निर्वाचन के बाद से अभी तक बिचला जंगल महाल पंचायत के प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति का कोई काम काज नहीं होने सहित प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के कार्यशैली व उनके तबीयत खराब रहने के मसले पर चर्चा हुई। जिसके बाद वार्षिक आम सभा में बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दीपक कुमार को कार्यवाहक प्रबंधक नियुक्त किया गया। बैठक में मौजूद कार्यकारिणी सदस्यों व किसानों ने भी विभिन्न सुझाव दिए। जिसमें खाद व बीज का व्यवसाय, जन वितरण प्रणाली, 1000 मीट्रिक टन के एक नए गोदाम का निर्माण आदि शामिल थे। जिसके बाद प्राप्त सुझावों को भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही रिक्त सदस्यों के निर्वाचन के लिए बहुमत से अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। पैक्स अध्यक्ष दयाशंकर कुशवाहा ने बताया कि पैक्स से जुड़ी जो भी समस्याएं थी या पेंच फंसा हुआ था आम सभा कर उसका समाधान किया गया। प्रबंधक द्वारा पूर्व में समिति के कुछ प्रबन्धकारिणी सदस्यों को गुमराह करके उनका इस्तीफा दिलवाया गया था। आमसभा में सभी के इस्तीफ़े को मंजूर कर उक्त सभी पदों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग को पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया। सभा में सरपंच अनिता देवी, सत्येन्द्र राम, मनोज कुमार, धन्नु बैठा, फैयाज जी, अजीत कुमार सहित समिति सदस्य, किसान व ग्रामीण शामिल रहे।

## कृषि साख सहयोग समिति की आम सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) का विभागीय निर्देश के आलोक में मंगलवार को आम सभा आयोजित किया गया। अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष ने की। बीसीओ अनिल कुमार चौधरी ने आमसभा के औचित्य को विस्तार से बताया। रजाकपुर पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार ने उपस्थित सदस्यों को पैक्स के ऑडिट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आडिट के उपरांत पैक्स अल्प आय की स्थिति में है। पैक्स द्वारा गेहूं, धान अधिप्राप्ति हेतु सरकार पैक्स को ऋण मुहैया कराती है। मिलर द्वारा एसएफसी को अधिप्राप्ति किए गए धान से चावल तैयार कर उपलब्ध कराता है। अभी तक संपूर्ण धान का चावल मिलर द्वारा एसएफसी को उपलब्ध नहीं करा सका है। जिससे पैक्स को राशि उपलब्ध नहीं हो पाया है। ऋण का ब्याज भी काफी हो जाने से पैक्स घाटे में है। अल्प आय की स्थिति में सदस्यों को लाभांश से वंचित होना पड़ा। ऑडिट की त्रुटि पर भी विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री हरित कृषि योजना संचालन पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने वार्षिक विवरणी प्रस्तुत किया। सीएससी संचालन पर जोर दिया। सदस्यों ने पैक्स के माध्यम से सदस्य किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की। इसके लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। लाइसेंस मिलने के उपरांत पैक्स खाद का कारोबार करने में सक्षम हो जाएगा। मौके पर प्रबंधक अरविंद कुमार, सदस्य हरेराम पोद्दार, शिव नंदन पासवान, जितेंद्र कुमार, गणेश महतो, मुकेश कुमार, नंदकिशोर पासवान, मो इसामुल, गोपाल महतो, इन्दु देवी, अशोक ठाकुर आदि मौजूद थे।

## इवीएम डिमांस्ट्रेशन सेंटर का डीएम ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निदेश के आलोक में मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने एवं प्रशिक्षण देने के लिए जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल स्तर पर ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना की गई है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा मंगलवार को बेगूसराय अनुमंडल कार्यालय परिसर में जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालय के लिए स्थापित किए गए ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिले के पांच अनुमंडल बेगूसराय सदर, तेघड़ा, बलिया, मंझौल एवं बखरी में सभी विधान सभा क्षेत्र के लिए ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना की गई है। जहां मतदाताओं को ईवीएम संबंधित बीयू, सीयू, वीवीपैट की जानकारी दी जायेगी। सभी स्थलों पर ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर मंगलवार से बिहार विधान सभा आम निर्वाचन की घोषणा की तिथि तक कार्यरत रहेगा। कार्यालय अवधि में कोई भी मतदाता ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर में आकर ईवीएम के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इससे मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता आयेगी। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए उपरोक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को ईवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का प्रचार-प्रसार करने एवं प्रत्येक दिन अधिक से अधिक मतदाताओं ईवीएम के संबंध में प्रशिक्षित कर जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी बेगूसराय, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बेगूसराय, सभी अवर निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।



## श्रीकृष्ण पूजा समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** श्रीकृष्ण पूजा समिति की बैठक सोमवार को हुई। इसमें पूजा समिति एवं गांव के तमाम बुद्धिजीवियों एवं युवाओं ने भाग लिया। अध्यक्षता यशवंत सिंह ने की। उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में मेला समिति के कार्यो की सराहना की तथा सदस्यों को बधाई दी। बैठक में इस वर्ष बेहतर मेला योजना व उसकी तैयारी की रूपरेखा बनायी गयी।मेला समिति के अध्यक्ष वचनदेव कुमार न इस वर्ष मेला की रणनीति सभी ग्रामीणों के समक्ष रखी जिसमें सभी ग्रामीणों ने मिलकर सहमति जताई। भगवान श्री ष्ण का जन्मोत्सव 16 अगस्त की रात्रि में मनाया जाएगा। चार दिवसीय मेला की शुरूआत उदघाटन के बाद 17 अगस्त को होगी जो 20 अगस्त तक रहेगा। भजन सम्राट भरत व्यास का जागरण कार्यक्रम 16 अगस्त को होने का निर्णय लिया गया। मथुरा व वृन्दावन की रासलीला भी होगी। साथ ही इस अवसर पर भव्य अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित करने की बात हुई। सभी ग्रामीणों से पूर्ण रूपेण सहयोग करने की अपील की गयी। मौके पर अध्यक्ष वचनदेव कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सहनी, सचिव मृत्युंजय कुमार, कोषाध्यक्ष गोविंद अलबेला, सदस्य विकु कुमार, मनीष कुमार, चंदन कुमार, प्रमोद सिंह, महेश सिंह गोलू आदि उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगी नव संकल्प महासभा : डा. भट्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आगामी 19 जुलाई को मुंगेर के पोलो मैदान में आयोजित नव संकल्प महासभा ऐतिहासिक होगा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डा. राजेश भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोरों पर है। कार्यक्रम को लेकर मुंगेर समेत जमुई शेखपुरा खगड़िया बेगूसराय लखीसराय भागलपुर और बांका जिलों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी का बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का विजन बिहार के विकास का रोड मैप है जिसे धरातल पर उतरा जाएगा। बिहार के विकास को लेकर एनडीए की सरकार संकल्पित है। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे। नव संकल्प महासभा की तैयारी को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता ने परिसदन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। डा. भट्ट ने प्रेस को संबोधित करते हुए पत्रकारों को बताया कि मुंगेर में आयोजित नव संकल्प महासभा में बेगूसराय जिले से लाखों लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पावन भूमि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। पार्टी का विजन बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट को लेकर बिहार के हर उस वर्ग हर उस जाति हर उस धर्म के लोगों के विकास का संकल्प जो मुख्य धारा में अब तक नहीं जुड़ पाए हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बिहार से जुड़े पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी सभी प्रदेश के पदाधिकारी और आठ जिलों के 32 विधानसभाओं के कार्यकर्ता और सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। ड भट्ट ने कहा कि चिराग पासवान चाहते हैं कि समाज में असुरक्षा के भाव की जगह सुरक्षा महसूस हो, कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो, युवाओं को रोजगार मिले पलायन रूके और जो पलायन को मजबूर हुए हैं। उनकी पुनः बिहार वापसी हो और उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। तेजस्वी के मामले पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए डा. भट्ट ने कहा कि तेजस्वी बिहार की जनता को अपमानित करते-करते लोकतंत्र के चौथे स्तंभ और समाज के मजबूत पहरूओं पत्रकारों को भी अपमानित करने से नहीं बाज आ रहे है। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश महासचिव बालमुकुंद सिंह जिला उपाध्यक्ष न्यूटन कुमार जिला महासचिव बिंदेश्वरी दुबे जिला महासचिव मोहन पासवान मटिहानी विधानसभा अध्यक्ष संजय चौधरी, आई टी सेल के जिला उपाध्यक्ष, कुंदन कुमार युवा नगर अध्यक्ष मुकेश पासवान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीएम की सभा को लेकर सवर्ण आयोग ने किया जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने मोतिहारी के अलग-अलग इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। डॉ. सिंह ने कहा कि यह जनसभा बहुत ही खास और ऐतिहासिक होगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 18 जुलाई 2025 को मोतिहारी के गांधी मैदान में होने वाली जनसभा को लेकर लोगों में ज़बरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे को लेकर गांव-गांव और शहरों में चर्चा हो रही है। लोगों में उनके स्वागत को लेकर काफी जोश है। युवा, महिलाएं, किसान, व्यापारी हर कोई प्रधानमंत्री को सीधे देखने और सुनने के लिए उत्साहित है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग चाहे वो गरीब हो, पिछड़ा हो, दलित हो या सवर्ण सबके लिए काम किया है। इसके पूर्व सवर्ण आयोग का अध्यक्ष बनने के बाद मोतिहारी में प्रथम आगमन पर मोतिहारी सर्किट हाउस में लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अजीत कुमार, राजीव कुमार, रत्नेश्वरी शर्मा, डॉ प्रभाकर कुमार, मुखिया राजू ठाकुर, मनीष शेखर, कौशल ठाकुर, कन्हैया सिंह, पप्पू सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह, सुजीत सिंह, रजनीश कुमार, अवधेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी लोकेश कुमार, विवेक सिंह आदि ने फूल माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत और सम्मानित किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉ. सिंह का कई स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत हुआ। लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और सवर्ण आयोग का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। लोगों ने भरोसा जताया कि डॉ. सिंह समाज की आवाज बनकर काम करेंगे।



## डीएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छोटा बरियारपुर रहमानिया कोल्ड स्टोर के समीप हनुमान मंदिर के बगल में डीएम मल्टीस्पेशलिस्ट में सफल ऑपरेशन किया गया। जिसमें लगभग 8 किलोग्राम का मांस का लोथरा 17 वर्षीय बच्ची के पेट से निकल गया। अस्पताल के निदेशक डीके गिरी ने बताया कि हमारे यहां नवजात शिशु सरकारी प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुकेश चंद्र द्वारा कराया जाता है। अस्पताल के कैंपस में सभी प्रकार की जांच की व्यवस्था की गई है। साथ ही बताया कि अस्पताल में 24 घंटा इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है।

## जिला नियोजनालय में जॉब कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मडल करियर सेन्टर, बेगुसराय में एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कैम्प में निजी कंपनी शिवशक्ति एग्रोटेक लिमिटेड के प्रतिनिधि गोपाल नाग के द्वारा कैम्प में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 30 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 26 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत चयनित किया गया। जब कैम्प में कुल 52 अभ्यर्थी सम्मलित हुए। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैम्प का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जेएस ए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधानलिपिक विनय कुमार, डीएसएम सतीश पटेल उपस्थित थे।

## एक नजर

### बखोरापुर में बंदरों का उत्पात, कई घायल

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले में बंदरों का आतंक बढ़ गया है। इसी दौरान बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर गांव में भी कई महिलाओ, बच्चों को घायल कर दिया है। इसको लेकर पूर्व सरपंच शत्रुघ्न सिंह ने भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से मिलकर एक आवेदन दिया है। बताया है कि बखोरापुर में बंदरों के उत्पात से बूढ़े, बच्चें व महिलाएं सहमे हुए है। दर्जनों का झुण्ड कितने लोगो को काट लिया है। जिससे ग्रामीण जनता परेशान है। अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से स्पष्ट कहा कि ग्रामीण जनता द्वारा इस आशय कि जानकारी कितनी बार दी गई कि बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ दिया जाए लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। आरा नगर निगम के तर्ज पर बंदरों का रेस्क्यू अभियान चलाकर बंदरों को पकड़कर भभुआ स्थित जंगलों में छोड़ा जा रहा है। उसी अभियान के तहत रेस्क्यू कर बखोरापुर से भी बंदरों को हटाया जाए ताकि बखोरापुर ग्रामीण जनता को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के फूलवरिया गांव में 8 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन जदयू नेता सुबोध कुमार नें फीता काटकर किया। युवाओं के हौसला को बढ़ाते हुए सुबोध कुमार नें कहा कि हम हमेशा से युवाओं के साथ हैं और जब भी जरूरत पड़ेगी हमेशा युवाओं के लिए खड़े रहेंगे। युवाओं को क्रिकेट सामग्री हेतु सुबोध कुमार नें खिलाडियों को आर्थिक मदद भी किया। किसान प्रकोष्ठ के जदयू जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद नें कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नें यूवाओं को लेकर काफी काम किया है और हाल ही में युवा आयोग का गठन इस बात का प्रमाण है कि जनता दल (यू.) हमेशा से युवाओं के हित में काम करते आये हैं। लोकगायक नीरज पाली नें अपने सुमधुर गीतों से खिलाडियों को झूमाया। छात्र जिला उपाध्यक्ष सुरज कुमार एवं प्रवक्ता कैलाश सर ने सुबोध कुमार के बारे में बताया कि सुबोध जी युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं एवं युवाओं को लेकर साहेबपुर कमाल विधानसभा में काफी काम कर रहे हैं। साथ में सुनील कुमार, ग्रामीण लालू यादव, मनीष यादव, रामप्रवेश यादव एवं अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

### दो आरोपित गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय पुलिस के द्वारा रविवार की रात छापेमारी कर विभिन्न मामलों के दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि कांड संख्या 245७25 में बड़ी बलिया उत्तरी वार्ड 15 निवासी सूरज कुमार यादव उर्फ सूरज के पुत्र मोनू कुमार उर्फ चक्रवर्ती उर्फ राजकुमार एवं कांड संख्या 297७25 में भगतपुर वार्ड 5 निवासी शेखर महतो के पुत्र सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मोनू कुमार पर शराब मामले की प्राथमिकी दर्ज थी। जबकि सन्नी कुमार पर साइकिल चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज थी। दोनों गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नागपंचमी पर उमड़ी भगवती मंदिर में भीड़

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नागपंचमी के अवसर पर भगवती मन्दिरों में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बभनगामा, पहसारा, देवपुरा, हसनपुर बागर, समसा, नावकोठी, छतौना, सैदपुर, चक्का, रजाकपुर, बेगमपुर आदि भगवती मंदिरों में श्रद्धालुओं ने झांप के साथ दूध, लावा आदि चढ़ाया। प्रसाद के नाम पर दही, नीम का पान भी किया। दोपहर में भगत स्नान करने बूढ़ी गंडक नदी गये। वहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के करतब भी दिखाये। कहीं दूध बेंत से दूध निकाला तो कहीं सूखे फल श्रद्धालुओं के बीच बांटे। लोग नीर, अक्षत के लिए उमड़ पड़े थे। देवपुरा में कुश के बने कलश में बूढ़ी गंडक नदी का जल लाया गया। बताया गया कि इस मंदिर में माता भगवती की असीम कृपा है तभी तो क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ भगवती मंदिरों में उमड़ पड़ती है। हसनपुर बांगर के भगवती मंदिर में नाच का भी आयोजन किया गया। वहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ भीड़ भी देखी गई। मेला का मजा कुछ मौसम भी बिखेर दिया। दिन भर बारिश का मौसम छाया रहा।

### बारिश के लिए मांगी गई दुआ

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रक्सौल के लक्ष्मीपुर में मंगलवार के दिन पूरे रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र को इस समय भीषण जल संकट से निजात दिलाने के लिए मुस्लिम भाईयों ने एक साथ सामूहिक रूप से दुआ का आयोजन किया। इसमें पूरे रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र में झमाझम बारिश की दुआ मांगी गई। दुआ करने के बाद उपस्थित लोगों ने बताया कि सामूहिक दुआ की बड़ी अहमियत होती है। यदि अल्लाह समूह में मौजूद किसी एक व्यक्ति की दुआ को भी कबूल कर लेता है तो पूरे समूह की दुआ कबूल हो जाती है। इसलिए इस्लाम में सामूहिक प्रार्थना पर जोर दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अल्लाह से बारिश के लिए दुआ करें, ताकि आम लोगों के साथ-साथ किसानों को भी राहत मिल सके। बताया गया कि यह सामूहिक दुआ तीन दिनों तक लगातार की जायेगी। दुआ के इस सामूहिक मौके पर इंडिया गठबंधन के नेता रामबाबू यादव भी अपने लोगों के साथ इसमें शरीक हुए।

### छात्रावास को लेकर कमेटी गठित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के जगदर में मंगलवार को बेगुसराय क्षत्रिय छात्रावास को लेकर वीरपुर प्रखंड स्तरीय कुशवाहा समाज का बैठक जगदर गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद महतों के दरवाजे पर आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता गाड़ा गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश प्रसाद सिंह ने की। जबकि संचालन प्रमोद महतों ने की। बैठक में मौजूद कुशवाहा छात्रावास के जिलाध्यक्ष दिलिप कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता श्याम बिहारी वर्मा के नेतृत्व में बैठक में उपस्थित लोगों से राय मसवरा के उपरांत प्रमोद महतों को प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ललन महतों, सचिव मुकुंद कुमार, उपसचिव अनिल प्रसाद, कोषाध्यक्ष ड मंटून कुमार के साथ कार्यकारी सदस्य के रूप में डा. राजेश कुमार, राम वरन महतों, अवधेश महतों, राम चंद्र महतों, जयराम महतों, विक्रम महतों, चंदन कुमार, अरविंद कुमार, संरक्षक के रूप में वीरपुर प्रखंड के पूर्व प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, अरूण प्रसाद सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, राम कैलाश प्रसाद सिंह, रामानंद प्रसाद सिंह को चुना गया है। जिलाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस कमिटी के निर्माण हो जाने से अब कुशवाहा छात्रावास को अपनी विकास की गति में एक नई ऊर्जा मिलेगा। बैठक में कुशवाहा समाज के कई और लोग मौजूद थे।

### पीएम की यात्रा को लेकर लिया जायजा

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 जुलाई को मोतिहारी आगमन को लेकर केंद्र एवं बिहार सरकार के मंत्रियों के अतिरिक्त वरीय पदाधिकारियों का दौरा लगातार मोतिहारी में हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, डीजीपी विनय कुमार, पीएचईडी सचिव पंकज कुमार पाल ने आयोजन स्थल का जायजा लिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर गाँधी मैदान में भव्य पंडाल लगाया गया है। जिसमें सवा लाख से कुर्सियाँ लगाई जा रही हैं। मोतिहारी में आज तक इससे भव्य पंडाल कभी किसी आयोजन में नहीं लगाया गया है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह, डीआईजी हरिकिशोर राय, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रकाश, नगर निगम आयुक्त सौरव सुमन यादव, सदर अनुमंडलाधिकारी श्वेता भारती (भाप्रसे) प्रिया रानी (भाप्रसे) सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड परिसर में प्याऊ की व्यवस्था नहीं, लोग परेशान

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में नित्य दिन हजारों की संख्या में महिला पुरुष आते रहते हैं। परन्तु इस उमश भरी गर्मी में लोगों के लिए निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था नहीं रहने से लोगों में आक्रोश है ग्रामीण छोटेलाल महतों, पिंटू साह,मंजय पटेल,लालु यादव, नंदकिशोर कुशवाहा आदि ने जिला पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लौरिया प्रखंड परिसर में निशुल्क प्याऊ लगाने की मांग किया है। वहीं पिंटू साह ने कहा कि प्रखंड प्रसाशन के पास अपने अपने आफिस में एसी लगाने के लिए पैसा है परन्तु नित्य दिन ग्रामीण क्षेत्रों से प्रखंड कार्यालय आने वाले हजारों महिला पुरुषों के लिए निःशुल्क प्याऊ लगाने के लिए पैसा नहीं है। वहीं बींस सूत्री के अध्यक्ष दिपक दत्त तिवारी ने कहा कि मैं माननीय कोयला एवं खान मंत्री सतीश चन्द्र दूबे से लौरिया प्रखंड व अंचल कार्यालय में निशुल्क प्याऊ लगाने का मांग किया हूं उन्होंने ने आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द यहां पर निःशुल्क प्याऊ का व्यवस्था किया जाएगा।

### जेपीयू के कुलपति ने की विशेष परिचर्चा में शिरकत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने मंगलवार को पटना स्थित दूरदर्शन स्टूडियो में आयोजित एक विशेष टेलीविजन परिचर्चा में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। यह कार्यक्रम "कदम विकसित भारत की ओर" श्रृंखला के अंतर्गत डीडी बिहार द्वारा आयोजित किया गया। परिचर्चा का विषय "सबके लिए शिक्षा और केंद्र की स्कॉलरशिप योजनाओं का प्रभाव" था, जिसमें प्रो. बाजपेई ने शिक्षा के क्षेत्र में समानता, पहुंच और छात्रवृत्तियों की प्रभावशीलता पर विस्तार से विचार साझा किए। बताया गया है कि इस विशेष परिचर्चा का प्रसारण 22 जुलाई 2025 को डीडी बिहार चैनल पर किया जाएगा। कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग 15 जुलाई को दूरदर्शन पटना स्टूडियो में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि डीडी बिहार द्वारा देश के शैक्षणिक नेतृत्व से जुड़ी ऐसी चचाओं का आयोजन समाज को जागरूक करने एवं नीति संवाद को जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया जाता है।

### लाखों की चोरी एफआइआर दर्ज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के गोखुला गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। चोरों ने बन्द पड़े घर से लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर लिया है। मामले में गोखुला गांव निवासी अनिल कुमार ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए अवेदवन में उसने बताया है कि उसका गोखुला और नरकटियागंज में घर है। वह गांव के घर आता जाता रहता है। 10 जुलाई को उसकी दाई ने फोन किया कि घर मे चोरी हो गई है। सूचना पर जब वह घर पहुँचा तो कमरे का ताला टूटा था।चोरों ने घर मे रखे लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषणों समेत बर्तन आदि की चोरी हुई है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्जकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### लौरिया मे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोलम्बर के पास प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर दिलीप जयसवाल स्वयं गाडी से उतरकर एक एक कार्यकर्ता का अभीवादन किये। कार्यकर्ताओ का नेतृत्व केन्द्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने किया। मौके पर लौरिया विधायक विनय बिहारी भाजपा नेत्री रेणु देवी विजय पाण्डेय कौशल किशोर पाण्डेय पवन वर्मा प्रदीप मिश्रा दीपु तिवारी भाष्कर मिश्रा जितेन्द्र तिवारी विनोद राम रमेश सिंह सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लौरिया एमओ को बेस्ट सुपरवाईजर का एवार्ड

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमओ राकेश रंजन को मतदाता पुनरीक्षण कार्य मे बेहतर कार्य करने के कारण बेस्ट सुपरवाइजर का एवार्ड मिला है। अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय मे उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हे सिसवनीया पंचायत के नौ बुथों का सुपरवाइजर बनाया गया था। इन बुथों मे उन्होंने सहायक बीएलओ ओसे 82% प्रपत्र ऑनलाइन कराया है। इसके लिए उन्हे लौरिया बीडीओ संजीव कुमार आपुर्ती कार्यालय कर्मी रजनीश कुमार डीलर जितेंद्र कुमार सुबाष सिंह नन्दलाल राम कृष्णा प्रसाद आदि ने शुभकामनायें दी है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत एक डाटा एंट्री ऑपरेटर पर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.25 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया गया है। मामला प्रकाश में आने के बाद स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पीड़ित पानापुर थाना क्षेत्र के बकवा गांव निवासी राकेश कुमार यादव, पिता राज किशोर प्रसाद यादव ने मशरक थाने में लिखित आवेदन देकर डाटा एंट्री ऑपरेटर सूरज मिश्रा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। राकेश यादव ने अपने आवेदन में बताया है कि वे पेशे से ग्रामीण चिकित्सक हैं और इलाज के सिलसिले में मशरक सीएचसी पहुंचे थे, जहां उनकी मुलाकात सूरज मिश्रा से हुई। इसी दौरान आरोपी ने उन्हें बताया कि स्वास्थ्य विभाग की मवेशी गाड़ी पर ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) पद पर नौकरी लगवा सकता है। झांसे में आकर राकेश ने 27 जुलाई 2024 को सूरज मिश्रा को 1 लाख रुपये नकद और 25 हजार रुपये ऑनलाइन पेफोन के माध्यम से भुगतान कर दिया।

# पूरे विश्व में सम्मान दिलाने का काम किया प्रधानमंत्री ने





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय पंचायती राज सह मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री राजीव कुमार सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि आजादी के बाद नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हुए हैं, जिनके नेतृत्व में देश को पूरे विश्व में मान सम्मान मिल रहा है। आज उन्हें अन्य देखों में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जा रहा है। जहां तक देश की अर्थ व्यवस्था का सवाल है, तो 11 वर्षो में 10 वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री जी इसे दो साल में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने की बात कही है, उसे पूरा करके रहेगे। बिहार में डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने किसानों को लाभ देने के साथ-गरीबों को मुफ्त अनाज देने का काम किया है। आपरेश सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति पूरी दुनिया ने देखी है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे सूबे में न्याय के साथ विकस हुआ है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण आदि के क्षेत्र में विकास पूरे देश के लिए मॉडल साबित हुआ है। मंत्री श्री सिंह मंगलवार को नगर के निजी सभागार में पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजीन की सरकार है। दोनों ही सरकार 18 जुलाई को मोतिहारी में आ रही है। इसमें ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि सूबे में एनडीए के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो 10 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी उसे पूरा किया। आज 12 युवाओं को नौकरी दी गई है और 35 लाख को रोजगार मिला है। अमला पांच वर्ष बिहार राज्य उद्योग एवं निवेश का समय होगा। यह युवाओं को रोजगार दिलाने को लेकर मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि मोतिहारी में प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. दिलीप जायवास ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं। तब से बिहार में वे 53 बार आ चुके हैं। इस कार्यक्रम उनका यह छठ्ठा कार्यक्रम होगा। इस आयोजन में वे 60 हजार करोड़ की सौगात देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। संचालन जिला भाजपा अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को रालोपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, मंत्री जीवेश मिश्र, सांसद सुनील कुमार, मंत्री रेणु देवी, विधायक नारायण प्रसाद, विनय बिहारी, उमाकांत सिंह, प्रमोद सिन्हा, रश्मी वर्मा, श्याम बिहारी प्रसाद, दिलीप वर्मा, महाचंद्र प्रसाद सिंह, लाल बाबू गुप्ता आदि संबोधित किया। मौके पर चंदन सिंह, डा एनएन शाही, संजय पांडेय, रेणु देवी, शिवरानी देवी, सिमा माधोगढ़िया, शैलेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर अनुमंडल पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड अंतर्गत सेमरी डुमरी गांव के विनय साह, केश्वर राउत, मदन साह, प्रदीप, दिलीप, राजकुमार पासवान, नथुनी हजरा, उमेश शर्मा, सुकदेव राउत, चंद्र मोहन महतो, विमल कुमार, पुरुषोत्तम पटवारी, अनिल उपाध्याय, सुदामा हजरा, नंदकिशोर ठाकुर, भीम खवास, सावित्री देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, माधुरी देवी, अनु देवी, प्रेमशिला देवी, सरोज देवी, मनोज गुरो, खेदू महतो, चंदा हजरा, भूपेंद्र पटवारी, जितेंद्र गुरो समेत सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय पहुचकर सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग द्वारा सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिससे गांव में वर्षो से चले आ रहे सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होगी। ग्रामीणों ने बताया कि स्व. शैली शैलेन्द्र खवास ने अपनी मां और पत्नी के नाम पर खाता संख्या 47, खेसरा 171 में अंचल से दो पर्चा निर्गत करवा लिए है। जबकि इस परिवार के पास गांव में पहले से ही पांच जगहों पर घर और सात से आठ एकड़ खेतिहर भूमि है। स्व. खवास के पुत्र मनीष कुमार ने अपनी मां और दादी के पर्चे वाली जमीन की पैमाइश भी करवाई।ग्रामीणों का आरोप है कि मनीष कुमार, भास्कर कुमार, हेमंत कुमार, भुवनेश्वर खवास खाली जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और गोली मारने की धमकी दे रहे। ग्रामीणों ने एसडीएम से इस मामले में तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि गौनाहा प्रखंड के सेमरी का एक मामला अनुमंडल न्यायालय में चल रहा है।

## 21 लाख मतदाताओं के प्रपत्र हुए अपलोड

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक जिले में लगभग 21 लाख से अधिक फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं, जो कुल लक्षित संख्या का लगभग 80 प्रतिशत है। उन्होंने इसे संतोषजनक प्रगति बताया है और कहा कि शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत व्यक्तियों या डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने, और नाम, पता या अन्य विवरणों में सुधार करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर फार्म भरवा रहे हैं और उसे ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में मतदाता ऑलाइन भी अपने गणना प्रपत्र को आवश्यक कागजातों के साथ ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं।

## जन सुराज में टिकट के लिए मची होड़, गुटबाजी से बिगड़ रहा माहौल : ओमप्रकाश सिंह



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी के एकमा प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष व आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह ने पार्टी में बढ़ रही गुटबाजी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि जन सुराज एक वैचारिक संगठन है, जिसकी बुनियाद सही सोच, सही लोग और सामूहिक प्रयास पर टिकी हुई थी, लेकिन बीते कुछ समय से इसकी मूल भावना कमजोर होती दिख रही है। श्री सिंह ने कहा कि सारण जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जन सुराज के संभावित प्रत्याशी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन यह मेहनत जीत के लिए कम और आपसी वर्चस्व की लड़ाई के रूप में अधिक दिखाई दे रही है। एक विधानसभा क्षेत्र में पांच से सात लोगों द्वारा टिकट के लिए आवेदन देना स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन जबसे ₹25,000 का आवेदन शुल्क जमा करने वाले संभावित प्रत्याशियों की सूची बनी है, तभी से पार्टी में गुटबाजी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आज पार्टी के ही लोग अपने समकक्ष साथियों पर बयानबाजी कर रहे हैं। हर कोई खुद को जन सुराज का प्रत्याशी बताने में जुटा है। इससे पार्टी की एकता और मूल उद्देश्य को ठेस पहुंच रही है। एकमा में एक विशेष वार्ता के दौरान जन सुराज पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने सभी संभावित प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे त्याग की भावना दिखाएं और एकजुट होकर पार्टी के विजन और नैरेटिव को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि टिकट के लिए आवेदन करने वाले एकमा व मांझी सहितअलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में लगभग पांच लोगों में से किसी एक को ही टिकट मिलेगा, इसलिए सभी को मंच से यह ऐलान करना चाहिए कि हम सब पार्टी के निर्णय का सम्मान करेंगे और मिलकर जनता के सुंदर राज की स्थापना करेंगे। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर सभी संभावित प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों, बैनर व गाजे-बाजे के साथ शक्ति प्रदर्शन करें और यह दिखाएं कि एकमा से सबसे मजबूत दावेदार कौन हैं? भेंट वार्ता के अंत में ओमप्रकाश सिंह ने जन सुराज नेतृत्व से भी अपील की कि वे संगठन की मौलिक भावना को बनाए रखते हुए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी व सामूहिकता आधारित बनाएं।

## स्वर्णकार समाज के शैक्षणिक विकास हेतु स्वर्णिम विहान की बैठक



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वर्णकार समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से स्वर्णिम विहान (एक निःशुल्क शैक्षणिक प्रकोष्ठ) की एक आवश्यक बैठक छपरा शहर के कटहरी बाग स्थित कृष्ण कुमार वैष्णवी के आवासीय परिसर नूतन निकेतन, कौशल्या कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार, छात्र-शिक्षक समागम, पेरेंटिंग सेशन, इंटरव्यू बोर्ड की व्यवस्था तथा समाज के प्रेरणास्त्रोत पूर्वजों की जयंती मनाने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।बैठक की अध्यक्षता आनंद कुमार साह ने की, जिन्हें प्रकोष्ठ का मुख्य संरक्षक सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संचालन प्रमुख संयोजक सह महासचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने किया, जिन्होंने प्रकोष्ठ की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। सरस्वती से प्रस्ताव पारित कर घोषित दायित्वों के अनुसार प्रो (डॉ.) अमरनाथ प्रसाद को मुख्य शैक्षणिक संरक्षक व प्रो अभय कुमार सिन्हा को उप मुख्य शैक्षणिक संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। जयप्रकाश गुप्ता को उप प्रमुख संयोजक सह संयुक्त सचिव, शंभू कुमार को उपाध्यक्ष, जगमोहन प्रसाद को वित्त सचिव और एक्ट्रेस वैष्णवी को प्रवक्ता सह इवेंट एंकर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त विनोद राज को शैक्षणिक परिषद का मुख्य संयोजक, डॉ. विश्वजीत कुमार को उप संयोजक, तथा श्रीमती ज्योति कुमारी व आकृति रचना को महिला एवं बाल विकास प्रकोष्ठ की संयोजक बनाया गया है। विशाल कुमार को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। वहीं प्रकोष्ठ के सह संरक्षक के रूप में कृष्णा कुमार वैष्णवी, सुभाष प्रसाद, डॉ. रामबाबू प्रसाद एवं सीए अमित कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक की शुरूआत गुरु वंदना एवं गायत्री मंत्र से हुई तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के शिक्षकों, सरार्फा व्यवसायियों एवं कारीगर समुदाय की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अंत में सभा के अध्यक्ष आनंद कुमार साह ने सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रमुख संयोजक कृष्ण मोहन प्रसाद ने बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## चोरी की मोबाइल से रुपया ट्रांसफर करना पड़ा महंगा, तीन धाराएं

### शिक्षक का मोबाइल गुम, जांच में पुलिस को मिली कामयाबी

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक का मोबाईल फोन घर जाने के क्रम में जेब से गिरकर हो गया गुम तो शिक्षक ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर मोबाईल का पता लगाने का गुहार लगाया। उक्त मोबाईल सरकारी मोबाईल होने से पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई शुरू किया गया। जिस पर टेक्निकल सेल से सर्विस लौंस पर डाला गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाईल फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अलग अलग तीन व्यक्तियों को करीब एक लाख रुपए ट्रांसफर किया गया है। जिससे पुलिस द्वारा कांड संख्या 298/25. दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया तो अनुसंधान के क्रम में पे फोन पर रुपया लेने वाले तीन लोगों का नाम आया और पुलिस द्वारा त्वरित छापामारी कर गिरफ्तार किया गया जिन्हें आज न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पु नि सह थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि वादी बबलू पासवान पिता हीरामन पासवान ग्राम जीरीया थाना लौरिया (शिक्षक) का सरकारी मोबाईल विद्यालय से घर वापस आने के क्रम में रस्ते में गिरकर गुम हो गया था जिसकी सनहा दर्ज कर वैज्ञानिक पद्धति से जांच किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाईल से रुपए का ट्रांजेक्शन तीन अलग अलग स्थानों पर किया गया है। सत्यापन हेतु तीनों को थाना लाकर पूछा ताछ किया गया तो तीनों की संलिप्तता सामने आई।

## सिपाही भर्ती परीक्षा: डीएम-एसपी की दो टूक, कदाचार बर्दाश्त नहीं, 10:30 के बाद केंद्र में एंट्री नहीं

### तीन सप्ताह तक चलेगी परीक्षा, छह तिथियों को दोपहर 12 से 2 बजे तक एकल पाली में होगी परीक्षा

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो







**सिवान।** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर सिवान प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। जिलाधिकारी डॉ. आदित्य कुमार और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने सोमवार को डॉ. अंबेडकर भवन संवाद कक्ष में परीक्षा से जुड़े दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से निर्देशित किया। डीएम ने साफ कहा कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर कदाचार या लापरवाही पाए जाने पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा छह तिथियों (16, 20, 23, 27, 30 जुलाई और 3 अगस्त) को दोपहर 12 से 2 बजे तक एकल पाली में आयोजित की जाएगी।

**एकपरीक्षा केंद्र के बाहर भी प्रशासन की पैनी नजर**

हर केंद्र पर सशस्त्र बलों की तैनाती रहेगी। 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू। मोबाइल, घड़ी, ईयरबड, ब्लूटूथ डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित। जैमर और बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य। महिला अभ्यर्थियों के लिए महिला कर्मियों की तैनाती।

प्रत्येक केंद्र पर महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए महिला वीक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रवेश से पहले बॉडी फ्रिस्किंग (मशीन व मैनुअल) अनिवार्य होगा।

**10:30 के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रातः 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

हर परीक्षार्थी को रोल नंबर के अनुसार निर्धारित सीट पर ही बैठना होगा।

बायोमेट्रिक और फोटोग्राफी भी अनिवार्य

परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन और फोटोग्राफी हर केंद्र पर की जाएगी ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके।

कर्मचारियों पर भी निगरानी, मोबाइल प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र पर किसी भी कर्मी को मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस रखने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के दौरान सभी गतिविधियां निगरानी में रहेंगी।

**डीएम की अपील: समय पर पहुंचे परीक्षार्थी**

डीएम ने अभ्यर्थियों से समय से केंद्र पर पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि जिले में परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मीडिया से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि अफवाहें ना फैलें और परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो।

**जरूरी तिथियाँ और टाइमलाइन**

| परीक्षा तिथि | दिन | समय |
|---|---|---|
| 16 जुलाई | बुधवार | 12:00 - 2:00 |
| 20 जुलाई | रविवार | 12:00 - 2:00 |
| 23 जुलाई | बुधवार | 12:00 - 2:00 |
| 27 जुलाई | रविवार | 12:00 - 2:00 |
| 30 जुलाई | बुधवार | 12:00 - 2:00 |
| 03 अगस्त | रविवार | 12:00 - 2:00 |

## मतदान पुनरीक्षण अभियान को लेकर निकाली साइकिल रैली

**इसुआपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सहवां में मंगलवार को मतदान पुनरीक्षण अभियान को पूर्ण रूप से सफल करने के लिए दर्जनों कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई. जो आम जनमानस से मिलकर मतदाता अभियान के तहत जन जागरूकता फैलाया गया.वही डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर मतदान पुणनिरीक्षण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं युवा साथी साईकिल रैली में शामिल हुए. मौके पर जिला पार्षद छविनाथ सिंह, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन, नूर हसन अंसारी, धीरेंद्र राम, नेयाज अंसारी, रविंद्र साह, गैस आलम, नीरज साह, निजामुद्दीन, मुहर्रम अंसारी, संजय सोनी, रविन्द्र माझी के साथ अन्य थे।

## घर-घर जाकर 2.86 लाख पशुओं को लगेगा टीका

### लंपी वायरस से बचाव के लिए जिला प्रशासन सतर्क, सुबह 8 से शाम 4 बजे तक चलेगा अभियान

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो



**सिवान।** गोजातीय पशुओं में फैलने वाले लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) से बचाव को लेकर सिवान जिला प्रशासन ने आज से बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एएससीएडी योजना के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में घर-घर जाकर योग्य पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

2 लाख 86 हजार पशुओं का होगा टीकाकरण

जिला पशुपालन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत 2,86,500 गोजातीय पशुओं को लक्षित किया गया है। सभी टीकाकरण प्रशिक्षित निजी टीकाकर्मियों द्वारा सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा।

**क्या है लंपी स्किन डिजीज?**

एलएसडी एक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से गोजातीय पशुओं को प्रभावित करती है। इसके लक्षणों में: दो से तीन दिन तक हल्का बुखार, चमड़ी पर गांठ (चकता), मुंह, गले और श्वसन नली में घाव, पैरों में सूजन, दूध उत्पादन में कमी, गर्भपात और नपुंसकता शामिल हैं। यह बीमारी पशुपालकों को आर्थिक रूप से भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

हर प्रखंड में नोडल पदाधिकारी नियुक्त

प्रशासन ने इस अभियान को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए हर प्रखंड में एक नोडल पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य पशु चिकित्सकों की भी तैनाती की है। ये अधिकारी अभियान की निगरानी करेंगे और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हस्तक्षेप करेंगे।

**जनसंपर्क विभाग ने की अपील**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने सभी गोजातीय पशुओं को टीकाकरण के लिए उपलब्ध कराएं। यह बीमारी जानलेवा तो नहीं है, लेकिन इसके प्रभाव से पशु कमजोर हो जाते हैं और दुग्ध उत्पादन पर असर पड़ता है।

पशुपालकों को क्या करना चाहिए? अपने पशुओं को टीकाकरण के समय घर पर रखें। टीकाकर्मी को आवश्यक जानकारी दें।

टीकाकरण के बाद कुछ दिनों तक पशु पर ध्यान दें। किसी भी असामान्य लक्षण पर तत्काल स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

## कालाजार उन्मूलन अभियानः 21 जुलाई से 60 दिनों तक होगा सिंथेटिक छिड़काव

### 158 पंचायतों के 248 गांव और 9 शहरी वार्ड शामिल, फील्ड वर्कर व ग्रामीण चिकित्सकों को मिलेगा प्रशिक्षण

के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो





**छपरा (सारण)।** सारण जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर प्रयास कर रहा है। जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह के अनुसार 21 जुलाई से 60 दिनों तक जिले में सघन छिड़काव अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 158 पंचायतों के 248 गांवों और शहरी क्षेत्र के 9 वार्डों में सिंथेटिक पैराथायराइड नामक कीटनाशक का छिड़काव किया जाएगा।

**प्रशिक्षण व तैयारियों के निर्देशः**

डॉ. सिंह ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों और वीबीडीएस को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि छिड़काव शुरू होने से पहले फील्ड वर्करों व ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही छिड़काव से संबंधित सभी उपकरणों की मरम्मत कर उन्हें तैयार रखने का भी आदेश दिया गया है।

**एहतियात जरूरीः**

डॉ. सिंह ने बताया कि यह छिड़काव आईआरएस कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा, जो वर्ष में दो बार किया जाता है। कालाजार मच्छर बालू, गंदगी और मिट्टी वाली दीवारों पर पनपते हैं, इसलिए घर की भीतर की दीवारों पर छह फीट तक छिड़काव अनिवार्य है।

**छिड़काव से पहले यह सावधानी जरूरीः**

खाने-पीने की वस्तुएं, बर्तन, कपड़े आदि हटा लें, दीवारों के छेद बंद कर लें, छिड़काव के बाद दो घंटे तक कमरे में न जाएं, अगले तीन महीने तक दीवारों पर लिपाई-पोताई या रंगरोगन न करें।

**8.64 लाख जनसंख्या, 1.65 लाख घरों में पहुंचेगा अभियानः**

वीडीसीओ सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में 8 लाख 64 हजार 906 जनसंख्या वाले क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार 456 घरों को कवर किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों और छिड़काव कर्मियों के प्रशिक्षण का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है।

जानिए क्या है कालाजार; कालाजार एक जानलेवा बीमारी है, जो मादा सैंड फ्लाइ के काटने से होती है।

**कालाजार के लक्षणः**

लगातार बुखार, तिल्ली और जिगर का बढ़ना, खून की कमी, वजन का घटना, त्वचा का रंग काला पड़ना आदि शामिल हैं। इसका इलाज संभव है, बशर्ते समय पर सही उपचार हो। सदर अस्पताल, छपरा में कालाजार के इलाज की व्यवस्था मौजूद है।

# देसी राइफल के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में सोमवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को देसी राइफल के साथ गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष मनेश कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाजितपुर गांव निवासी जीतू के घर में अवैध हथियार रखा गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया और उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के क्रम में घर में रखे एक बक्से से एक देसी राइफल बरामद की गई। पुलिस द्वारा जब युवक से उक्त हथियार से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है कि यह हथियार कहां से लाया गया था और इसका इस्तेमाल किन उद्देश्यों के लिए किया जाना था।




## मारपीट के फरार आरोपित को बंदेया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** बंदेया थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव में की गई, जहां से नामजद आरोपी बैंजु बिंद को दबोचा गया। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 59/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर में उल्लेख है कि आपसी रंजिश को लेकर झिकटिया निवासी बैंजु बिंद ने न सिर्फ मारपीट की घटना को अंजाम दिया, बल्कि एक कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। काफी समय से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार किया।

## टेहटा बाजार में दुकान में चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के मेला रोड स्थित पानी टंकी के सामने एक होटल में सोमवार की देर रात चोरी करते रंगे हाथ एक चोर को दुकानदारों ने धर दबोचा। इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की चोर की पहचान टेहटा रसायन मोहल्ला निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। जो पानी टंकी के सामने निमकी के होटल में चोरी करने के उद्देश्य से घुसा था और चोरी करते समय अगल-बगल के दुकानदारों का नींद खुल गया। जिसमें दुकानदारों ने उसे धर दबोचा और पुलिस को सूचना दिया गया जिसके बाद टेहटा थाना की पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है।

# लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में गौवंशीय पशुओं को लंपी (त्वचा संबंधित) बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु एक विशेष निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, डॉ0 प्रीति द्वारा श्रीकृष्ण गौशाला, गौरक्षणी, जहानाबाद परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा की गई। इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला के अध्यक्ष, सचिव प्रकाश पोद्दार, कोषाध्यक्ष भोला, समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार, जिला नोडल पदाधिकारी (टीकाकरण) डा. रानी कुमारी, विभिन्न प्रखंडों के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारीगण - डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अंजनी कुमार सहित अनेक पशु चिकित्सा कर्मी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार द्वारा उपस्थित जनसमूह को लंपी स्किन डिजीज के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह एक विषाणुजनित रोग है, जो कैप्रीपॉक्स वायरस के संक्रमण से फैलता है। यह रोग मच्छर, मक्खी, टिक्स आदि के माध्यम से फैलता है। फिलहाल जहानाबाद जिले में किसी पुष्ट मामले की सूचना नहीं है। प्रभावित पशुओं एवं उनके संपर्क में आए व्यक्तियों की आवाजाही पर नियंत्रण। रिंग वैक्सीनेशन- संक्रमण क्षेत्र से 5 किलोमीटर के दायरे में टीकाकरण। इसके लिए 73300 गौवंशीय पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जैव सुरक्षा उपायों के तहत पशुओं को साफ-सुथरे वातावरण में रखना, संक्रमित पशुओं को अलग करना तथा गोशालाओं एवं आसपास की जगहों पर कीटनाशकों का छिड़काव करना अत्यंत आवश्यक है। पशुपालकों को बताया गया कि जिले के सभी पशु चिकित्सा केन्द्रों पर दवाइयां उपलब्ध है। किसी पशुपालक के पशु में इस रोग जैसे लक्षण दिखें तो नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से तुरंत संपर्क करें।यह टीकाकरण अभियान 15 जुलाई 2025 से 29 जुलाई 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा। इस दौरान निजी टीकाकर्मियों द्वारा संबंधित पशु चिकित्सकों की देखरेख में घर-घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाल भारती पब्लिक स्कूल ने शनिवार को अपना सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। एनटीपीसी नबीनगर के परिसर में स्थित यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, आई. डी. शुक्ला, अपर महाप्रबंधक (टीएमडी एंड ऑफसाइट) तथा अन्य सम्मानित अतिथि नितिन कटियार, उप-महाप्रबंधक (एम टी पी), विकास मील, उप-महाप्रबंधक (सी एन्ड आई) सहित एनटीपीसी के अन्य अधिकारियों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने अपने गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए अपनी



हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती वंदना तथा शंखनाद से हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय ने शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को प्रमाण- पत्र तथा पदक देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्या सारिका कुटे ने विद्यालय के विकास और सफलता में योगदान के लिए चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी, एनटीपीसी प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और भविष्य में और अधिक सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

# आरटीपीएस काउंटर पर जानबूझकर रोके जा रहे हैं फॉर्म, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सरकारी सेवा में पारदर्शिता और समयबद्ध सुविधा प्रदान करने के लिए बनाए गए आरटीपीएस केंद्र में अनियमितता का गंभीर मामला सामने आ रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी फॉर्म को जानबूझकर आरटीपीएस काउंटर पर लंबित रखा जा रहा है, जबकि यह फॉर्म स्वचालित रूप से अप्रूवल डेस्क तक पहुंच जाता है। लेकिन, कर्मचारी फॉर्म को 10 दिनों तक रोक कर रखते हैं, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशानी झेलनी पड़ती है। इस देरी का एकमात्र उद्देश्य नागरिकों को मजबूर करना है कि वे कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से मिलें और जल्दी काम करवाने के लिए घूस दें। कई मामलों में देखा गया है कि फॉर्म की अंतिम निर्गम तिथि बीत जाने के बाद ही उसे अप्रूव किया जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह व्यवहार जनता के साथ जानबूझकर किया गया अन्याय है। शासन जहां सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर आरटीपीएस कर्मचारी लोगों को मानसिक और आर्थिक शोषण के चक्रव्यूह में फंसा रहे हैं। इस मामले पर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को अविलंब जांच कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आम लोगों को समय पर और बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के उनका हक मिल सके।

# 1000 एमटी क्षमता वाले नये गोदाम निर्माण का प्रस्ताव पारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के बलिगांव स्थित खड़वां पैक्स गोदाम परिसर में विभागीय निर्देश के आलोक में आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में बीसीओ अरुण कुमार की उपस्थिति रही, जबकि अध्यक्षता एवं संचालन पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने वर्ष भर के कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव आमसभा के समक्ष रखे। इनमें 1000 मीट्रिक टन (एमटी) क्षमता वाले नये गोदाम के निर्माण, खाद लाइसेंस प्राप्त करने, धान अधिप्राप्ति में सुधार, राज्य फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री कृषि हरित संयंत्र योजना के तहत सुविधाएं उपलब्ध कराने, कॉमन सर्विस सेंटर खोलने, जन औषधि केंद्र के लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू करने और कार्यालय उपयोग के लिए 200 एमटी व 100



एमटी आकार के दो अतिरिक्त गोदामों के निर्माण के प्रस्ताव शामिल थे। उपस्थित सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को ध्वनि मत से पारित कर दिया।
अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि खाता संख्या 76, प्लॉट संख्या 1127 में स्थित 2.86 एकड़ गैरमजरूआ आम भूमि पर गोदाम निर्माण प्रस्तावित है। अंचलाधिकारी द्वारा 28 डिसमिल भूमि पर गोदाम निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया गया है, जिसे आमसभा की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस भूमि पर पंचायत स्तर पर आयोजित आमसभा में गोदाम निर्माण का प्रस्ताव पारित हो चुका है।
सभा में प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, तुलेश्वर यादव, माला देवी, दौलती देवी, रामाशीष पासवान, अशोक सिंह, महेश सिंह, कृष्णा सिंह, राम सवारथ सिंह, यमुना यादव, नंदलाल पासवान, नरेश सिंह, हरि सिंह, रविन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा ने प्रदेश में चयनित तीन नेताओं का किया जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को रफीगंज नगर स्थित महादेव घाट परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष व प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने की, जबकि संचालन एलआईसी अभिकर्ता संजय शर्मा ने किया। इस सम्मान समारोह में जिले के तीन प्रमुख कार्यकर्ताओं को प्रदेश नेतृत्व में स्थान मिलने पर उन्हें भव्य रूप से सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा और विनोद शर्मा को सूर्य मंदिर प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, माला और गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही तीनों मंडलों की ओर से भी उन्हें सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश नेताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जो हर स्तर पर उन्हें सम्मान देती है। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प की चर्चा करते हुए बताया कि संगठन द्वारा देशभर में 198 स्थानों पर प्रवास किए



जाते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव व 2027 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पार्टी अभी से सक्रिय है और सभी कार्यकर्ताओं को सजग और संगठित रहने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा पुनरीक्षण अभियान को लेकर मीडिया में दिए गए अमर्यादित बयान उनकी हताशा का परिचायक हैं। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सभी उख्र्ग को पूरा सहयोग दें, ताकि हर योग्य मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। मंडल अध्यक्षों ने प्रदेश पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि जिले के नेताओं को प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिलना सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुखिया संजय कुमार, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संतोष पाठक, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, श्याम शर्मा, उमेश शर्मा, गुड्डू गुप्ता, ग्रामीण मंडल महामंत्री शिवनारायण साव, बिमलेश पासवान, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, रंजीत शर्मा, अरुण पाल, सरोज कुमार प्रजापति, धीरज खत्री, उपेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपने जोड़े से प्रेम की अदभुत मिसाल सारंग पक्षी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 1961 में रिलीज हुई हिंदी फिल्म सारंगा का टाईटल गाना 'सारंगा तेरी याद में नयन हुए बेचैन। मधुर तुम्हारे मिलन बिना दिन कटते नहीं रैन।' गायक मुकेश जी के आवाज में गाये इस गाने में सारंग पक्षी का जिक्र को लोग भले कोई भाव नहीं दिये हों लेकिन फिल्म सुपर हिट रही थी। सारंग प्रेम और वियोग की कहानी है।

वास्तव में सारंग पक्षी अपने जोड़े से प्रेम और बिछुड़ने के वियोग में अपने आप को मिटा देने वाला पहला जीव है। छोटे से आकार के पक्षी जो चटकीले और धब्बेदार रंग से अत्यंत ही मनमोहक लगती है। अक्सर अपने जोड़े के साथ ही प्रवास करती है। नर पक्षी को सारंग तो मादा को सारंगा कहते हैं। इस पक्षी के इतिहास कुछ अधिक लोगों को



नहीं मालुम लेकिन राजस्थान और गुजरात के जंगलों में इनकी प्रजाति देखी जा सकती है। ठुमक-ठुमक कर एक दूसरे के साथ प्रेम का आलिंगन करने का इनका तरीका बड़ा ही अदभुत होता है। लेकिन नर या मादा में किसी की मृत्यु हो जाये तो उसके पार्थिव शरीर से चिपककर जोड़ा अपना प्राण कुछ ही पल में त्याग देता है। मादा पक्षी अंडों को देने के बाद बच्चे निकलने तक ही उनके साथ रहते हैं बाद में मादा बच्चों के लीये खाना का प्रबंध करती है और नर बच्चों की रखवाली करते हैं । कहा जाता है कि पुरु वंश की राजधानी खांडवप्रस्थ को बसाने के लीये भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन ने जब वहां के जंगल को जलाने के लीये आग लगा दी तो उसमें मन्दपाल नाम के ऋषि जो सारंग की योनि में जन्म लिया और जरिता नामक सारंगा से सहवास किया तथा उससे चार अंडे दिये जो उसी जंगल के आग में फंस गये। जरिता नामक सारंगा अपने बच्चों के जान के फिक्र में जब जोर-जोर से रोने लगी तो बच्चों ने अपनी मां को समझाया और अग्नि देवता की स्तुति की जिससे बच्चों की जान बच गयी और ऋषि सारंग जो दूसरे सारंगा के प्यार में मंत्रमुग्ध थे उन्हें अपने भूल का अहसास हुआ और वो वापस अपने परिवार के साथ प्रेम से जीवन व्यतीत करने लग गये।

# महापरिवर्तन आंदोलन सौंपेगा पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन, बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** महापरिवर्तन आंदोलन की एक अहम बैठक सोमवार को संगठन के उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान संगठन के संस्थापक व आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा बिहार को एक आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रस्तुत पांच सूत्रीय कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। तय किया गया कि आज (16 जुलाई) सभी प्रखंडों में बीडीओ, सीओ, बीइओ और थानाध्यक्षों को एक दिवसीय अभियान के तहत स्मारक पत्र सौंपा जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी जिलास्तरीय बैठक में सभी प्रखंडों के शिष्टमंडल और जिला संरक्षक मंडल के गठन की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष लवलेश कुमार यादव, सह सचिव इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, प्रवक्ता रामजन्म सिंह, प्रखंड शिष्टमंडल प्रमुख डॉ. अयोध्या कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, राजकिशोर पांडेय, अबरार हसन, पवन कुमार यादव और इंद्रमणि सिंह उर्फ लव सिंह ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# उच्च विद्यालय कारा में संजू कुमारी बनीं नई सचिव

ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कारा में मंगलवार को शिक्षा समिति के सचिव पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव को लेकर दिनभर विद्यालय परिसर में गहमा-गहमी का माहौल रहा। अध्यक्ष आलिद हुसैन एवं प्रधानाध्यापक मोहम्मद नजीबुल्लाह की अध्यक्षता में संपन्न इस चुनाव में सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार–जहांआरा और संजू कुमारी–ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। चुनाव में कुल आठ सदस्यों में से छह सदस्य उपस्थित रहे। मतदान में दोनों प्रत्याशियों को बराबर-बराबर तीन-तीन मत प्राप्त हुए। मतों की बराबरी के कारण चुनाव का निर्णय लॉटरी के माध्यम से किया गया, जिसमें संजू कुमारी विजयी घोषित की गईं और उन्हें सचिव पद के लिए निर्वाचित किया गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद नजीबुल्लाह ने सचिव के रूप में संजू कुमारी के चयन की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन में सकारात्मक सुधार की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सचिव पद की नई जिम्मेदारी के साथ विद्यालय के विकास कार्यों में तेजी आएगी।

# महिलाएं पहुंची अंचल कार्यालय, जमीन कब्जा के खिलाफ जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के प्रयागविगहा गांव की दर्जनों महिलाएं सोमवार को अंचल कार्यालय पहुंचीं और जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। महिलाओं ने अपने-अपने वासगीत पर्चे और जमीन से संबंधित दस्तावेज अंचलाधिकारी को दिखाते हुए बताया कि गांव के एक भूस्वामी द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन महिलाओं के समर्थन में भाकपा माले भी खुलकर सामने आ गई। पार्टी के प्रखंड सचिव दिनेश राम ने आरोप लगाया कि प्रयागविगहा गांव की जिन भूमिहीन गरीब महिलाओं को सरकार ने वास के लिए जमीन दी है, उसे गांव के भूस्वामी मुन्ना शर्मा जबरन हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अन्याय अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो भाकपा माले इसके



खिलाफ आंदोलन करेगी। महिलाओं ने बताया कि लक्ष्मिनिया देवी, सुरजमनी देवी, तारा देवी, तेतरी देवी, कुलवंती देवी, लालो देवी, संजू देवी, उषा देवी, बुची देवी, दिलवसिया देवी, प्रमिला देवी और नीलम कुमारी ने दो माह पूर्व अंचलाधिकारी को आवेदन देकर पूरे कागजात सौंपे थे, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला पदाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगी। माले नेता दिनेश राम ने कहा कि गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ पार्टी सड़कों पर उतरेगी और लाल झंडा गाड़कर संघर्ष तेज करेगी।

## हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी जगजीवन पासवान उर्फ पचु को चनहट गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बीते मार्च माह में चनहट गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के साथ हसपुरा थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची थी। मौके पर जब पुलिस जानकारी लेने का प्रयास कर रही थी, तभी कुछ उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिसमें एक महिला कांस्टेबल घायल हो गई थी। इस मामले में चनहट गांव निवासी जगजीवन पासवान उर्फ पचु को नामजद अभियुक्त बनाया गया था और तभी से वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस टीम ने चनहट गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# देवकुंड में नक्सली पोस्टर मिलने से सनसनी, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के देवकुंड थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुर बंधवा गांव के समीप पतंजलि योग केंद्र एवं गोवर्धन पर्वत पर नक्सली पोस्टर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए देवकुंड थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 34/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा बरामद किए गए पोस्टरों में आरोप लगाया गया है कि रामानुज शर्मा, दुष्यंत शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, मुन्ना शर्मा, मंटू शर्मा एवं राजेश शर्मा ने प्रयाग बिगहा के रहने वाले सुनील राजवंशी, उपेंद्र राजवंशी, रंधीर राजवंशी और जितेंद्र राजवंशी की जमीन पर कथित रूप से कब्जा कर उस पर चारदीवारी करवा दी है। पोस्टर में चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिनों के भीतर जमीन खाली नहीं की गई, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मामले की जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी मायाशंकर सिंह ने बताया कि यह कृत्य असामाजिक तत्वों का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की बारीकी से छानबीन कर रही है।

## आरोपित गिरफ्तार

**मदनपुर।** अपहरण मामले में फरार एक आरोपी को सलैया थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पिरथु गांव निवासी तपेश्वर साव के पुत्र रोहित कुमार उर्फ अंकित कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि अपहरण कांड में फरार एक अभियुक्त को आज गिरफ्तार किया गया है। यह बीते कुछ दिनों से फरार चल रहा था जबकि इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस इसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# केराप प्रा. कृषि साख सहयोग समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड के केराप पंचायत स्थित पैक्स कार्यालय परिसर में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) की वार्षिक आमसभा का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, अनिरुद्ध कुमार यादव, अजीत शर्मा, महेंद्र यादव, राजनंदन यादव, शिवनंदन यादव, राजकुमार यादव, उषा देवी, उमेश यादव व लोकनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पैक्स प्रबंधक अरविंद कुमार ने किया। सभा में आगंतुक अतिथियों व किसानों का स्वागत बसंत यादव ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया। अपने संबोधन में डॉ. संजय यादव ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, ऐसे में किसानों को जागरूक और संगठित होना जरूरी है। उन्होंने पैक्स से जुड़े सभी सदस्यों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकतम



किसानों तक पहुंच सके।
पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव ने किसानों से उनकी समस्याओं पर सुझाव मांगे और कहा कि पैक्स द्वारा दी जा रही सुविधाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पैक्स की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी किसानों को दी। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार व विकास कुमार ने पैक्स के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने धान अधिप्राप्ति, मुख्यमंत्री संयंत्र योजना समेत कई व्यवसायिक गतिविधियों की जानकारी दी और कहा कि पैक्स एक व्यवसायिक संस्था है, जिसका लाभ तभी संभव है जब सभी सदस्य ईमानदारी से सहयोग करें। कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजनंदन यादव ने सहकारिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए किसानों से अपील की कि वे संगठन को मजबूत करें। बजरंगी यादव ने गीत के माध्यम से किसानों की स्थिति को भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उमेश यादव, अवध किशोर सिंह, महेंद्र यादव, दिलकेश्वर यादव, करमू यादव, सुदर्शन प्रसाद, अर्जुन यादव, देव मोहन यादव, विष्णुदेव यादव, सरयू यादव, रामदेव यादव, प्रमोद शर्मा, विजय यादव, बवन कुमार, वीरेंद्र यादव, देबूलाल यादव, सुरेंद्र यादव, रमन कुमार, धर्मेंद्र कुमार यादव, सौरभ कुमार, रामदयाल यादव, बेचन यादव, बखौरी यादव सहित दर्जनों किसानों ने भाग लिया।

# औरंगाबाद के गांधी मैदान से अति पिछड़ा समाज भरेगा हुंकार : धर्मेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आज औरंगाबाद के शकुंतला रिसोर्ट में अतिपिछड़ा समाज की एक बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 23 अगस्त 2025 को औरंगाबाद के गांधी मैदान में अतिपिछड़ा अधिकार महारैली करने का निर्णय लिया गया। इसमें 50000 लोगों के भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया जिसमें नबीनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और कुटुम्बा के प्रमुख धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी को अध्यक्ष और विनोद ठाकुर को सचिव बनाया गया। दिनेश पाल को उप सचिव,



गया प्रजापति, शारदा शर्मा, रंजीत चंद्रवंशी, सुरेंद्र चौरसिया, किशुन प्रजापति, राजदेव पाल को उपाध्यक्ष, बिनोद ठाकुर को कोषाध्यक्ष एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

प्रमुख धर्मेंद्र चन्द्रवंशी ने बताया कि यह महारैली ऐतिहासिक होगा और इस बार अतिपिछड़ा समाज अपना राजनीतिक हिस्सेदारी लेकर रहेगा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में अति पिछड़ा के राजनैतिक भागीदारी पर चर्चा किये। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस बार औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा सीट में से कम से कम एक सीट पर टिकट देने वाला दल को ही अतिपिछड़ा समाज साथ देगा। हम सभी अति पिछड़ा समाज इस बार एकजुट हैं और राजनैतिक रूप से इग्नोर करना किसी दल को भारी पड़ेगा। जो पार्टी टिकट देगा हम लोग वोट उसी को करेंगे।

इस मौके पर राजरूप पाल, सुरेंद्र प्रसाद, चंदन ठाकुर, अजित पाल, धर्मेंद्र सिंह, प्रवेश प्रजापति, अरविंद ठाकुर, राकेश कुमार, धीरेन्द्र चंद्रवंशी, शंकर ठाकुर, हिमांशु कुमार, मंजय शर्मा, शिवम कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# पीएम पोषण योजना में वेंडर बने शिक्षकों को बीईओ ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के विभिन्न विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन में कई शिक्षक अपने रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर बन गए हैं। ऐसे में लगातार मिल रहे हैं शिकायतों को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने एक बार फिर से पत्र जारी करते हुए वैसे सभी शिक्षक को जो भेंडर बने हैं उन्हें चेतावनी देते हुए कहा है कि मध्यान भोजन योजना कार्यालय पत्रांक 984 दिनांक 23.3.2025 तथा अपर सचिव तथा निदेशक मध्यान भोजन योजना के निर्देश के आलोक में आप सबों के एक बार फिर से अंतरिम रूप से बताया जा रहा है कि जो भी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक अपने शैक्षिक कार्य के अलावा अपने निकटतम या दूर के रिश्तेदार के नाम पर मध्यान भोजन योजना में भेंडर के रूप में कार्य कर रहे हैं वह सिर्फ अपने पठन-पाठन कार्य तक रहे, इसके लिए प्रधानाध्यापक भी जिम्मेवार होंगे और ऐसी शिकायतें आने पर उनके खिलाफ विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जा सकता है। बहरहाल मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कई ऐसे अभी भी शिक्षक हैं जो अपने रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर बने बैठे हैं और मध्यान भोजन योजना के तहत स्कूलों में जीएसटी के नाम पर 20% का शोषण कर रहे हैं और इस शोषण के वजह से न केवल उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक शोषित हो रहे हैं बल्कि उच्चतम क्वालिटी का समान स्कूलों तक नहीं पहुंच रहा है। कमीशन के चक्कर में मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर कई सवाल भी उठने लगे हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने साफ तौर पर वैसे सभी शिक्षकों को कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## एक नजर

### हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपने भाई के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने के मामले में मसौढ़ी पुलिस ने भोजपुर के सरैया बाजार से आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल कुमार पिता खुशी लाल सोनी सरैया बाजार, कृष्णगढ़ भोजपुर है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मसूरी थाना कांड संख्या 406/ 23 के तहत बिते 5 साल पहले प्रेम विवाह में पति-पत्नी में अनबन चल रही थी, ऐसे में अपने पति को जहानाबाद से पितवांस के पास बुलाया और भाई के साथ मिलकर उसे हत्या कर दी थी, इसी मामले में फरार चल रहे आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### चार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वारंटियों की चल रही धर पकड़ अभियान के तहत मसौढ़ी पुलिस और केवडा पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न मामलों में फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें विनय मांझी पिता अमृत मांझी जबकि दूसरा अशोक कुमार पिता सिद्धेश्वर राम रेवा से गिरफ्तार किया है। जबकि केवड़ा पुलिस ने केवड़ा गांव से दो वांछित अपराधियों गिरफ्तार किया गया, जिसमें अरविंद यादव पिता पेरू यादव, कमलेश यादव पिता सहेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट मामले में चार पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में एक महिला के साथ मारपीट गाली गलौज और छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया हैं, जहां पर पीड़ित महिला ने मसौढ़ी थाने में पहुंचकर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें उमेश चौधरी, रमेश चौधरी, बबलू एवं कैलाश चौधरी है। दरअसल पीड़ित महिला ने बताया कि रात में तकरीबन 10:00 बजे घर में बगल के मकान से चढकर मेरे घर में घुसकर पहले गाली गलौज किया, मारपीट किया गया। किसी तरह से हो हल्ला कर जान बचाए हैं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### चोर की लोगों ने की पिटाई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मणीचक मोहल्ले में घर में घुसकर बैट्री चोरी कर भाग रहे चोर को देखकर हो हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों ने बैट्री चोर को बैट्री सहित पकड़ लिया और जमकर धुनाई करते हुए डायल 112 के टीम पुलिस को बुलाकर उसके हवाले कर दिया, आरोपी चोरी का नाम राकेश कुमार पिता सहेंद्र प्रसाद सतीस्थान बताया जाता है। पीडित रामईश्वर यादव पिता सेवत गोप मणीचक के लिखित बयान पर बैटरी चोरी का मामला थाने में दर्ज कर पुलिस जांच मे जुटी है।

### राजद जन सेवा कार्यालय का उद्घाटन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को आरपीएस मोड स्थित ओजान प्लाजा के प्रथमतल्ले पर राजद जन संवा कार्यालय का मनेर विधायक भाई वीरेंद्र ने उदघाटन किया. उन्होने कहा कि राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक दीनानाथ प्रसाद यादव द्वारा राजद जन सेवा कार्यालय खोला गया है. उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है जनसेवा करना है. उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव का घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने का दीनानाथ यादव ने संकल्प लेकर अभियान चलायेंगे. उन्होंने चुनाव आयोग पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं का नाम काटने का काम कर रही है. दीनानाथ प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार अजारकता की दौडे से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने जनकल्याणकारियों योजनाओं लेकर आये है. योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद श्रीवास्तव, प्रधान महासचिव अफरोज आलम,पटना नगर अध्यक्ष महताब आलम, अधिवक्ता व राजद नेता नवाब आलम ,जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, आकाश यादव आदि थे।

# पैक्सों में हुई वार्षिक आमसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के सभी पैक्सों में मंगलवार को आम सभा का आयोजन किया गया। जहां आम सभा में पैक्स के सभी सदस्यों ने भाग लिया । आम सभा में सदस्यों को पैक्स द्वारा एक साल में किये गये कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही, अगले वित्तीय साल के संभावित कार्यों के बारे में भी आम सभा में रखी गई। मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन के सभी पैक्स में मंगलवार को वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, जहां मसौढ़ी में देवरिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, नूरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, दौलतपुर पंचायत के रिंटू कुमार सिंह, तिनेरी पंचायत के कृष्ण मुरारी शर्मा,भैसवां पंचायत के लाल बिहारी प्रसाद, लखनौर बिदौली के देवेंद्र सिंह एवन धनरूआ प्रखंड में छाती पंचायत के राजकुमार, नदवां पंचायत के राकेश कुमार चुन्नू,गोविंदपुर बौरही राजनंदन कुमार आदि सभी पैक्स अध्यक्षों ने आम सभा किया आमसभा में पूरे वर्ष के कार्यकलापों की समीक्षा, अंकेक्षण प्रतिवेदन का विश्लेषण, त्रुटियों का समाधान, शुद्ध लाभ का बंटवारा और सदस्यों के अधिकार-कर्तव्यों की जानकारी शामिल है।साथ ही राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे अधिप्राप्ति योजना, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, पैक्स कंप्यूटरीकरण और मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना की जानकारी सदस्यों तक पहुंचाने और उन्हें लाभ दिलाने को लेकर भी प्रक्रिया पर विचार-विमर्श कि गई।

# बिहार में शिक्षा और कानून व्यवस्था चौपट, जदयू-भाजपा शासन में 'अंधेर नगरी चौपट राजा' वाली स्थिति

## कन्हैया कुमार बोले- बिहार में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम से हो रही, गोलीबारी की घटनाएं हुई आम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था को लेकर जदयू-भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिहार में 'अंधेर नगरी चौपट राजा' वाली स्थिति है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ प्रधानाचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम हो रही है, वहीं दूसरी ओर अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि आए दिन गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने बिहार में लॉटरी के माध्यम से कॉलेज प्रिंसिपलों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यवस्था का मजाक है। उन्होंने कहा कि जब महिला कॉलेजों में भी पुरुषों को प्रिंसिपल नियुक्त किया जा रहा है, तो यह साफ दर्शाता है कि सरकार मनमाने ढंग से काम कर रही है। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार के विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार और उगाही का अड्डा बन गए हैं। छात्रों से डिग्री के नाम पर पैसा वसूला जा रहा है। जहां पूरे देश में ग्रेजुएशन तीन साल में होता है, वहीं बिहार में पांच साल लग रहे हैं। चार कमरों वाले कॉलेजों में 30-40 हजार छात्र नामांकित हैं, जो दिखाता है कि पैसा देकर डिग्री ली जा रही है। कॉलेजों में न हॉस्टल हैं, न लाइब्रेरी, न ही प्रयोगशालाएं। नियमित कक्षाएं भी नहीं चलतीं। उन्होंने दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की छत गिर रही है, मरीजों को चूहे काट रहे हैं और भवन में पानी जमा रहता है। कांग्रेस नेता ने बिहार में लगातार हो रही गोलीबारी की घटनाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। उन्होंने कहा कि सुशासन के तमाम दावों के बावजूद बिहार में कोई ऐसा दिन नहीं बीतता जब गोलियां न चलें। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम कहते हैं कि संगठित अपराध खत्म हो गया है, जबकि असलियत यह है कि पूरा अपराधी गिरोह संगठित होकर खुद सरकार में बैठ गया है।

कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार में जो अपराध की स्थिति है, उससे पता चलता है कि राज्य में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है और डबल इंजन एक-दूसरे की उल्टी दिशा में चल रहे हैं। इस सरकार का पूरा फोकस बिहार के लोगों को लूटना है, जो कि बेहद चिंताजनक है।

# भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए पूर्व सांसद रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के संगतपर मोहल्ले में चल रहे भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा के बाद संध्याकालीन में चल रहे प्रसाद भंडारे वितरण के दौरान पूर्व सांसद रामकृपाल यादव कार्यक्रम में शामिल हुए जहां अपने हाथों से भंडारे का प्रसाद लोगों के बीच वितरण किया। उसके बाद उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध और आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है तो हम ऐसे में भगवान शिव और हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे कि बिहार को किसी की नजर लग गई



है लोगों में खौफ और दहशत का माहौल है। कब किसके साथ घटना घट जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है ऐसे में बिहार में प्रशासन को खुली चुनौती देने वाले उन अपराधियों के सामने प्रशासन घुटने टेक दे रही है। भगवान से प्रार्थना करेंगे की बिहार में शांति व्यवस्था रहे हैं। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मांझी, संजय केसरी समेत कई लोग उपस्थित रहे हैं।

# मसौढ़ी विधानसभा में 70 फीसदी से अधिक मतदाताओं का हुआ सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा में चल रहे मतदाता सत्यापन में अब तक 70% से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कर लिया गया है। दरअसल मसौढ़ी विधानसभा में 394 मतदान केंद्र पर 3,65000 मतदाता है जहां पर अब तक है 2,54383 मतदाताओं का गणना पर पपत्र अपलोडिंग कर दिया गया है। जबकि कुल संग्रहित गणना पत्र एवं दस्तावेजों की संख्या 2,75,840 है वही कुल वितरण गणना पपत्र मे शत प्रतिशत कर लिया गया है। ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 70% से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कर लिया गया है। हालांकि इस बीच कई जगहों पर बीएलओ के द्वारा गणना प्रपत्र फार्म भरने में लापरवाही भी देखी जा रही है। कई जगहों पर मतदाता के दिए गए फार्म के अपलोडिंग के दौरान नाम पता एपिक नंबर के अलावा जो फॉर्म में घोषणा पत्र के कॉलम होते हैं उसमें कहीं भी मार्क नहीं किया गया है। कि मतदाताओं ने उस फॉर्म के साथ क्या कुछ दस्तावेज लगाए हैं। ऐसे में यह कमियां दिख रही है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी बीएलओ को सख्त हिदायत दी गई है की गणना पर पपत्र फार्म भरने में सावधानी रखें जो भी निर्वाचन आयोग द्वारा जो नियम के अनुसार जो फॉर्म में मांगे जा रहे हैं उसे पूर्ण रूप से फुलफिल करेंगे। पूरे मसौढी विधानसभा में 394 मतदान केंद्रो के लिए 394 बीएलओ बनाए गए हैं और इन सबों को देखरेख करने के लिए 40 सुपरवाइजर बनाए गए हैं जिसमें पांच सहायक निबंध निर्वाचन पदाधिकारी हैं जो सभी मतदाता सत्यापन कार्य प्रणाली को मॉनिटरिंग कर रहे हैं युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है 26 जुलाई तक या पूरा कार्य कर लेना है।

# अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर

**दानापुर।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर मंगलवार को नप प्रशासन ने रामजीचक नहर से बाटा फैक्ट्री तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग रामजीचक नहर से बाटा फँक्ट्री तक रोड में टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया। घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ रामजीचक नहर से बाटा फैक्ट्री तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं०– CWMPD-01-2025-26**
**दिनांक 10.07.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिध के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा बंद होने की तिथि– 01.08.2025**

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** प्लान्ट डिपो, डीडीयू द्वारा कच्चे/निर्मित सामग्रियों जैसे पुल गर्डर, स्लैब, ग्ल्यूड ज्वाइन्ट इत्यादि का परिवहन का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 4,51,07,062.26, **3. जमानत राशि:** रू० 3,75,500.00, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 01.08.2025, 12:00 बजे। **5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in**

**मुख्य कारखाना प्रबंधक/बी० डब्ल्यू०**
**प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/585/डी०डी०यू०/एमईसीएच./टी/25–26/32**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक** 14.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–87–25–26, कार्य का नाम:** (i) वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन सीमेंट कंक्रीटिंग और सहायक कार्यों के साथ बिभूति भूषण हाल्ट (प्लेटफॉर्म–1 और 2), संहति (प्लेटफॉर्म–2) और मध्यमपुर (प्लेटफॉर्म–1) (कुल = 04 अदद) पर प्लेटफार्म को ऊँचा करना। (ii) वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन सीमेंट कंक्रीटिंग और सहायक कार्यों के साथ दत्तपुकुर (प्लेटफॉर्म–2 और 3), बीजेडआरए (प्लेटफॉर्म–2) और अशोक नगर रोड (प्लेटफॉर्म–2) (कुल = 04 अदद) पर प्लेटफार्म को ऊँचा करना। (iii) सियालदह मंडल (फेज–II) के तहत सभी रोड ओवर ब्रिजों पर ट्रैक्शन गार्ड/सेफ्टी स्क्रीन और एंटी क्रैश बैरियर प्रदान करना। **निविदा मूल्य :** रु. 4,09,16,561.16, **बयाना राशि:** रु. 3,54,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 08.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-122/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# पुनपुन में 26 लाख की विदेशी शराब जब्त

## जहानाबाद से पटना ले जाई जा रही थी शराब, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब तस्कर नए-नए तरीके से तस्करी के रास्ते तलाश रहे हैं। इसी कड़ी में पुनपुन पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 26 लाख रुपये की विदेशी शराब जब्त की है। तस्कर शराब की इस खेप को डाक पार्सल वैन में छुपाकर ले जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और 199 कार्टन विदेशी शराब बरामद की, जिसकी कुल मात्रा 1791 लीटर बताई जा रही है। पुनपुन थानाध्यक्ष



बेबी कुमारी ने बताया कि विशेष वाहन चेकिंग के दौरान कामेश्वर चौक के पास डाक पार्सल वैन को रोका गया। जांच में वैन से भारी मात्रा में इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की विदेशी शराब मिली। शराब की अनुमानित बाजार कीमत 26 लाख 80 हजार 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार यह शराब की खेप जहानाबाद से लोड की गई थी और पटना में डिलीवरी की जानी थी। डाक पार्सल वैन में शराब छुपाकर बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने वैन के चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में श्याम कुमार (पिता- लाल बहादुर सिंह), निवासी- इब्राहिमपुर, भगवानगंज और शैलेश कुमार (पिता- जगदीश सिंह), निवासी- खैनियाचक, भगवानगंज शामिल हैं।बताया जा रहा है कि शैलेश कुमार मसौढ़ी में वैन के साथ जुड़ा था। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप पटना में कहां और किनके लिए डिलीवर की जानी थी।

# गोलीकांड में एक आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना के संपतचक सोगी मोड़ के पास बीते दिनों गेराज संचालक आलोक कुमार पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता पाई है. मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने सोना गोपालपुर निवासी सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है. इस मामले में जख्मी आलोक कुमार अस्पताल में भर्ती है और उसकी स्थिति अभी स्थिर बताई जा रहा है उसकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सुजीत गोली चलाने वाले बदमाशों में शामिल था. उसने यह भी बताया है कि वारदात में इस्तेमाल हथियार उसके अन्य साथियों के पास हैं. उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह फायरिंग पुरानी रंजिश और लेनदेन के विवाद को लेकर की गई थी. आलोक कुमार और आरोपियों के बीच पहले से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था, जो हिंसा में बदल गया। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि आरोपी सुजीत कुमार बैटरी चोरी के एक पुराने मामले में फतुहा थाना से जेल जा चुका है. अब पुलिस उस केस की भी दोबारा जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस अन्य बदमाशों की पहचान करने और हथियार की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

# विधायक रेखा देवी ने किया 2.650 करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत मंगलवार को मसौढ़ी विधायक रेखा देवी ने नगर परिषद क्षेत्र में 2 करोड़ 65 लाख 25 हजार रुपये की लागत से चार विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में पीसीसी सड़क और नाले का निर्माण कराया जाएगा। विधायक ने बताया कि मसौढ़ी के विभिन्न मोहल्लों में जर्जर सड़कों और जलजमाव की समस्या को देखते हुए ये योजनाएँ शुरू की जा रही हैं। इसके तहत वार्ड नंबर 26 के



सरवां मोहल्ला में मितानी पासवान के घर से रामजीवन दास और चंद्रिका पासवान के घर होते हुए पइन तक नाले के साथ पीसीसी सड़क बनाई जाएगी, जिस पर 45 लाख 6 हजार 500 रुपये खर्च होंगे। इसी तरह वार्ड नंबर 5 के श्याम नगर मोहल्ला में मसौढ़ी उलार आरसीडी पथ से सिद्धनाथ, उमेश और लाला प्रसाद वाली गली सहित अन्य गलियों में नाले और पीसीसी सड़क का निर्माण होगा, जिसकी अनुमानित राशि 39 लाख 22 हजार रुपये है। स्टेट हाईवे-1 के मसौढ़ी पाली पथ से रामनगर मोहल्ला के अभय शर्मा, निरंजन शर्मा और लव के घर होते हुए मसौढ़ी पितवास पथ को जोड़ने वाले लिंक पथ में भी नाले और पीसीसी का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य के लिए 52 लाख 27 हजार 700 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं वार्ड नंबर 29 के श्रीनगर मोहल्ला में देवी स्थान से नन्दकिशोर मास्टर के घर होते हुए विमल कुमार अधिवक्ता के घर तक नाला और पीसीसी निर्माण का कार्य किया जाएगा। इस योजना की लागत 1 करोड़ 28 लाख 68 हजार 800 रुपये है। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उप मुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार, सशक्त स्थायी समिति के शंभू सिंह, पूर्व मुख्य पार्षद पंकज सिंह, पार्षद उर्वशी कुमारी, पूर्व मुखिया उपेंद्र यादव, ब्रजनंदन सहाय, संजय कुमार यादव, टनटन यादव, राधे यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि इन विकास कार्यों से मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में जलजमाव की समस्या दूर होगी और स्थानीय लोगों को बेहतर सड़क और नाले की सुविधा मिलेगी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और समय पर योजनाओं को पूरा कराया जाएगा।

# पंचदेव मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

**फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)।** तेज प्रताप नगर, ब्रिंदा वन कॉलोनी स्थित पंचदेव मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव सोमवार, 15 जुलाई को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर और पूरे मोहल्ले को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। मंदिर समिति के सदस्य मतेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत एक दिन पूर्व 14 जुलाई को 24 घंटे के अखंड कीर्तन के साथ की गई थी, जिसका समापन आज पूजा-अर्चना के बाद हुआ। सुबह भगवान को विधिवत मंगल स्नान कराया गया, उन्हें नए वस्त्र पहनाए गए और श्रृंगार किया गया। शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति से मतेन्द्र शर्मा, विजय कुमार, हरेराम कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय निवासी बलेंद्र शर्मा ने बताया कि यह मंदिर बहुत ही कम समय में श्रद्धा का केंद्र बन गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हर शनिवार को यहां नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ होता है।

ओलंपिक 2028

## क्रिकेट का शेड्यूल आया सामने, 6 टीमें लेंगी हिस्सा, टी-20 फॉर्मेट में होगा मैच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में अब क्रिकेट की वापसी तय हो गई है. इसका शेड्यूल भी सामने आ गया है. अमेरिका के लॉस एंजेलिस शहर में साल 2028 में होने वाले ओलंपिक मुकाबलों में क्रिकेट का मैच पोमोना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेला जाएगा. यह शहर लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित है. यह मुकाबले 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि मेडल मैच 20 और 29 जुलाई को खेले जाएंगे.पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में कुल 6-6 टीमें भाग लेंगी और कुल 180 खिलाड़ी ज्ञ20 प्रारूप में इस चार-वर्षीय महाकुंभ में हिस्सा लेंगे. क्रिकेट को इससे पहले केवल एक बार, 1900 में पेरिस ओलंपिक में शामिल किया गया था. आयोजकों द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 14 और 21 जुलाई को कोई मुकाबला नहीं होगा, जबकि अधिकतर दिनों में डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) खेले जाएंगे.1900 में हुए पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट केवल एक बार खेला गया था, जहां दो टीमें- ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिवसीय मैच खेला था. इस मैच में ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था. पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में कुल 90-90 खिलाड़ियों के कोटे दिए गए हैं, जिससे सभी 12 टीमें 15-15 सदस्यीय स्क्वाड घोषित कर सकेंगी.क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के तीन स्थानों ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क में 2024 टी20 वर्ल्ड कप के कई मुकाबले आयोजित किए गए, जिसे अमेरिका और वेस्टइंडीज ने संयुक्त रूप से होस्ट किया था.अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट के साथ-साथ बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्सेस) और स्क्वैश को 2028 खेलों में शामिल किए जाने वाले पांच नए खेलों के रूप में स्वीकृति दी है. लॉस एंजेलिस की मेयर कैरेन बास ने एक बयान में कहा, जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम ऐसा आयोजन करेंगे जो सभी के लिए हो और एक महान विरासत छोड़े.

## 114 वर्षीय एथलीट फौजा सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख

**जालंधर, एजेंसी।** जाने-माने मैराथन धावक फौजा सिंह की एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक घातक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह हादसा दोपहर में जालंधर के पास फौजा के गृहग्राम ब्यास पिंड में हुआ। वह 114 वर्ष के थे। उनकी मौत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रगट किया है। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई दोपहर करीब 3ः30 बजे सड़क पार करते समय सिंह को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाद में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्हें प्यार से टर्बन्ड टॉरनेडोकहा जाता था और उनका जन्म 1 अप्रैल, 1911 को जालंधर में हुआ था। फौजा ने 89 वर्ष की आयु में मैराथन दौड़ना शुरू करके वैश्विक ख्याति प्राप्त की। उन्होंने 100 वर्ष की आयु में 2011 टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन पूरी करके पूर्ण मैराथन पूरी करने वाले सबसे वृद्ध व्यक्ति होने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कई आयु-वर्ग के रिकॉर्ड तोड़े और 101 वर्ष की आयु तक प्रतिस्पर्धात्मक रूप से दौड़ते रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फौजा सिंह की मौत पर एक्स पर लिखा, फौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वह अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।

# अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

**अटलांटा, एजेंसी।** अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में ही आयोजित होने वाला है। दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे। यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है।

इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है। वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अमेरिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा।



अमेरिका 10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा। इक्वाडोर के खिलाफ यूएसए का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच हार और इतने ही ड्रॉ का रहा है।

टेक्सास में खेले गए मुकाबलों में भी अमेरिका का इक्वाडोर के खिलाफ रिकॉर्ड बराबरी (1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ) पर रहा है। यह मैच ह्यूस्टन, फोर्ट वर्थ और फ्रिस्को में खेले गए थे। चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को यूएसए की टीम कोलोराडो के कॉमर्स सिटी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। अमेरिकी टीम अब तक इतिहास में केवल तीन बार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ी है। दोनों टीमें 1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ के साथ बराबरी पर हैं। इन दोनों के बीच पिछला मुकाबला 5 जून 2010 को खेला गया था, जिसमें अमेरिका ने 3-1 से जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में एडसन बडल ने दो गोल किए थे, जबकि हरक्यूलिस गोमेज ने इंजरी टाइम में एक गोल दागकर जीत पक्की की थी। यह मैच रूडेपोर्ट, दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था। दोनों टीमों ने अमेरिकी धरती पर दो बार एक-दूसरे का सामना किया है। यह मुकाबले अमेरिका के सितंबर में होने वाले दोस्ताना मैचों के बाद खेले जाएंगे। दोस्ताना मैच दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ होंगे। इसी महीने की शुरुआत में अमेरिका को कोनकाकाफ गोल्ड कप के फाइनल में मेक्सिको के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान से हार से की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया। जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव पर बात करते हुए जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की, 'मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा। मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए- 22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं। सीरीज के उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथन ट्रॉट ने कहा, 'एक बार फिर, मैच का फैसला बेहद कम अंतर से हुआ- 22 रन से। हमने सिराज को सांत्वना देते देखा। हम यही देखना चाहते हैं। हमने पांच दिनों तक कड़ा मुकाबला देखा और फिर हर तरफ हाथ मिलाते हुए। किसी एक टीम को जीतना ही था, और इस बार इंग्लैंड था। अंतिम सत्र की तीव्रता के बारे में जोनाथन ट्रॉट ने कहा, 'यह बहुत तनावपूर्ण था- नाखून चबाने वाला। मुझे यकीन नहीं है कि मेरे पास कोई नाखून बचा है! खेल का अंत करने का यह निश्चित रूप से एक दुखद तरीका है, लेकिन किसी




को तो जीतना ही था। मुझे लगता है कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है-थोड़ा मसाला, मैदान पर थोड़ा रोमांच। जब तक टीमें मैदान के बाहर एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाती हैं और चौथे टेस्ट तक कोई तनाव नहीं रहता, हम ठीक हैं। वहां बहुत कड़ा मुकाबला खेला गया। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि कौन जीतता है।

रवींद्र जडेजा के प्रदर्शन और दृष्टिकोण पर कुंबले ने टिप्पणी की, 'उन्हें उन गेंदबाजों की पहचान करनी चाहिए थी जिन्हें वह निशाना बना सकते थे। जैसा कि मैंने कहा-क्रिस वोक्स, जो हवा में थोड़े धीमे हैं, और जो रूट या बशीर। हालांकि वे ऑफ-स्पिनर हैं, लेकिन ऐसा नहीं था कि गेंद सीधे घूम रही थी। जडेजा ने मुश्किल विकेटों पर मुश्किल गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ खेला है। आदर्श रूप से, अगर किसी को जोखिम उठाना ही था और आउट होना था, तो वह सिराज के बजाय जडेजा को होना चाहिए था।

कुंबले ने कहा, उन्होंने स्ट्राइक हासिल करने में अच्छा प्रदर्शन किया-खासकर बुमराह और सिराज के साथ। लेकिन बशीर को पूरा ओवर देना जोखिम भरा था। तभी वह उन पर हमला कर सकते थे। उन्होंने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। वह जल्दी आए-दिन के छठे ओवर में-और नाबाद रहे। 82/7 के स्कोर के बाद सिर्फ बुमराह और सिराज के साथ स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है। बाकी बल्लेबाज निराश होंगे-उनके पास मौके थे। साथ ही, वे अतिरिक्त रन-पहली पारी में 32 और दोनों पारियों में लगभग 65-चर्चा का एक बड़ा मुद्दा होंगे। जडेजा की पारी पर जोनाथन ट्रॉट ने कहा, 'पीछे मुड़कर देखना एक खूबसूरत चीज है। मुझे लगता है कि जडेजा ने अविश्वसनीय रूप से अच्छा खेला। मुझे उनका जरूरत से ज्यादा विश्लेषण करने का कोई मतलब नहीं दिखता। उन्होंने खुद को और टीम को बेहतरीन तरीके से संभाला। उन्होंने संघर्ष किया, अच्छी तरह से बायीं ओर गेंद डाली, और थोड़ी किस्मत का भी साथ मिला। गेंद घूम रही थी, और हां, बशीर पर आक्रमण करने का प्रलोभन था। लेकिन अगर वह जोर लगाकर आउट हो जाते, तो हम कह रहे होते कि उन्होंने अपना विकेट फेंक दिया। मुझे लगता है कि उन्होंने बेहतरीन खेला। दूसरे बल्लेबाज शायद सोचेंगे और खुद से पूछेंगे-मैं जडेजा जैसा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पाया जिससे हमें मौका मिल सके?

श्रृंखला के व्यापक संदर्भ को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए कुंबले ने कहा, 'यह टेस्ट क्रिकेट का एक शानदार प्रदर्शन है। तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे हैं और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हां, स्कोरलाइन इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 की है, लेकिन अगर आप सत्रवार प्रदर्शन देखें, तो यह बराबरी का रहा है। भारत को अगले दो टेस्ट मैचों से पहले आत्मविश्वास से भरपूर होना चाहिए। वे पहले टेस्ट में मिली हार से पहले ही वापसी कर चुके हैं। यह मैच मामूली अंतरों पर निर्भर था-जैसे लंच से पहले पंत का रन आउट होना, अतिरिक्त रन, और शायद जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स को खुलकर रन बनाने देना। अगर भारत को श्रृंखला बराबर करनी है, तो उसे अगले मैच में इन महत्वपूर्ण क्षणों का फायदा उठाना होगा।

## वेस्टइंडीज के नाम टेस्ट इतिहास का दूसरा न्यूनतम स्कोर, ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती सीरीज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 176 रन से गंवा बैठी। जमैका में मेजबान टीम को जीत के लिए महज 204 रन का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज सिर्फ 27 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। यह टेस्ट इतिहास का दूसरा न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले, मार्च 1955 में न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 26 रन पर ढेर हो चुकी है। बात अगर वेस्टइंडीज की करें, तो इससे पहले यह टीम मार्च 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 47 रन पर सिमट चुकी है।

वेस्टइंडीज की इस पारी में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक चटकाई। उन्होंने 14वें ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर जस्टिन ग्रीव्?स, शमर जोसेफ और जोमेल वारिकन को अपना शिकार बनाया। इसी के साथ स्कॉट बोलैंड टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले 10वें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। वह पिंक बॉल टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज हैं। मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम महज 225 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में महज 143 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी में महज 121 रन ही जुटा सकी। वेस्टइंडीज की ओर से इस पारी में शमर जोसेफ ने चार विकेट अपने नाम किए, जबकि अल्जारी जोसेफ को पांच विकेट हाथ लगे। सिर्फ 204 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 27 रन ही बना सकी। इस पारी में जस्टिन ग्रीव्स दहाई का आंकड़ा छूने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया की और से इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7.3 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें महज 9 रन देकर सर्वाधिक छह विकेट चटकाए। वहीं, स्कॉट बोलैंड ने दो ओवरों में महज दो रन देकर तीन शिकार किए। शेष एक विकेट जोश हेजलवुड के हाथ लगा।

# लॉर्ड्स में गांगुली का शर्ट लहराने की यादों ने आर्चर को प्रेरित किया: स्टोक्स

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि भारत की 2002 में इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद सौरव गांगुली द्वारा लार्ड्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना ने जोफ्रा आर्चर को तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। गांगुली ने नेटवेस्ट ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए अपनी शर्ट उतार दी थी और यह आज तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे नाटकीय क्षणों में से एक है। आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को खतरनाक ऋषभ पंत को बोल्ड किया और इसके बाद वाशिंगटन सुंदर का अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लिया। भारत इस मैच में 22 रन से हार गया था। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, 'मैंने आज सुबह उससे कहा, तुम्हें पता है कि आज क्या है।

पता है ना। उसने मुझसे कहा, तुम्हें पता है कि उस दिन भारत ने 300 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की थी और गांगुली ने शर्ट लहराई थी। उसे लग रहा था कि वह विश्व कप फाइनल था और इस घटना को आज छह साल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में अपनी जीत उसी दिन दर्ज की जिस दिन उसने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल






में स्कोर बराबर रहने के बाद बाउंड्री काउंट-बैक के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी। हालांकि, जब स्टोक्स ने आर्चर को छह साल पहले के उस महत्वपूर्ण दिन के बारे में याद दिलाया, तो तेज गेंदबाज को 17 साल पहले हुए गांगुली वाले पल की याद आ गई। स्टोक्स ने कहा, 'मैं उस दिन की बात कर रहा था जब हमने विश्व कप जीता था लेकिन वह कह रहा था, ओह, वो वाला। वह वाकई कमाल का लड़का है। छोटे लक्ष्य के सामने ऋषभ पंत का विकेट वास्तव में महत्वपूर्ण था। मुझे पूरा विश्वास था कि जोफ्रा आज कुछ ऐसा करने वाला है जिससे मैच में अंतर पैदा हो जाए।

चोट के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स ने भारत पर दबाव बनाए रखने के लिए 9.2 ओवर और 10 ओवर का स्पैल पूरा किया। स्टोक्स ने कहा कि वह 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए फिट रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से फिट रहूंगा। उस मैच से पहले हमें विश्राम करने का पर्याप्त मौका मिलेगा।स्टोक्स से खेल के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हुई तीखी बहस और छींटाकशी के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस तरह की बड़ी सीरीज़ में हमेशा ऐसा कोई न कोई पल जरूर आता है जब दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से भिड़ेंगे।

# सायना नेहवाल के बाद अब पहलवान दिव्या काकरान का तलाक, लिखा-भावुक संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला पहलवान दिव्या काकरान ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए अपने तलाक की जानकारी दी। इससे पहले सायना नेहवाल और परुपल्ली कश्यप के अलग होने की खबरें सामने आ चुकी हैं। भारतीय खेल जगत में रिश्तों के टूटने की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। सायना नेहवाल और परुपल्ली कश्यप के बाद अब मशहूर महिला पहलवान दिव्या काकरान ने अपने तलाक की बात सार्वजनिक की हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश शेयर कर अपने मन की बात रखी। दिव्या काकरान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टा पर एक भावुक संदेश लिखी स्टोरी शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा- नमस्ते, जैसा कि आप जानते हैं, मैं दिव्या काकरान हूं। मैं आपसे कुछ निजी बातें साझा करना चाहती थी।

मैंने हाल ही में अपने पति सचिन प्रताप सिंह से तलाक लेने का फैसला किया है। यह मेरे जीवन के भावनात्मक रूप से सबसे कठिन अध्यायों में से एक रहा है। इसमें बहुत दर्द, आत्मचिंतन और खुद को छोड़ देने का अनुभव रहा है... लेकिन साथ ही स्पष्टता, विकास और शक्ति के ऐसे पल भी आए हैं जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं था।

यह ऐसी बात नहीं है जिसे मैं आसानी से साझा करूं, लेकिन मुझे लगा कि आपको यह बात बतानी चाहिए क्योंकि आपका समर्थन, दूर से ही सही, मेरे लिए बहुत मायने रखता



है। मैं धीरे-धीरे ठीक हो रही हूँ और इस नई शुरुआत को पूरे सम्मान और उम्मीद के साथ अपनाना सीख रही हूं। उन्होंने आगे लिखा कभी-कभी ज़िंदगी ऐसा मोड़ ले लेती है जिसकी हमने कभी उम्मीद नहीं की थी, और मैं इस बारे में सच बोलने में विश्वास रखती हूं। मैं अभी भी ठीक हो रही हूं, अभी भी अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही हूं, लेकिन मैं उन तरीकों से भी आगे बढ़ रही हूं जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

मैं आपके समर्थन और खासकर अपने माता-पिता और परिवार की आभारी हूँ जो मेरे जीवन के हर फैसले में हमेशा मेरा साथ देते हैं। बता दें कि दिव्या ने ये संदेश अंग्रेजी में लिखा है।

कुछ दिन पहले ही सायना नेहवाल और परुपल्ली कश्यप के अलगाव की खबरें सामने आई थीं, जिससे उनके फैंस को झटका लगा था। अब दिव्या काकरान की पोस्ट ने एक बार फिर खेलप्रेमियों को भावुक कर दिया है।

### व्यक्तिगत संघर्षों के बीच चमकता रहा दिव्या करियर

दिव्या काकरान ने कई बार मंचों पर महिला खिलाड़ियों के संघर्ष की बात उठाई है। निजी जीवन में आ रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने एशियन गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। वहीं अब उनके तलाक की खबरों ने खेल जगत में सनसनी फैला दी है।

# पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी लोग करें सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत मंगलवार को औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सहायक निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक स्तर पर बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों का उद्देश्य मतदाता सूची का त्रुटिरहित अद्यतन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की पूर्व तैयारी तथा मतदाताओं के बीच व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा यह बताया गया कि आयोग द्वारा निर्धारित गणना प्रपत्रों के भराव, संकलन एवं डिजिटल अपलोडिंग की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है। राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें तथा उन्हें गणना प्रपत्र भरने हेतु प्रोत्साहित करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए। सभी प्रतिनिधियों को यह भी अवगत कराया गया कि मतदाता सूची से संबंधित सुधार कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं या अफवाहों पर ध्यान न दें। निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देश एवं सूचना ही प्रामाणिक माने जाएं। आम नागरिकों से अपील की गई कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों जैसे कि जिला निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज अथवा संबंधित बीएलओ से ही जानकारी प्राप्त करें। साथ ही, राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने कार्यकर्ताओं को इस संबंध में प्रशिक्षित एवं संवेदनशील बनाएं ताकि वे किसी भी स्तर पर अफवाह न फैलाएं और प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बैठकों का मूल उद्देश्य सभी संबंधित पक्षों को सहभागी बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए एक समावेशी, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करना रहा।

# मां की डांट से नाराज लड़की ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना अंतर्गत एक गांव की लड़की ने मां की डांट से नाराज होकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह देर से उठने पर मां ने उसे डांट फटकार लगाई। इससे नाराज लड़की जीवा कुमारी (18) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बारून में पढ़ाई करती थी। पांच दिन पहले स्कूल से छुट्टी लेकर अपने घर गई थी। घर जाने के बाद वह किसी काम से सासाराम अपनी बुआ के घर चली गई। पता चला कि सासाराम में उसकी बुआ का प्रसव होना था। सोमवार की शाम वह अपनी बुआ के यहां से अपने घर लौटी थी। खाना खाने के बाद रात में पूरा परिवार सो गया। लड़की भी अपने कमरे में सोई हुई थी। जब मंगलवार की सुबह काफी देर तक नहीं उठी तो उसकी मां ने डांट फटकार लगा दी। इसी दौरान मां-बेटी दोनों के बीच बहसबाजी शुरू हो गई। मृतका के भाई ने बताया कि मां के डांट से नाराज बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना पर बारून थाना की पुलिस गांव पहुंची और मृतका के शव को फंदे से नीचे उतारा। परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के विराज बिगहा शिवाला के पास सोमवार शाम ऑटो व हाइवा की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें गंभीर रूप से घायल ऑटो सवार युवक की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के आमस थानांतर्गत बलखोरा गांव निवासी रंजीत राम (30) के रूप में हुई है। मंगलवार को मृतक रंजीत के परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने घर से पत्नी रूबी देवी के साथ हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ गांव ससुराल जाने के लिए निकला था। आमस से दोनों पति-पत्नी बस पकड़कर औरंगाबाद उतरे। ऑटो पर सवार होकर हरिहरगंज के लिए रवाना हो गए। हालांकि, उस ऑटो पर कई अन्य लोग भी सवार थे। जैसे ही ऑटो कुटुंबा थाना क्षेत्र के विराज बिगहा गांव स्थित शिवाला के पास पहुंचा तभी हरिहरगंज की तरफ से आ रही हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। हाइवा की टक्कर से ऑटो बेकाबू होकर पलट गई और उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया। घटना को लेकर कुटुंबा थाना की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# अनियंत्रित होकर सोन कैनाल में गिरा साइकिल सवार, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सोन कैनाल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना जम्होर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 30 वर्षीय मुसाफिर राम उर्फ टूटू के रूप में की गई हैं। हालांकि अब तक युवक का शव बरामद नहीं किया गया है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शव की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक युवक सोन कैनाल पर साइकिल से कहीं जा रहा था, इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा और हादसे का शिकार हो गया। हालांकि, इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन पानी के तेज़ बहाव ने उसकी जान ले ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। सूचना पर पहुंचे भाजपा नेता पुरूषोतम सिंह ने बताया कि मुसाफिर राम उर्फ टूटू के ऊपर पूरे परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी थी। वह घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था जिस पर पूरा परिवार आश्रित था। उसके छोटे-छोटे दो लड़के और दो लड़की है। वह बेहद ग़रीब था। वह मेहनत मजदूरी का कार्य करता था। उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा की मांग की है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई, पुलिस अपने स्तर से गोताखोरों की मदद से शव की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष राजकिशोर ने बताया कि नहर में डूबने से साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई है। सोन कैनाल में पानी का तेज बहाव होने से शव तलाश करने में काफ़ी परेशानी हो रही हैं। जल्द ही शव की तलाश कर ली जायेगी।

# हत्या मामले में पांच अभियुक्तों को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में मंगलवार को फ़ेसर थाना कांड संख्या-37/22 से जुड़े बहुचर्चित हत्या मामले में पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। एडीजे-10 अशोक कुमार गुप्ता की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए प्रत्येक अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर सभी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर लोक अभियोजक (एपीपी) बिन्देश्वरी प्रसाद तांती ने बताया कि मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्तों में गजेन्द्र यादव, महेंद्र यादव, मो. तोहिद, इश्तेखार अहमद और एनुल होदा (सभी निवासी मौलानगर, फ़ेसर) शामिल हैं। अदालत ने इन सभी को भादंवि की धारा 302/34 में उम्रकैद तथा धारा 323/34 में एक वर्ष की सजा और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उन्होंने बताया कि मामले की प्राथमिकी जमीला खातून, निवासी मौलानगर, फ़ेसर ने 27 मार्च 2022 को दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति इश्तेयाक अहमद अपने दोनों पुत्र फैजान रजा और आशिफ रजा के साथ खेत से लौट रहे थे। इसी दौरान महेंद्र यादव के घर के पास घात लगाए बैठे अभियुक्तों ने लाठी-डंडा और भाला से हमला कर तीनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का इलाज सदर अस्पताल, औरंगाबाद में कराया गया। हालत गंभीर होने पर इश्तेयाक अहमद को मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया था, जहां 28 मार्च 2022 को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद सभी अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दायर की थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों और सबूतों के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## हत्या के प्रयास के आरोपित को दस साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में मंगलवार को हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी को दस साल की सजा सुनाई गई। एडीजे-आठ मनीष कुमार जायसवाल की अदालत ने मदनपुर थाना कांड संख्या-187/18 से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी विकास दास (निवासी नीमा आजन, मदनपुर) को दोषी करार देते हुए यह सजा दी। अपर लोक अभियोजक (एपीपी) प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) में दोषी पाते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी नीमा आजन की श्यामली दास ने 9 अगस्त 2018 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार 8 अगस्त 2018 की रात उनके पिता बाबूराम दास सामुदायिक भवन में सो रहे थे। रात लगभग 10 बजे आरोपी विकास दास ने जान मारने की नीयत से उनके पिता की गर्दन पर वार किया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल बाबूराम दास की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद परिजनों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने 4 जुलाई 2025 को आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जेल भेज दिया था। सजा की बिंदु पर फैसला सुनाते हुए अदालत ने उसे दस साल का कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डेन बनी कुमारी करुणा

**ओबरा(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।**



ओबरा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भरुब में टाईप वन और टाईप चार अलग-अलग संचालित होते थे। एक में कक्षा छह से कक्षा आठ तक पढ़ने वाली छात्रा रहती है और दुसरे में कक्षा नौवीं से इंटर तक पढ़ने वाली छात्रा रहती है, अब राज्य सरकार ने दोनों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को मिलाकर टाईप तीन का निर्माण किया और इसके वार्डे न कुमारी करूणा को बनाया गया। पूर्व से टाईप वन की वार्डेन कुमारी करुणा थी, लेकिन विभागीय निर्देशानुसार पूर्व में वार्डन रही सुप्रिया सिन्हा ने कुमारी करुणा को पदभार सौंपी, कुमारी करूणा ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप तीन के वार्डे न का प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण के समय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह निर्वतमान संचालक कमलेश कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय भरुब के प्रधानाध्यापक सह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाईप तीन के संचालक नागेन्द्र सिंह, अंशकालिक शिक्षिका गीता कुमारी, आदेशपाल मुन्नी देवी, उर्मिला कुमारी सहित सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# संस्कार विद्या नॉलेज सिटी के प्रांगण में आयोजित किया गया वन महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** बरसात की धमक सब लोगों को प्रभावित कर जाती है। किसानों के चेहरे पर मुस्कान और गर्मी से लोगों को निजात दिलाती है। इसी संदर्भ में संस्कार विद्या नॉलेज सिटी के प्रांगण में 'वन महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार की उपस्थिति में विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज कुमार, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश और संस्कार विद्या के प्रिंसिपल केध मिश्रा, उपप्राचार्य संतोष पांडे और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन और 'एक वृक्ष संस्कार के नाम' लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि मैं जो यह वृक्ष लग रहा हूं इसका नाम 'एक वृक्ष संस्कार के नाम' है। यह वृक्ष जैसे-जैसे बड़ा होगा, यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं इसको देख अवलोकन करेंगे। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वृक्षों की कटाई के कारण जलवायु में काफी व्यापक परिवर्तन हुआ है। पूरा विश्व इसके कारण प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य एजेंडा में जलवायु परिवर्तन शामिल है। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि वन महोत्सव का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के दिलों-दिमाग में संदेश भरना है कि आप जिस परिवेश में रहते हो, अपने परिवार के हर एक सदस्य के नाम से एक वृक्ष जरुर लगाएं, उसका पालन- पोषण करें। विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज कुमार ने कहा कि वन महोत्सव काफी सकारात्मक पहल है। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि जब भी आपके घर में एक बेटी का जन्म हो उस बेटी के नाम से पांच वृक्ष लगाएं। वृक्ष बड़ा होकर बिटिया के पढ़ने-लिखने एवं शादी में मदद करेंगे। तकनीकी एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारा धर्म होनी चाहिए। पर्यावरण के सहारे ही हम शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करते हैं। अतः अपने आसपास अगल-बगल, अपने घर में पौधे लगाएं। वन महोत्सव के साथ-साथ वनभोज का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी अतिथि शामिल होकर रुचिकर भोजन का आनंद लिए। इससे पूरा उत्सवी माहौल बन गया और सब लोगों ने पूरे उत्साह के साथ संकल्प लिया कि हम अपने बदले एक वृक्ष जरुर लगाएंगे।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण जागरूकता गतिविधियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण, अद्यतन एवं समावेशीकरण हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कार्ययोजना संचालित की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा आगामी निर्वाचन पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हो। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार कोई मतदाता छूटे नहीं के संकल्प के साथ जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में गणना प्रपत्र भरवाने एवं मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु टेंपो, ई-रिक्शा, ऑटो आदि वाहनों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इन वाहनों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विशेषकर नवयुवकों, महिलाओं, प्रथम बार के मतदाताओं एवं वंचित तबकों को जानकारी दी जा रही है कि वे निर्धारित अवधि में निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने, सुधार कराने अथवा विलोपन हेतु आवेदन अवश्य करें। इसके अतिरिक्त सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को निर्देशित किया गया है कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें गणना प्रपत्र भरने में सहयोग प्रदान करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मारपीट मामले में प्राथमिकी

**दाउदनगर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सहकारीनगर पोस्ट बाबू अमौना निवासी धनंजय यादव का है। उन्होंने अपने गांव के नरसिंह यादव और नगेंद्र यादव पर मारपीट का प्राथमिकी दर्ज कराए हैं। उनका कहना है कि दोनों मिल कर धनंजय यादव को गाली दे रहे थे जब धनंजय यादव मना करने गए तो गड़ासा लेकर जान से मारने के विचार से हमला किए। इससे धनंजय यादव को चोट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उनको बचाने के लिए गुड़िया देवी और अर्लिमा देवी गई तो इन दोनों को लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिया। तब तक गांव के कुछ लोग पहुंचे और उन दोनों को मारपीट करने से रोका। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# ग्रामीणों ने सड़क पर रोपा धान

**दाउदनगर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** आजादी के 77 वर्ष बीत गए मगर आज तक दाउदनगर प्रखंड के कर्मा पंचायत के मायापुर और तरार पंचायत को जोड़ने वाली सड़क का हाल बदहाल है। ग्रामीणों का कहना हैं कि इस रोड को बनाने के लिए कई बार विधायक, सांसद और मुखिया को बोला गया मगर आज तक इस रोड का निर्माण नहीं किया गया। रोड न होने से मायापुर के लोग बाजार जाने के लिए जिनोरिया के रास्ते दाउदनगर आते हैं जिससे काफी दूरी तय करनी पड़ती हैं और समय भी लग जाता हैं। वर्षा के दिनों में मायापुर, चोरा बिगहा, धनावा, सेवही के लोगो को अगर तबियत खराब हो जाती हैं तो खटिया पर टांग कर तरार या दाउदनगर लाते हैं। इलाज में देर हो जाने के कारण तबियत और बिगड़ जाती है। मायापुर से तरार के बीच 5 किलोमीटर की दूरी है मगर आज तक इस सड़क को नहीं बनाया गया। ग्रामीणों का कहना हैं कि जब वोट का समय आता है तब विधायक या सांसद गांव में आते हैं और इस रोड को देखते हैं। अंत में मायापुर की जनता ने बीच सड़क पर धान की रोपनी कर दी। मायापुर निवासी राजेंद्र सिंह, सुबालाल सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, पिंटू कुमार, रवि पासवान, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, सुमंत कुमार, पिंटू यादव का कहना है कि हमलोग का यह लिंक रोड बन जाता तो बहुत अच्छा होता।

